CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 25°C

मुरादाबाद, सोमवार 1 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 17 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 8 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



घुमंतू जातियों के विकास को सरकार प्रतिबद्धः योगी

पेज 2



पाकिस्तान टीम जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए आएगी भारत

खेल टाइम्स



हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक मेला गुघाल

सम्पादकीय



गाजा पर ताबड़तोड़ इजरायली हमले, 57 की मौत

पेज़ 12

# वायुसेना को इसी माह मिलेंगे दो तेजस मार्क-1A

## सरकार एचएएल से 97 नए फाइटर जेट भी खरीदेगी, रक्षा सचिव आरके सिंह ने की फैसले की पुष्टि

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सरकार ने 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को दी थी मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव आरके सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) सितम्बर में भारतीय वायुसेना को दो तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान सौंप सकता है।

इन विमानों में वेपंस इंटीग्रेशन यानी हथियारों को जोड़ा भी गया है। इसके अलावा सिंह ने बताया कि सरकार एचएएल के साथ 97 और तेजस खरीदने का नया करार करने जा रही है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 67,000 करोड़ रुपये होगी। फिलहाल 38 तेजस वायुसेना में शामिल हैं। केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। दरअसल, फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया। हालांकि, अब उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। एलसीए मार्क 1ए, तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। एलसीए मार्क-1ए के 65फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। तेजस को भी एचएएल ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है। एचएएल के पास पहले ऑर्डर के लिए 2028 तक का समय एचएएल के पास 83 एयरक्राफ्ट्स की डिलीवरी करने के लिए 2028 तक का समय है। एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील ने कहा कि डिलीवरी में देरी के पीछे इंडस्ट्री को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था, लेकिन यह देरी तकनीकी खामी की वजह से हुई है। अब इसे दूर कर लिया गया है। 97 एयरक्राफ्ट्स के नए प्रोजेक्ट से भारतीय वायुसेना को अपने मिग-21 विमानों के बेड़े को बदलने में मदद मिलेगी। भारतीय वायुसेना में 62 साल तक सर्विस देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान 19 सितम्बर को रिटायर होगा।

# लखनऊः पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका, दो लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पांच लोग घायल दो की हालत गम्भीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र स्थित बेहटा इलाके में रविवार सुबह को पटाखा फैक्ट्री में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना भीषण था कि आसपास का इलाका दहल उठा और लोग घरों से निकलकर घटनास्थल की ओर भागे।

हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है जबकि 5 लोग घायल हैं। घायलों में 2 की हालत गम्भीर हैं, जिन्हें उपचार के लिए केजीएमयू भेजा गया है। मौके पर डीएम और पुलिस आयुक्त, एसडीआरएफ और फायर बिग्रेड मौजूद हैं। विस्फोट इतना भीषण था कि पटाखा की दीवारें उड़ गईं हैं। साथ ही फैक्ट्री के नजदीक का एक घर उड़ गया। बताया जा रहा है कि इसमें कई लोग दबकर घायल हो गए हैं। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। शुरुआती जांच में पुलिस ने इसे अवैध पटाखा फैक्ट्री में बारूद का विस्फोट बताया है। हालांकि, अभी सिलेंडर फटने की भी आशंका जताई जा रही है। पटाखा व्यवसाई आलम, उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में घायल 5 में से 3 लोगों को सिविल अस्पताल भेजा गया है। जबकि दो का इलाज केजीएमयू में चल रहा है। डीएम विशाख जी ने बताया कि 2 लोगों की मौत हुई है।

## 697 करोड़ से जुड़े घोटाले में अमित अग्रवाल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उन्होंने देश से 696.69 करोड़ रुपये की अवैध हेराफेरी से जुड़े धन शोधन के एक बड़े मामले में कथित प्रमुख संचालक अमित अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पीएमएलए अदालत के सामने पेश किया गया, जहां उसे सात दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रही जांच से जुड़ी है। ईडी की पीएमएलए जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई है। एफआईआर में किंजल फ्रेट फॉरवर्डिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और उसके सहयोगियों पर भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र समेत गंभीर अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

## वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर को 5 % के स्लैब में लाया जाए

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक से पहले वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर और इनसे संबंधित सेवाओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग की गई है। वाटर प्यूरिफायर और फिल्टर बनाने वाली कंपनियों, इनके डीलरों और कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के अलाभकारी संगठन वाटर क्वालिटी इंडिया एसोसिएशन ने इस संबंध में केंद्रीय राजस्व सचिव को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ पेय जल तक पहुंच एक मूलभूत आवश्यकता है।

## एजुकेट गर्ल्स बनी 2025 रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड पाने वाली पहली भारतीय संस्था

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को 2025 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं। एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है। यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं एवं युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्कृतिक धारणाओं को चुनौती देने, उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल, हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया है।

# बदली तस्वीर

# भारत संग चीन और रूस आए एक मंच पर

एससीओ के नेताओं का हुआ ग्रुप फोटो सेशन

तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से मिले पीएम मोदी

नई दिल्ली/ बीजिंग, वार्ता

**भारत और** अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन दौरे पर हैं। जापान की सफल यात्रा के बाद चीन के तियानजिन पहुंचे पीएम मोदी ने और राष्ट्रपति शी जिनपिंग बैठक पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं। पीएम मोदी सात साल के बाद चीन दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने चीनी राष्ट्राध्यक्ष जिनपिंग के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

इसके साथ ही पीएम मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन (31 अगस्त और एक सितम्बर) में भी हिस्सा लेंगे। चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के आधिकारिक स्वागत समारोह में राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य विश्व नेता ग्रुप फोटो सेशन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से मिलकर प्रसन्नता हुई। नेपाल के साथ भारत के संबंध गहरे और बहुत विशेष हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से बातचीत की। मालदीव के साथ भारत का विकासात्मक सहयोग हमारे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान मिस्र के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात की है। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर लिखा कि एससीओ शिखर सम्मेलन में मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली से मुलाकात की। कुछ साल पहले की अपनी मिस्र यात्रा को याद किया। भारत-मिस्र मित्रता प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है।



## टैरिफ वॉर के बीच मोदी बोले- एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से हुई तबाही पर दुख और पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 125वें एपिसोड में उन्होंने अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ को लेकर देशवासियों से वोकल फॉर लोकल की अपनी अपील दोहराई। उन्होंने टैरिफ का जिक्र किए बिना इशारों-इशारों में देशवासियों से इसके खिलाफ लड़ाई में आत्मनिर्भरता को हथियार बनाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देश-भर में गणेश उत्सव की धूम है। आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, रोशनी वही जो भारत में बनी झालरों से हो।

## मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ चीन का मांगा साथ

■ चीनी राष्ट्रपति को भारत आने का दिया न्योता

■ ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिएः जिनपिंग

**बीजिंग।** सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों के बीच 50 मिनट बातचीत हुई। इसमें मोदी ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक मुद्दा बताया और इसके खिलाफ लड़ाई में साथ देने की मांग की। मोदी ने ये भी कहा कि भारत और चीन के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा और यह पूरी मानवता के कल्याण का रास्ता खोलेगा। इसके साथ ही उन्होंने जिनपिंग को भारत में आयोजित ब्रिक्स 2026 में आने के लिए न्योता दिया। वहीं, मीटिंग में जिनपिंग ने कहा कि पीएम मोदी से मिलकर खुशी हुई। ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। मोदी शनिवार शाम 2 दिन के जापान दौरे के बाद चीन पहुंचे थे। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को कम करना भी है। मोदी तियानजिन शहर में होने वाले एससीओ की मीटिंग में हिस्सा लेंगे। इस बार चीन में इतिहास के सबसे बड़े एससीओ समिट का आयोजन हो रहा है। इसमें 20 से ज्यादा देश शामिल हो रहे हैं। मोदी और पुतिन के साथ-साथ सेंट्रल एशिया, मिडिल ईस्ट, साउथ एशिया और साउथ-ईस्ट एशिया के नेता भी इस समिट में शामिल होंगे।

# उत्तराखंडः पावर प्रोजेक्ट टनल में फंसे 19 कर्मचारियों का रेस्क्यू

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सितम्बर में उत्तराखंड में लैंडस्लाइड और बाढ़ का खतरा बना हुआ

■ राजस्थान में किले की दीवार ढही, पंजाब में दीवार गिरने से शख्स दबा, मौत

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धौलीगंगा पावर प्रोजेक्ट के टनल में फंसे 19 कर्मचारियों को रविवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शनिवार को लैंडस्लाइड के चलते टनल का रास्ता बंद हो गया था।

बताया जा रहा है कि शनिवार शाम को ऐलागाड़ में पहाड़ी दरक गई थी। इससे भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर एनएचपीसी की टनल के मुहाने पर जमा हो गए थे। इससे टनल में काम कर रहे 19 कर्मचारी फंस गए थे। इनमें से आठ कार्मिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। धारचूला के उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि धौलीगंगा पावर हाउस को कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। टनल के मुख्य द्वार पर बार- बार आ रहे मलबे को सड़क सुरक्षा संगठन के माध्यम से लगातार हटाया गया। मौके पर पर्याप्त मशीनरी और सीआईएसएफ, एनडीआरएफ की टीम तैनात हैं। उधर पंजाब के आठ जिलों के 1018 गांवों में बाढ़ की स्थिति है। बाढ़-बारिश में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। 11 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है। पंजाब में मानसा के जवाहरके गांव में बारिश के कारण ईंट भट्ठे के गोदाम की दीवार गिर गई।

## अगस्त में उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश 2001 के बाद सबसे अधिक

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हो रही बारिश से जहां भूस्खलन और पहाड़ दरकने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वहीं, मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत कई राज्यों में भी बारिश के कारण आई बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। इस बीच, मौसम विभाग ने लगातार हो रही बारिश और आने वाले दिनों में मौसम को लेकर भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने बताया कि पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत सात राज्यों में 2 सितम्बर तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# इंदौर आ रही एयर इंडिया फ्लाइट लौटी, दिल्ली में सेफ लैंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एयरलाइन बोली- पायलट को इंजन में फायर इंडिकेशन मिला था, विमान में 90 यात्री थे सवार

**नई दिल्ली।** दिल्ली से इंदौर जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2913 (ए-320 नियो विमान) को दिल्ली लौटा लिया गया। पायलट को दाहिने इंजन में आग लगने की सूचना मिली थी। एयर इंडिया ने कहा कि रविवार सुबह 6.15 बजे 90 यात्रियों के साथ प्लेन ने उड़ान भरी थी।

करीब आधे घंटे बाद इंजन में फायर इंडिकेशन मिला। स्टैंडर्ड प्रोसेस के तहत पायलट ने इंजन बंद किया। बाद में प्लेन की एयरपोर्ट पर सेफ लैंडिंग हुई। एयरलाइन ने कहा कि प्लेन का ग्राउंड इंस्पेक्शन कराया जाएगा। डीजीसीए को भी घटना की जानकारी दी गई है। 29 अगस्त को भी दिल्ली से श्रीनगर आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। अधिकारियों ने बताया था कि फ्लाइट एसजी 385 में प्रेशराइजेशन की समस्या के कारण दोपहर 3.27 बजे श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया था। 28 अगस्त को सूरत से दुबई जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को बीच उड़ान में तकनीकी खराबी के कारण अहमदाबाद एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा।

# वाहन सार्वजनिक स्थान का उपयोग नहीं कर रहा, तो टैक्स न लगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ वाहन मालिक पर इस अवधि के लिए मोटरवाहन कर का बोझ नहीं डालना चाहिए

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि कोई वाहन सार्वजनिक स्थान पर उपयोग में नहीं आता है, तो उसके मालिक पर उस अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दिसम्बर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली एक अपील पर अपना फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मोटर वाहन कर प्रतिपूरक प्रकृति का होता है। मोटर वाहन कर लगाने का औचित्य यह है कि जो व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जैसे सड़क, राजमार्ग आदि का इस्तेमाल करता है, तो उसे इसका भुगतान करना होगा। शीर्ष न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि अगर किसी मोटर वाहन का उपयोग सार्वजनिक स्थान पर नहीं किया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ नहीं ले रहा है। इसलिए उस पर ऐसी अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963 की धारा 3 के तहत कर लगाने का प्रावधान है और यह राज्य सरकार को मोटर वाहनों पर कर लगाने का अधिकार देती है। पीठ ने 1985 से रसद सहायता देने के व्यवसाय में लगी एक फर्म द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि फर्म को नवंबर 2020 में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड की एक कार्पोरेट इकाई, विशाखापत्तनम स्टील प्लांट, आंध्र प्रदेश के केंद्रीय डिस्पैच यार्ड में लौह और इस्पात सामग्री के संचालन और भंडारण के लिए एक अनुबंध दिया गया था।



## फर्जी दलों पर सख्ती के लिए कोर्ट में याचिका दायर, ईसी को नियम बनाने के लिए निर्देश देने की मांग

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट में एक अहम याचिका दायर की गई है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और नियमन के लिए ठोस नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका में कहा गया है कि देश में फर्जी और बेनामी राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। ये दल न सिर्फ अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को अपने पदाधिकारी बना रहे हैं, बल्कि भारी चंदा लेकर अपराधियों को संगठन में जगह दे रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता पर सीधा हमला हो रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि कई ऐसे दल अस्तित्व में आ गए हैं, जिन्होंने अपहरणकर्ताओं, ड्रग्स तस्करों, मनी लॉन्ड्रिंग करने वालों और कुख्यात अपराधियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी बना दिया है। इन दलों ने बड़ी धनराशि लेकर अपराधियों को संरक्षण दिया और उन्हें राजनीतिक वैधता प्रदान की। याचिका में यह भी आरोप है कि अलगाववादी समूहों ने भी राजनीतिक दल बनाकर चंदा इकट्ठा करने का रास्ता अपना लिया है और कई नेताओं को पुलिस सुरक्षा तक मिल चुकी है। याचिका में हाल ही में मीडिया में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि आयकर विभाग ने एक फर्जी राजनीतिक दल पकड़ा, जो कालेधन को सफेद करने का काम कर रहा था।

# पुल निर्माण के लिए अनिश्चितकालीन धरना जारी

## दीवारों व विद्युत पोल पर 'हमें पुल चाहिए' लिखकर किया प्रदर्शन







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** बढ़ापुर-सरदारपुर छायली मार्ग स्थित पहाड़ा नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत चक उदयचंद व सरदारपुर छायली के ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना आज पां. चवे दिन भी जारी रहा। वहीं ग्रामीणों ने गांव में बने मकानों की दीवारों और विद्युत पोल पर हमें पुल चाहिए लिखकर प्रदर्शन किया है।

बढ़ापुर-सरदारपुर छायली संपर्क मार्ग पर स्थित पहाड़ा नदी का जल स्तर बढ़ने पर ग्राम पंचायत सरदारपुर छायली, चकउदयचंद, काशीवाला व ग्राम बहेड़ी आदि का बढ़ापुर कस्बे से संपर्क कट जाता है। ग्रामीण पिछले कई वर्षों से लगातार नदी पर पुल निर्माण की मांग करते आ रहे है। पुल निर्माण नही होने से नाराज ग्रामीण एकजुट होकर बुधवार से पहाड़ा नदी के पास टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरने पर दिन-रात बैठे हुए है। ग्रामीणों का धरना रविवार को पांचवे दिन भी जारी रहा है। वही ग्रामीणों ने गांव के मकानों की दीवारों और विद्युत पोलों पर जगह-जगह पर हमें पहाड़ा नदी पर पुल चाहिए। जब तक पुल निर्माण नही तब तक हटने का नाम नही, लिखकर प्रदर्शन किया है। राजनीतिक, गैर राजनीतिक, एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं का धरनास्थल पर आना जाना लगा हुआ है। ग्राम नवनीत सैनी, उदयराज सिंह, शाहवेज, पूर्व फतेह सिंह, नौशद, मेहर सिंह, मूलचंद, रामकुमार सिंह, शिवनाथ सिंह, विशाल खान, भारत सिंह, सीता राम, अनीस अहमद आदि की मुख्य उपस्थिति रही।

# स्व. घसीटा सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के प्रखर किसान नेता स्व. घसीटा सिंह की 12वीं पुण्यतिथि पर रविवार को बिलाई चीनी मिल के मेन गेट पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न किसान संगठनों, रालोद और सपा पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में किसानों व कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

ग्राम नसीरपुर नैन सिंह निवासी किसान नेता घसीटा सिंह का निधन करीब 12 वर्ष पूर्व किसानों के आंदोलन के दौरान बिलाई चीनी मिल परिसर में हुआ था। उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाती है।

रविवार प्रातः नौ बजे उनके पुत्र रामेंद्र सिंह, नृपेंद्र सिंह, देशराज सिंह और मुनिदेव सिंह ने आचार्य ब्रह्मपाल सिंह के आचार्यत्व में हवन-पूजन कराया। तत्पश्चात प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ बिट्टू, भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, युवा ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार, राजेंद्र सिंह, सपा प्रदेश महासचिव आदित्यवीर, रालोद जिला महासचिव कुलदीप चिकारा, सहकारी गन्ना विकास समिति के सभापति नरेश कुमार सहित अनेक किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभा में वक्ताओं ने घसीटा सिंह को किसानों की आवाज बुलंद करने वाला निर्भीक नेता बताते हुए कहा कि उनका संघर्ष सदैव किसानों को प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

# भीम आर्मी व आसपा के कार्यालय का उद्घाटन

## पार्टी का बढ़ रहा जनाधार



**शाह टाइम्स संवाददता**

**किरतपुर।** नगर में बिजनौर रोड पर इतवार बाजार के पास भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन आसपा प्रदेश सचिव आरिफ मलिक व अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी का मकसद है कि हर कस्बे, गांव में पार्टी का दफ्तर खोला जाए जिसमें पदाधिकारियों द्वारा समस्याओं का समाधान किया जाए। सांसद चन्द्रशेखर आजाद भी इन कार्यालयों में बैठकर पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी एक ऐसी पार्टी है, जिसमे सभी वर्गो का हित सुरक्षित है। आसपा के युवा नेता अशरफ जमील एडवोकेट ने कहा कि यह कार्यालय खुलने से जनता की समस्याओं का समाधान आसान हो जाएगा। कार्यालय में हमारे पार्टी कार्यकर्ता उपलब्ध रहेंगे। हमारी पार्टी में कथनी और करनी में फर्क नहीं है।

सांसद चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। नगीना विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सरफराज मलिक ने कहा कि हमारे पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर कैम्प लगा रहे है, जिसमें पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

नगर अध्यक्ष फैल सुफ जमा खान ने कहा कि सांसद चन्द्रशेखर आजाद लोकप्रिय नेता है। उनकी लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। आने वाले विधानसभा चुनाव में आसपा एक बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि रोहित कुमार, पिंटू कुमार, ललित कुमार, जावेद मलिक, फहद खान, जुनैद खटाई, मनीष कुमार, शादाब कुरैशी, दानिश कुरैशी, बंटी कुमार, दीपक कुमार आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए। कार्यकम में आसपा कार्यकर्ताओं की भीड़ मौजूद रही।

# फाइनेंस कंपनी का एजेंट बता कर ठगी करने वाला गिरफ्तार

## नकदी व मोबाइल किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पुलिस ने लोन रिकवरी के नाम पर एजेंट द्वारा एक युवक की फाइनेंस बाइक की आड़ में डराने-धमकाने व किस्त जमा करने के नाम पर ऑनलाइन हजारों रुपए ऐंठने का मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जिला अमरोहा व थाना नौगांवा के ग्राम अकबरपुर पट्टी निवासी युवक ने थाना नजीबाबाद पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि वह अपनी बाइक द्वारा हरिद्वार से अपने ग्राम लौट रहा था, जैसे ही वह नजीबाबाद के कोटद्वार मार्ग कल्याणी मंदिर के निकट पहुंचा तभी तीन अज्ञात युवकों ने उसे घेर लिया व उसकी बाइक रोक ली। उक्त लोगों ने बाइक की किस्त जमा ना होने की बात कहकर पहले उसे डरा धमकाया, फिर ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से पांच हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। तहरीर मिलने के बाद नजीबाबाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा की मदद से घटना की जांच पड़ताल की, तो अभियुक्तों की पहचान गुरदित सिंह पुत्र स्व. हरदेव सिंह अम्बेडकर कॉलोनी समीपुर व अभिजोत पुत्र दिनेश चंद्र निवासी ग्राम अकबरपुर चौगांवा व एक अन्य अज्ञात के रूप में हुई।

घटना के मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत एक अज्ञात युवक के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया। पुलिस में घटना में शामिल अभियुक्त अभिजीत को गंग नहर स्थित फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक के पास से पंद्रह सौ रुपए की नगदी व एक मोबाइल फोन बरामद किया।

## एक नजर

### राधा अष्टमी पर मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



**धामपुर।** नगर के सिद्धपीठ श्री बालाजी मंदिर में राधा अष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से दर्शन किए। मंदिर स्वामित्वत महंत डॉ. अमित गिरी महाराज ने राधा-कृष्ण को सुंदर वस्त्राभूषण पहनाए। पुजारिन पूनम गिरी ने राधा रानी का अलौकिक श्रृंगार किया। महंत आदित्य गिरी की मौजूदगी में मुख्य अजमान सुधीर अग्रवाल उर्फ मुन्ना ने आरती उतारी। इसके बाद मंदिर परिसर में पंचम. ेवा, फल और मिष्ठान का भोग अर्पित किया गया। महंत डॉ. अमित गिरी ने सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर पुजारिन पूनम गिरी, प्रशांत यादव, अखिलेश शर्मा, अमित शर्मा, भुवनेश्वर प्रसाद रस्तोगी, आकाश जोशी, कोमल सैनी, विनीत कौशिक, सत्यनारायण अग्रवाल, बिंदिया गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हिमानी चौधरी ने बाजी मारी



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस, बिजनौर के एमएसडब्ल्यू द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू द्वितीय सेमेस्टर में हिमानी चौधरी ने 76.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, हिमांशु ने 68.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा गौतम कुमार ने 67. 00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र-छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के प्रबंधक निद. ेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, सहायक प्रवक्ता अनुज कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में समीक्षा और गिन्नी ने जीता गोल्ड मेडल



## गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सीबीएसई 19 क्लस्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में समीक्षा राठी व गिन्नी ने गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। जिनका गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

सैफई के मेजर ध्यानचंद इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में 29, 30, 31 अगस्त को सीबीएसई 19 क्लस्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर व स्पोर्ट्स एकेडमी सौफतपुर के कई बच्चों ने प्रतिभाग किया था। स्पोर्ट्स एकेडमी की समीक्षा राठी ने शॉट पुट और मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की गिन्नी ने जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीता। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की देविका ने थ्री जंप में सिल्वर मेडल व नीति, देवांगना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि स्पोर्ट्स एकेडमी की वंशिका राणा ने डिस्कस थ्रो में ब्रांच मेडल जीता। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉक्टर सीमा विश्वास और कोच कपिल राणा ने जिले का नाम रोशन करने पर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई

## बाइक रैली में उमड़ा जनसैलाब





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भगवान महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती के अवसर पर एक बाइक रैली निकाली गई। तत्पश्चात भगवान महाराज दक्ष प्रजापति जयंती पर एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दतियाना रोड स्थित सौभाग्य बैंकट हॉल में आयोजित जयंती समारोह में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर सिंह प्रजापति का फूलों की मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर सिंह प्रजापति ने भगवान महाराजा दक्ष प्रजापति एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जयंती समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, भाजपा प्रदेश नेता महेंद्र सिंह प्रजापति, राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ दिल्ली के युवा प्रदेश अध्यक्ष राहुल प्रजापति एवं भाजपा बिजनौर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी मंचासीन रहे। सभी अतिथियों ने भगवान महाराजा दक्ष के जीवन, आदर्शों और समाज की एकजुटता पर अपने विचार रखे। समारोह से पूर्व प्रजापति समाज के सैकड़ों युवाओं ने मोटरसाइकिल विशाल रैली निकाली, जिसे राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई समारोह स्थल पर पहुंची।

कार्यक्रम स्थल पर राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने महाराजा दक्ष के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, समाज की एकजुटता और भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर विचार रखे। स

मारोह में प्रजापति समाज की ओर से मुख्य अतिथियों और विशिष्ट अतिथियों को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया तथा मंच पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति को गदा भेंट की गई। जयंती समारोह के पुनीत अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सुशील कुमार दक्ष, डॉ. ए.के. दक्ष, राजेंद्र कुमार दक्ष, बृजपाल सिंह प्रजापति, धीरज प्रजापति, जगराम प्रजापति, वरिष्ठ पत्रकार रामोद प्रजापति, धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# घुमंतू जातियों के विकास को प्रतिबद्धः योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**इन जातियों को मुख्यधारा में लाने लिए बोर्ड का गठन करेंगेः मुख्यमंत्री**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार घुमंतू जातियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस मौके पर ऐलान किया कि सरकार इन जातियों को मुख्यधारा में लाने लिए बोर्ड का गठन करेगी। विमुक्त व घुमंतू जातियों के कल्याणार्थ लखनऊ में आयोजित 'विमुक्त जाति दिवस' समारोह में बोल रहे थे। योगी ने कहा कि योद्धा जातियों को क्रिमिनल ट्राइब बनाया।

1952 में क्रिमिनल ट्राइब से मुक्ति मिली। मुगलों, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। विमुक्त जातियों के लिए लगातार काम बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा। घुमंतू जातियों के लिए बोर्ड बनाने की जरूरत है। योगी ने कहा कि पहले की सरकारों के पास फुर्सत नहीं थी कि 'वनटांगिया' के लिए कुछ कर सकें, हमारी सरकार ने उन्हें राजस्व गांव का दर्जा दिया। जो जातियां सुविधाओं से वंचित रह गई हैं, उनके लिए जमीन के पटे मिलें। उनके लिए मकान की सुविधा हो। घुमंतू जाति के लोगों के लिए कालोनी बनाएंगे। सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ इन्हें दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 जनपदों में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, दो आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि 101 आवासीय विद्यालय पहले से चल रहे हैं।

यहां छात्रों को रहने, खाने से लेकर यूनिफॉर्म तक की व्यवस्था सरकार कर रही है। इसके अलावा 264 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में विमुक्त जातियों के बच्चों के लिए भी विशेष सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने वनटांगिया समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी सरकार ने उन्हें राजस्व गांव का दर्जा दिया, मताधिकार का अधिकार दिया, उनके लिए घर, स्कूल और अस्पताल बनवाए। इसी तरह मुसहर, कोल, थारू, गौड़, चेरो और सहरिया जैसी जातियों के लिए भी योजनाएं संचालित की गईं।

## कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने की सीएम से मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। यह मुलाकात कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि संजय निषाद ने हाल ही में गठबंधन को लेकर काफी तीखा बयान दिया था। हालांकि अभी इस मुलाकात का पूरा ब्योरा नहीं मिल पाया है कि दोनों नेताओं के बीच किस मुद्दे को लेकर बातचीत हुई, लेकिन इस सियासी मुलाकात से लखनऊ में सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल निषाद पार्टी प्रमुखं और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर उसे लगता है कि सहयोगी दलों ने कोई लाभ नहीं पहुंचाया है, तो वह गठबंधन तोड़ दे।

# लखनऊ विवि के 68वें दीक्षांत समारोह के लिए हुई पदकों की घोषणा

**लखनऊ, वार्ता**

लखनऊ विश्वविद्यालय में 10 सितंबर को होने वाले 68वें दीक्षांत समारोह के लिए पदक सूची की घोषणा कर दी गई है। प्रदान किए जाने वाले कुल 198 पदकों में से 153 (77 प्रतिशत) लड़कियों ने हासिल किए हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुल 1.26 लाख डिग्रियां प्रदान करेगा, जिनमें 1.1 लाख स्नातक, 15,200 स्नातकोत्तर, 242 डिप्लोमा और दो प्रमाणपत्र डिग्रियां शामिल हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में कुल 26 छात्रों ने एक से अधिक पदक प्राप्त किए, जिनमें 5 पुरुष और 21 छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल की। प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व में एमए की छात्रा श्रद्धा यादव ने सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ पदक जीते हैं। श्रद्धा ने कहा कि यह स्वर्ण पदक सिर्फ़ मेरी उपलब्धि नहीं है - यह अनगिनत लोगों से मिले निरंतर प्यार, समर्थन और मार्गदर्शन का परिणाम है। मैं यह सफलता अपने माता-पिता को समर्पित करती हूं, जिनके त्याग और प्रोत्साहन ने मेरी सबसे मज़बूत नींव रखी है। मैं अपने वरिष्ठों का भी आभार व्यक्त करती हूं, जिनके मार्गदर्शन और अनुभवों ने मेरे लिए रास्ता बनाया। रायबरेली के कमला नेहरू कॉलेज की एमए भूगोल की छात्रा चित्रा साहू ने आठ पदक जीतकर दूसरे सबसे ज्यादा पदक हासिल किए। इस बीच, लखनऊ के सिटी कॉलेज के रवि चंद ने तीसरे सबसे ज़डादा व्यक्तिगत पदक जीते। चित्रा ने कहा कि मुझे यकीन नहीं हो रहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर और राजधानी के अन्य कॉलेजों के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए मैंने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। ए पदक मुझे और अधिक मेहनत करने और नेट जेआरएफ पास करके एक दिन प्रोफ़ेसर बनने की प्रेरणा देते हैं। एलयू के अधिकारियों ने छात्रों की इन पदकों की जीत का श्रेय उनके संबंधित विभागों में उनके असाधारण शैक्षणिक प्रदर्शन को दिया। इन विभागों में विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष छात्रों के लिए विभिन्न पदक होते हैं, जैसे विभाग के टॉपर, विशिष्ट सेमेस्टर, पेपर या संकायों में उच्च अंक प्राप्त करने वाले। रायबरेली, हरदोई और सीतापुर के संबद्ध कॉलेजों के छात्रों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

कमला नेहरू कॉलेज की एमए भूगोल की छात्रा चित्रा साहू ने आठ पदक, पंडित जगन्नाथ कॉलेज की आस्था श्रीवास्तव ने पांच पदक और फिरोज गांधी कॉलेज की स्वाति पटेल ने चार पदक जीते, ये तीनों ही रायबरेली से हैं। इसी तरह हरदोई से रघुनंदन सिंह महाविद्यालय की नेहा यादव, डा. आरएमएल कॉलेज की सुनैना पाठक और दिव्य कृपाल कॉलेज, हरदोई की रंजना देवी ने चार-चार पदक और ग्रीन फील्ड कॉलेज, सीतापुर की श्रुति त्रिपाठी ने तीन पदक जीते।

## एक सप्ताह में रुपया 0.65 प्रतिशत टूटा, ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली और घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के दबाव में रुपया बीते सप्ताह 56.50 पैसे (0.65 प्रतिशत लुढ़ककर) अंतिम कारोबारी दिवस पर 88. 09 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तालाब में मिला मछुआरे का शव

## परिजनों ने ठेकेदारों पर लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** तालाब में मछुआरे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने ठेकेदारों पर हत्या का आरोप लगाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव स्याऊ में एक तालाब से 22 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर के गांव तेवड़ा निवासी जाहिद पुत्र जमील के रूप में हुई है। जाहिद पेशे से मछुआरा था और दो बच्चियों का पिता था। मृतक जाहिद 28 तारीख से लापता था।

परिजनों ने मुजफ्फरनगर जनपद के ककराला थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आज सुबह करीब 8 बजे तालाब में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।





मृतक की मां शहनाज ने बताया कि पंजाब के एक व्यक्ति ने उन्हें स्याऊ में उनके बेटे के होने की सूचना दी थी। उन्हें यह भी बताया गया था कि उनके बेटे को वहां बंद कर रखा है। शनिवार को जब वह स्याऊ स्थित तालाब पर पहुंचे, तो तालाब के ठेकेदार ने उन्हें बताया कि जाहिद को पट्टी लगाकर मछली पकड़ते देखा था। मां ने अपने बेटे के जिंदा उन्हें या पुलिस को देने की गुहार लगाई थी। लेकिन आज उन्हें बेटे का शव मिला है।

मां ने तालाब ठेकेदारों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने तालाब के ठेकेदारों पर हत्या का आरोप लगाया है।

मृतक के पिता जमील ने न्याय की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# मुसलमान अपना चरित्र मजबूत रखें: मुफ्ती रियाज कासमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** उलेमाओं ने कहा कि मुसलमानों को अपना चरित्र मजबूत रखना चाहिए। इस्लाम ने हमेशा अमन और भाईचारे का पैगाम दिया है। जमीयत उलेमा के द्वारा सीरत-ए-नबी का चौथा कार्यक्रम मस्जिद आयशा (हॉस्पिटल वाली) में आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर और आसपास से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत कारी एहतेशाम द्वारा कुरआन शरीफ की भावपूर्ण तिलावत से हुई। उनके द्वारा प्रस्तुत आयतों को सुनकर उपस्थित लोगों ने गहरी आत्मिक शांति का अनुभव किया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना मुफ्ती सईद ने किया। उन्होंने संचालन के दौरान पैगम्बर-ए-इस्लाम के जीवन के अनेक प्रेरक पहलुओं पर प्रकाश डाला और लोगों को लाभान्वित किया। मुख्य वक्ता मौलाना मुफ्ती रियाज कासमी (मदरसा इशाअतुल



### सीरत-ए-नबी का जलसा

उलूम, मानियावाला) रहे। उन्होंने पैगम्बर-ए-इस्लाम के मक्का नगर में बिताए जीवन के विभिन्न चरणों को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मक्का का जीवन वास्तव में धैर्य, स्थिरता और दूरदर्शिता का प्रतीक है।

पैगम्बर ने तेरह वर्षों तक कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और विवेक के साथ धर्म का संदेश दिया और पूरी कौम के लिए आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने यह भी कहा कि पैगम्बर का सबसे बड़ा गुण उत्तम चरित्र था। उन्होंने अपने विरोधियों से भी नरमी, सहनशीलता और क्षमा के साथ व्यवहार कर दुनिया को यह संदेश दिया कि इस्लाम केवल इबादत का नहीं, बल्कि अच्छे आचरण और नैतिकता का भी मजहब है। यदि मुस्लिम समाज इन सिद्धांतों को अपनाए तो पूरी दुनिया में शांति स्थापित हो सकती है। मौलाना मुफ्ती सईद ने देश और समाज की तरक्कघी तथा अमन-चैन की दुआ कराई। उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर दुआ में शामिल होकर कार्यक्रम को और भी भावपूर्ण बना दिया।

इस अवसर पर मौलाना जहीर, मौलाना खुर्शीद अनवर, मौलाना गुफरान, मौलाना फैजान, मौलाना जमशेद और डॉ. मौलाना कलीम विशेष रूप से मौजूद रहे। मस्जिद के इमाम मौलाना शुऐबान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बुखार से किशोरी की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम में बुखार का प्रकोप बढ़ने से क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया। तेज बुखार से एक नाबालिक युवती की मौत होने से हड़कंप मच गया।

प्रात जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव नंगली पथवारी पूर्व ग्राम प्रधान खुर्शीद अहमद की 12 वर्षीय पुत्री का तेज बुखार के कारण इंतक.ाल हो गया। पूर्व प्रधान खुर्शीद अहमद की पुत्री अलीना परवीन को तेज बुखार आया। बुखार आने पर गांव के ही झोलाछाप डॉक्टर को दिखाया। जहां पर डॉक्टर ने युवती की गंभीर हालत देखते हुए। मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर दो दिन से उसका ईलाज चल रहा था। ईलाज के दौरान बीती रात दो बजे उसकी मौत हो गई। मौत होने से परिवार में खलबली मच गई। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।



अलीना परवीन अपने मां बाप की एक लाडली बेटी थी। बेटी की मौत से मां बाप सदमे में हैं। अलीना के जनाजे की नमाज सुबह दस बजे अदा की गई। जनाजे की नमाज में सैकड़ों लोग मौजूद थे। ग्राम में दर्जनों लोग बुखार की चपेट में हैं। ऐसा लगता है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कुंभकर्ण की नींद सोये हुई है। ग्राम में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। गंदगी से मच्छरों ने अपने पैर पसार रखें है।

# गुलदार के हमले से बच्चा घायल

## ग्रामीणों ने की पिंजरा लगवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** परिजनों के साथ खेत पर गए बच्चे पर गुलदार ने गन्ने के खेत से निकलकर हमला कर दिया। गुलदार द्वारा बेटे पर हमला होते देख पास मे बैठी माँ ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर किशोर का पिता व खेतों में काम कर रहे ग्रामीण घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। शोर शराबा सुन गुलदार उसे छोड़ कर खेतों की ओर भाग गया। परिजनों ने घायल को बिजनौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

थाना क्षेत्र के गांव किशनबाश निवासी नौबहार सिंह आज सुबह अपनी पत्नी वृहमबती और 6 वर्षीय पुत्र भव्य के साथ अपने खेतों पर थे। खेत पर काम करते हुए नौबहार सिंह पास में खड़े एक हैंडपम्प पर चले गए थे और भव्य अपनी मां के पास खेत में बैठा था। इसी दौरान गन्ने के खेत से निकलकर एक गुलदार ने उस पर हमला कर दिया और उसे उठाकर खेत में ले जाने लगा। गुलदार द्वारा बेटे पर हमला होते देख पास



मां ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर नौबहार सिंह और आस पास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। शोर शराबा होने पर गुलदार भव्य को छोड़ कर खेतों की ओर भाग गया। जिसके बाद परिजनों द्वारा भव्य को घायल अवस्था में बिजनौर के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया है। सूचना पर रेंजर महेशचंद्र गौतम टीम के साथ अस्पताल में पहुंचे और घायल का हाल-चाल जाना। उन्होंने नौबहार सिंह से घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा हर सम्भव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने वन विभाग की टीम को घटना स्थल पर भेजा। घटना स्थल पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार की तलाश में कांबिंग की। लेकिन गुलदार का कहीं पता नहीं चल सका। गुलदार द्वारा किशोर पर हमला करने के बाद ग्रामीणों मे दहशत पैदा हो गई है।

ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से घटना स्थल के पास पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

## एक नजर

### मासूम बच्चे को सांप ने डसा

**अफजलगढ़।** बीती देर शाम थाना क्षेत्र के पुराना कालागढ़ निवासी कैलाश का 3 वर्षीय पुत्र भव्य बच्चों के साथ घर के बहार खेल रहा था कि अचानक झाड़ी से निकलकर आए एक जहरीले सांप ने बच्चे के पैर में डस लिय॥ परिजन उसे तुरंत सीएचसी अफजलगढ़ में ले गए। जहां पर डॉक्टर द्वारा उसको एंटी वेनम इंजेक्शन लगाया गया। डॉ. सतवीर सिंह नीला ने बताया कि केंद्र में भरपूर मात्रा में एंटी वेनम इंजेक्शन है। उन्होंने लोगों से श कहा झाड़ फूंक के चक्कर में न पड़ने की सलाह दी।



### घर में घुसकर मारपीट

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम कांठपुर निवासी महिला महेशी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की शाम के समय ग्राम के नितिन, जोनी, धन्नू आदि ने पैसे के लेनदेन को लेकर उसके घर में घुसकर गाली-गलौच करते हुए उसके बेटे ललित के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। विरोध करने पर महेशी व उसके पति राजेंद्र के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मारपीट में महिला घायल हो गई। थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए जोनी व नितिन की हिरासत में ले लिया गया है। एक युवक अभी फरार है। ललित, धन्नू व नितिन गुरुग्राम में पेंट करने का कार्य करते है।

### कालोनी में गुलदार घुसने से दहशत

**बढ़ापुर।** बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर ग्राम बासोवाला में अमर राज वाटिका के नाम से कालोनी स्थित है। शनिवार की रात दस बजे के करीब कालोनी में एक गुलदार घुस आया। जैसे ही कालोनीवासियों की नजर गुलदार पर पड़ी तो उनमें दहशत का माहौल बन गया। उन्होंने कालोनी में गुलदार आने की सूचना वन विभाग को दी। लेकिन कोई भी वन कर्मी मौके पर नही पहुंचा। कालोनीवासियों का कहना है देर शाम तक लोग अपना कार्य समाप्त कर घर लौटते है और छोटे बच्चे भी यहां पर घूमते रहते है। ऐसे में गुलदार के हमले का डर बना हुआ है। कालोनी निवासी दुर्गेश प्रजापति, दिनेश शर्मा, योगेश सैनी, शिवम कुमार, प्रीतम सिंह, मास्टर यशपाल सिंह, विजयपाल सिंह, नीलम कुमार, पप्पू आदि ने वन विभाग से गुलदार पकड़वाने के लिए पिंजरा लगवाने की मांग की है।

### महिला व बालक को सांप ने काटा

**नहटौर।** मौहल्ला होलियान निवासी स्वर्गीय रोहताश की पत्नी संतोष सैनी रविवार को पशुओं के लिए चारा लेने के लिए जंगल गई थी। चारा काटने के दौरान अचानक सांप ने उसे काट लिया। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे मौहल्ले वासियों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे एंटी वेनम देकर उसे घर भेज दिया। इसके अलावा शानिवार की शाम को मौहल्ला सराय जोखा निवासी फैज (15 वर्ष) पुत्र कासिम अपने पड़ोस के परिवार में जा रहा था। इसी दौरान सांप ने उसके पैर में काट लिया। घटना को उसने अपने परिजनों को अवगत कराया उसके परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसको एंटी वेनम लगाकर उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। फैज के पिता ने बताया कि अब मेरे बेटे की हालत पहले से ठीक है।

# मेरठ हाईवे के निर्माण में नहीं आ पा रही तेजी

## खस्ताहाल सड़क पर सफर करना बना मजबूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मेरठ हाइवे के निर्माण में तेजी नहीं आ पा रही है। जिस कछुआ चाल से इस हाइवें का निर्माण हो रहा है, उसे देख कर लगता है कि आने वाले तीन सालों में भी इसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाएगा।

गौरतलब है कि मोदी सरकार का झूठी घोषणाएं करने में कोई भी मुकाबला नहीं कर सकता है। सरकार जो कहती है, वैसा हो नहीं पाता है। न तो मोदी सरकार अपनी घोषणाओं पर निर्धारित समय सीमा में अमल करा पाती है और न ही इसमें हो रही देरी की वजह से नागरिकों को होने वाली परेशानी का उसे अहसास हो पाता है। मोदी सरकार ने तो अभियंताओं व अधिकारियों पर प्रभावी नियंत्रण रख पा रही है और न ही उसे आम नागरिकों के बीच गिरती अपनी साख की कोई फिक्र है।

ताजा मामला मेरठ हाइवे के निर्माण का है। बैराज में आई खराबी की वजह से लगभग 22 दिनों तक इस मार्ग को यातायात के लिए पूरी तरह से बंद रखा गया था। पिछले दो दिनों से फिलहाल हल्के चौपहिया प्राइवेट वाहन ही बैराज से गुजारे जा रहे है। बसों एवं ट्रकों की आवाजाही पर अभी भी रोक लगी हुई है। यह रोक तीन सितंबर तक लगी रहने की संभावना है। बैराज मार्ग बंद होने की कीमत जनपद के आम नागरिकों एवं व्यापारियों को चुकानी पड़ रही है। करोड़ों रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ है। न तो जनपद में बाहर से सामान आ पा रहा है और न ही बाहर जा पा रहा है। ट्रकों के पहिए जाम है। व्यापारियों के साथ-साथ ट्रक आपरेटरों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में मेरठ हाइवें की जरूरत महसूस की जा रही है। नागरिकों एवं व्यापारियों का कहना है कि अगर गंगा नदी पर नए पुल का निर्माण हो गया होता, तो परेशानी के यह दिन नहीं देखने पड़ते। पिछले कई सालों से इसका निर्माण चल रहा है न जाने कब इस पुल व हाइवे का निर्माण कार्य पूरा होगा। हाइवे का निर्माण पूरा नहीं हुआ है और भनेड़ा में टोल टैक्स की वसूली की जा रही है।

दूसरी तरफ बैराज मार्ग और इससे आगे इसकी हालत इतनी ज्यादा खस्ता है कि गहरे-गहरे गढ्ढों से बच कर निकलना युद्ध के मैदान में उतरने जैसा होता है। गढ्ढों में सड़क ढुंढनी पड़ रही है। रात में यह गहरे गढ्ढे दिखाई भी नहीं देते है। आम चर्चा है कि जनपद के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि न तो मोदी सरकार पर हाइवे का निर्माण शीघ्र पूरा कराने का दबाव डाल पा रहे है और न ही गढ्ढों को भर कर मार्ग की मरम्मत करा पा रहे है। वरिष्ठ अधिकारी भी नेशनल हाइवे एवं लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं से काम नहीं ले पा रहे है। पूर्व डीएम ने गढ्ढों की वजह से होने वाले हादसों को देखते हुए उस समय लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं पर सख्ती की थी और उन्हें गिरफ्तार कराने तक की चेता.वनी भी दे दी थी। जिसके बाद गढ्ढों को भर दिया गया था। लेकिन वर्तमान में जिला प्रशासन ऐसा नहीं करा पा रहा है। लगता है कि अभियंताओं पर जिला प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। इसकी कीमत आम नागरिकों को जान व माल का नुकसान उठा कर चुकानी पड़ती है। फिलहाल तो बैराज मार्ग से भारी वाहन नहीं गुजर रहे है। जब इस मार्ग से भारी वाहन गुजरेंगे, तो फिर हादसों की लाइन लग जाएगी। इसीलिए हाइवें का निर्माण तेजी के साथ पूरा होने की जरूरत महसूस की जा रही है। ताकि राहत मिल सके।

# मौसम का मिजाज फिर बदला, बारिश से राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। जनपद में कहीं पर हल्की और कहीं पर तेज बारिश हुई। बारिश से किसानों को राहत मिली है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह से जनपद में मौसम का मिजाज बदल गया। कई जगह पर सुबह सवेरे मूसलाधार बारिश हुई और कई जगह हल्की बारिश हुई। छुट्टी का दिन होने की वजह से नागरिकों एवं विद्यार्थियों को परेशानी नहीं हुई। नागरिक जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकले। बाजारों एवं बसों में भीड़ दिखाई नहीं दी। हालांकि दोपहर के बाद बारिश नहीं हुई। आसमान में बादल छाए रहे। संभावना जताई जा रही है कि रात में तेज बारिश हो सकती है। वैसे इस बारिश से किसानों को राहत मिली है। लेकिन नगर क्षेत्रों में नालों में गंदगी भरी पड़ी है। नालों व नालियों की सफाई बेहतर ढंग से

### नालों में भरी पड़ी गंदगी

नहीं की गई है। घरों व प्रतिष्ठानों का कूड़ा एवं गंदगी नालों व नालियों में जा रही है। नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के जिम्मेदार अधिक.ारी सफाई कर्मचारियों से पूरा काम नहीं ले पाते है। सफाई कर्मचारी न तो प्रतिदिन गली-मौहल्लों में पहुंचते है और न ही पूरे टाइम ड्यूटी करते है। ज्यादातर टाइम वह आपस में बात करने में गुजार देते है।

दूसरी तरफ नागरिकों के द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जो नालों एवं नालियों में पहुंच जाती है और इसकी वजह से पानी बह नहीं पाता है। जल भराव की एक वजह पॉलीथिन भी है। प्रशासन स्वच्छता अभियान के नाम पर सिर्फ नौटंकी कर रहा है। अभियान कागजों में चल रहा है।

# अमित कुमार जिला सचिव मनोनीत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने जनपद के प्रमुख राजनीतिक घराने से ताल्लुक रखने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित कुमार को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया है। अमित कुमार जो ग्राम कासमपुर धन्ना माफी उर्फ पट्टी स्योहारा के निवासी हैं। 2005 से 2010 तक जिला पंचायत सदस्य रहे और लंबे समय से सपा की राजनीति से जुड़े हुए हैं।

अमित कुमार के पिता स्व. बाबू जय सिंह बिजनौर के राजनीतिक इतिहास में एक बड़ा नाम थे। उन्होंने 17 साल तक कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन, 10 साल तक ब्लॉक प्रमुख और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा, बाबू जय सिंह का फिल्म इंडस्ट्री में भी खासा रुतबा था। उन्होंने मशहूर अभिनेता संजीव कुमार की फिल्म अंगूर का निर्माण किया और नसीरुद्दीन शाह अभिनीत चर्चित टीवी सीरियल मिर्जा गालिब के निर्माता भी रहे। सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि अमित कुमार की नियुक्ति से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उनकी राजनीतिक समझ और समर्पण सपा के मिशन को जनपद में और आगे ले जाएगा। वहीं, अमित कुमार ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा, कि वह सपा के प्रति अपनी निष्ठा और जनसेवा के प्रति अपने पिता की विरासत को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे । यह नियुक्ति बिजनौर में सपा के संगठन को नई दिशा देने और स्थानीय स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस दौरान सपा जिला उपाध्यक्ष अफजाल चौधरी, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष महमूद कस्सार, ग्राम पट्टी के प्रधान संदीप चौधरी, अहमद खिजर खान, वकार अहमद आदि मौजूद थे।

# व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बने श्रीराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की प्रदेश युवा इकाई में नोएडा से श्रीराम अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष, कानपुर से अतुल त्रिपाठी प्रदेश महामंत्री, लखनऊ से श्याम सिंघल प्रदेश कोषाध्यक्ष, कानपुर से विनायक पोद्दार प्रदेश संगठन महामंत्री, उरई से आनंद सिंह भदौरिया प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बरेली से रजत मिश्र प्रदेश उपाध्यक्ष, लखनऊ से रवी गुप्ता रत्तीलाल प्रदेश मंत्री, आगरा से संतोष माखीजा प्रदेश मंत्री व फतेहगढ़ फर्रुखाबाद से सुशील अग्रवाल भी प्रदेश मंत्री, कानपुर से सत्यम मिश्र प्रदेश संगठन मंत्री व फतेहपुर से अभिषेक गुप्ता प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किये गए।

आज भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के लखनऊ में लालबाग स्थित कार्यालय में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र और प्रदेश चेयरमैन व उप्र लघु उद्योग निगम लि. के उपाध्यक्ष नटवर गोयल ने संगठन की प्रदेश युवा इकाई की घोषणा करते हुए नोएडा के व्यापारी युवा वैश्य महासम्मेलन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल को प्रदेश अध्यक्ष, कानपुर से बीज पेस्टीसाइडस



व्यापारियों के संगठन एग्रो इनपुट डीलर्स एसो. के प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी को प्रदेश महामंत्री, लखनऊ से पांडेगंज गल्ला मंडी से श्याम सिंघल को प्रदेश कोषाध्यक्ष, कानपुर से युवा व्यापारी नेता विनायक पोद्दार को प्रदेश संगठन महामंत्री, उरई से व्यापारी नेता आनंद सिंह भदौरिया को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बरेली से रजत मिश्र प्रदेश उपाध्यक्ष, लखनऊ से रवी गुप्ता (रत्तीलाल खस्ता वाले) को प्रदेश मंत्री, आगरा से रेडीमेड गारमेंट्स कारोबारी संतोष माखीजा को प्रदेश मंत्री, फतेहगढ़ फर्रुखाबाद से सुशील अग्रवाल भी प्रदेश मंत्री, कानपुर से सत्यम मिश्र को प्रदेश संगठन मंत्री व फतेहपुर से अभिषेक गुप्ता को प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किये गए।

इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टेरीफ लगाने के जवाब में प्रदेश के व्यापारी अपनी दुकान के बाहर स्वदेशी अपनाये के बोर्ड लगाए और अमेरिकन सामानों व कम्पनियों का बहिष्कार करे।

यह भी कहा कि प्रदेश में व्यापारियों उद्यमियों को राहत देने के लिए जीएसटी की धारा 129 का सरलीकरण होना चाहिए। जिससे स्टेट जीएसटी की सचल दल इकाइयों द्वारा व्यापारियों उद्यमियों का उत्पीड़न न हो और पूरे प्रदेश में व्यापारियों उद्यमियों को जारी की जा रही डीआरसी 13 के कारण सीज बैंक खातों को खोलने के लिए अपील करने में राहत दी जानी चाहिए। अगले एक माह में प्रदेश की युवा कमेटी का विस्तार किया जाएगा।

संगठन के प्रदेश चेयरमैन व उप्र लघु उद्योग निगम लि., उप्र सरकार के उपाध्यक्ष नटवर गोयल ने कहा कि व्यापारियों उद्यमियों की सभी समस्याओं का समाधान सरकार से करवाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर समस्याओं को मुख्यमंत्री जी के समक्ष ले जाया जायेगा। संगठन व्यापारियों व उद्यमियों के साथ खड़ा है।

इस मौके पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश केसरवानी ने कहा कि पूरे प्रदेश में व्यापारियों व उद्यमियों को जोड़कर संगठन को और मजबूत किया जाएगा।

नव मनोनीत युवा प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल व युवा प्रदेश संगठन महामंत्री विनायक पोद्दार ने कहा कि पूरे प्रदेश के प्रत्येक जिलों से युवा व्यापारियों उद्यमियों को जोड़कर संगठन को मजबूत किया जाएगा और सरकारी विभागों में उनकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।


**10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश**

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।
आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

| | |
|---|---|
| B.Tech (CS) | MBA |
| BCA | MCA |
| BBA | LLB |
| B.Com | LLM |
| BA LLB | M.TECH. |
| B.Sc Microbiology | MSW |
| B.Sc. Computer Sc. | M.Sc. Home Sc. |
| B.Sc Home Sc. | MA Education |
| B.Sc Physics I Chemistry I Maths Botany I Zoology | |

www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी: डॉ. रामपाल




मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** शिक्षा विकास की जननी है। शिक्षा से मनुष्य अंधकार से प्रकाश की ओर आता है। छात्र के जीवन में कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। कठिन परिश्रम से ही भविष्य की बेहतर नींव रखी जाती है। उक्त विचार कुलपति डॉ. रामपाल सिंह सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम में सैनी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय बैंकट हाल में महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद के कुलपति डॉ. रामपाल सिंह सैनी ने कहा कि बच्चों को स्वयं सीखने की भावना का विकास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सीखने की दृढ़ इच्छा एवं सामान्य ज्ञान का बेहतर ज्ञान एक अच्छे भविष्य के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कुलपति डॉ. सैनी ने कहा कि कोर्स की पुस्तकों के अध्ययन के साथ प्रतियोगिता के युग में सामान्य ज्ञान की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। छात्र-छात्राओं को चाहिए कि वह इस सम्मान की गरिमा को बना कर रखें तथा कठिन परिश्रम कर के माता-पिता एवं समाज का नाम रोशन करें।

अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार मौर्य ने कहा कि हम बच्चों को उच्च शिक्षा दिलानी चाहिए। प्रतिस्पर्धा के इस युग में बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों पर भी फोकस करना चाहिए। बच्चों को हमेशा सीखने की भावना बनाए रखना होगी तथा टाइम टेबल बनाकर कठिन परिश्रम करना होगा। हरिद्वार से आए सैनी शाक्य मौर्य कुशवाहा समाज के राष्ट्रीय सचिव बीपी सिंह सैनी ने कहा कि हमें अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पढ़ना चाहिए और अपने समाज के महापुरुषों का अनुसरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलकर समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले ने जो शिक्षा की अलग जगह थी आज हम उनके बताएं आदर्शों पर चलकर ही अपने समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। ओपी सैनी मुरादाबाद और डॉ. मूलचंद सैनी मेरठ ने सम्मानित होने वाले बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि इस सम्मान की गरिमा को बना कर रखें और जिस क्षेत्र में भी जाएं अपने समाज का नाम रोशन करें।

प्रतिभा सम्मान समारोह में सैनी समाज के 250 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान राम सिंह सैनी ने की तथा संचालन देवेंद्र सैनी ने किया। सम्मान समारोह का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर के किया गया। कार्यक्रम को प्रधान कल्याण सिंह सैनी, तिलक राज सैनी, अनिल सैनी, होराम सैनी, मास्टर राजपाल सैनी, सूरजमल सैनी, डॉ. शिवराज सैनी, विष्णु प्रधान, इंद्रपाल सैनी, सीताराम सैनी, मोहित सैनी, सुमन सैनी, ओमवती सैनी आदि ने संबोधित किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में हरिद्वार, मुजफ्फरनगर और बिजनौर के सैनी समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## वन विभाग की टीम ने की जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन सामाजिक की आम के हरे भरे पेड़ों को केमिकल डालकर सुखाने की शिकायत पर वन विभाग की टीम ने आम के बाग में पहुंचकर जांच करते हुए पेड़ों के जड़ों के पास की मिट्टी के परीक्षण के लिए नमूने एकत्रित किए हैं। जांच के लिए नमूने लैब में भेजे गए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के युवा जिलाध्यक्ष विनीत कुमार तोमर, युवा जिला उपाध्यक्ष ललित कुमार, भूदेव सिंह, लोकेन्द्र कुमार, रानू शर्मा, मनोज कुमार, लाखन सिंह, आनंद कुमार आदि ने डीएफओ को दिए शिकायती पत्र में कहा था कि नहटौर के मिलक अमराबाद रोड पर एक आम के बाग में हरे भरे आम के पेड़ों को केमिकल डालकर उन्हें सुखाया जा रहा है, जिससे पेड़ भी मुरझाने लगे हैं। उन्होंने इस संबंध में जांच की मांग की थी। इसी को लेकर वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह के साथ वन विभाग की टीम आम के बाग में पहुंची और भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में जांच की। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि एक साजिश के तहत आम के पेड़ों की जड़ों व पत्तों पर स्प्रे करके हरे भरे पेड़ों को सुखाया जा रहा है। जिससे उन्हें काटने की अनुमति आसानी से मिल जाए। भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के पदाधिकारियों ने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वन विभाग की टीम ने जांच करते हुए आम के पेड़ों की जड़ों के आस-पास की मिट्टी को परीक्षण के लिए नमूने एकत्रित किए है। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि मिट्टी के नमूने जांच के लिए लैब में भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## 'बढ़ता मोटापा खतरे में भविष्य' विषय पर सेमिनार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** झालू के ग्रेट इंडियन अकेडमी में 'बढ़ता मोटापा खतरे में भविष्य' पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। जिसमें बिजनौर के प्रमुख शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आरती सेतिया ने आजकल के युवा के बढ़ते वजन और उससे होने वाले शारीरिक समस्याओं की जागरूकता के लिए एक विशेष सेमिनार ली है। उन्होंने बताया कि कैसे आजकल के खान पान की वजह से और शारीरिक खेलों के अभाव में बालक और बालिकाएं बढ़ते वजन के कारण कम उम्र में भी बीपी, थायराइड, शुगर और मानसिक तनाव जैसे अन्य अनेक बीमारियों से जूझ रहे है। उन्होंने बताया कि शारीरिक श्रम और अच्छे खान पान से हम कैसे अपने जीवन को स्वस्थ और बीमारी मुक्त रख सकते है, बढ़ती उम्र के साथ-साथ बालक की लंबाई के साथ-साथ उसके वजन का अनुपात क्या होना चाहिए वह भी उन्होंने बताया।



साथ ही उन्होंने बताया कि मोटापा केवल शरीर को भारी नहीं बनाता, बल्कि यह अनेक गंभीर बीमारियों की जड़ भी है। हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायरॉयड, जोड़ों का दर्द और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियां भी अधिक वजन के कारण पनपती हैं। बचपन में बढ़ा वजन आगे चलकर जीवनभर की परेशानी बन सकता है। मोटे बच्चे अक्सर आत्मविश्वास की कमी, सामाजिक उपेक्षा और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं से भी जूझते हैं।

यदि समय रहते इस खतरे को नहीं रोका गया, तो आने वाला भविष्य अस्वस्थ, कमजोर और बीमारियों से ग्रस्त होगा। स्वस्थ राष्ट्र का आधार स्वस्थ नागरिक होते हैं। यदि हमारी युवा पीढ़ी ही मोटापे की चपेट में आ जाएगी, तो वह देश के विकास और प्रगति में अपेक्षित योगदान नहीं दे पाएगी। इस समस्या से निपटने के लिए सबसे पहले जीवनशैली में बदलाव जरूरी है। संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम, खेलकूद, योग और पर्याप्त नींद मोटापे से बचाने के सबसे सरल उपाय हैं। परिवार को चाहिए कि बच्चों को जंक फूड से दूर रखें और घर के पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता दें। उसके पश्चात उन्होंने सराहना की कैसे ग्रेट इंडियन अकेडमी में खेल और अन्य क्रियात्मक प्रतियोगिताओं को बढ़ावा दिया जाता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा, उप प्रधानाचार्य श्रीमती दीक्षा डाबरा ने बताया कि समय समय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा तथा विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है।

## एक नजर

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**चांदपुर।** मोहल्ला सराय रफी निवासी नईम अहमद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह गत रात्रि को अपनी ससुराल मोहल्ला कटारमल में आया था। वापसी में जब वह बाहर आया तो उसकी बाइक संख्या 20 एएम 5083 गायब थी। पीड़ित नईम अहमद ने अपनी बाईक चोरी हो जाने की तहरीर पुलिस को दे दी है।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की बैठक



**बिजनौर।** आज वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिजनौर की मासिक बैठक परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय शिवराम शर्मा के निवास शिवाशीष, नई बस्ती, बी 14, बिजनौर पर धर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता, लेखा सिंह (सेवानिवृत्त जिला जज) के संरक्षण और दिनेश चन्द्र शर्मा के संचालन में मंच गठन के साथ श्री गायत्री मंत्र और ओम प्रार्थना के सामूहिक पाठ के साथ आरंभ हुई। सर्वप्रथम अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और गत बैठक 20 जुलाई 2025 की कार्यवाही प्रस्तुत की। जिसका सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन एवं पुष्टि की। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार व संस्मरण रखें और कविता पाठ किया। दिनेश चन्द्र शर्मा ने अति सुन्दर भजन फूलों में सज रहे हैं श्री वृन्दावन बिहारी, श्रीमती सुषमा कुमार अग्रवाल ने श्यामा ऐसे बसो मन में, अर्जुन कुमार अग्रवाल ने रसखान के दोहे, बी आर मेहरा ने महामंत्र, सोम प्रकाश शर्मा ने गीता संदेश और लेखा सिंह ने पुराना गीत सजन घर जाना है सुना कर सब को आनंदित किया। परिषद के निर्णयानुसार अर्जुन कुमार अग्रवाल, लेखा सिंह, श्रीमती राजकुमारी वर्मा पत्नी कौशल कुमार वर्मा और मैत्रेयी शर्मा पत्नि दिनेश चन्द्र शर्मा को जन्मदिन का उपहार देकर कर सभी ने बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। बैठक को सफल बनाने में राजीव कुमार शर्मा, प्रबंधक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बिजनौर और संजीव कुमार शर्मा स्वामी न्यू शिवाशीष मेडिकोज बिजनौर का विशेष योगदान रहा। बैठक में धर्मवीर शर्मा, श्रीमती हीरा देवी, श्रीमती सुषमा अग्रवाल, संजीव कुमार शर्मा, सोम प्रकाश शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, लेखा सिंह सेवानिवृत्त जिला जज, श्रीमती सुशीला देवी, अर्जुन कुमार अग्रवाल, कौशल कुमार वर्मा, बी आर मेहरा आदि ने भाग लिया। बैठक का समापन प्रार्थना और शांति पाठ के सामूहिक पाठ के साथ हुआ। अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### संदीप जोशी बने युवा जिला प्रभारी



**नूरपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला स्तरीय चुनावी महासम्मेलन में नूरपुर निवासी व्यापारी नेता संदीप जोशी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का युवा जिला प्रभारी बनाया गया है। संदीप जोशी के नाम की घोषणा करते हुए प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा संदीप जोशी एक ऊर्जावान व्यापारी नेता है। जिला प्रभारी बनने से संगठन को और ऊर्जा मिलेगी। नूरपुर पहुंचने पर नगर के व्यापारियों ने संदीप जोशी का फूल मालाओं से स्वागत किया। संदीप जोशी के जिला प्रभारी बनने से उनके समर्थकों व व्यापारियों में खुशी का माहौल बना हुआ है। इस मौके पर तसलीम अहमद, मोनिका चौधरी, अजय वीर सिंह, मुकेश जोशी, सरदार रविंदर सिंह, मुकुल गुप्ता, सुशील ठाकुर, ललवंत सिंह, अलिशा हुसैन सिद्दीकी, शाहनवाज मलिक, संजीव जोशी, अंकित जोशी, शाहनवाज मलिक आदि मौजूद रहे।

### श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**अफजलगढ़।** विश्नोई मंदिर में हवन के पश्चात ब्रह्मलीन संत स्व. राजेंद्रानंद महाराज को समाज के लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, मनोज कुमार विश्नोई, अजय कुमार विश्नोई, अजय कुमार विश्नोई, अध्यक्ष डॉ. विपिन कुमार विश्नोई, सुभाष चंद्र विश्नोई, ऋषभ विश्नोई, श्रीमती शशि बाला विश्नोई आदि उपस्थित थे।

### मैन ऑफ द मैच कप्तान बने रिंकू सिंह



**बिजनौर।** यूपी टी- 20 लीग मैच में कल इकाना स्टेडियम लखनऊ पर मेरठ मेवरिक्स और काशी रुद्रा के बीच खेला गया। जिसमें काशी रुद्रा टीम पहले खेलते हुए 135 रन बनाए। जवाब में मेरठ की टीम ने 16 ओव. रों में ही मैच जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच कप्तान रिंकू सिंह ने 6 छक्कों की बदौलत नाबाद 78 रनों का योगदान रहा। रिंकू सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष 'डॉ. ऐ.के. अग्रवाल' ने प्रदान किया। बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन परिवार यू. पी. क्रिकेट एसोसिएशन का आभार व्यक्त करता है कि उन्होंने हमारे अध्यक्ष को लखनऊ में मान सम्मान दिया।

### हादसे में युवक की मौत

**स्योहारा।** अफजलगढ़ के ग्राम जठपुरा महावतपुर निवासी अतुल कुमार (22) पुत्र विपिन कुमार की हादसे में मौत हो गई। युवक बाइक से स्योहारा जा रहा था। जैसे ही वह ठाकुरद्वारा रोड पर ग्राम बेरखेड़ा तिराहे के पास पहुँचा, तभी सामने से आ रही डीसीएम से उसकी बाइक की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में अतुल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे और आवश्यक कार्यवाही की पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों के आग्रह पर उन्हें सौंप दिया।

## एक नजर

### मगरमच्छ पकड़कर गंगा में छोड़ा




**मंडावर।** बीती रात लगभग दो बजे के करीब एक मगरमच्छ गांव सैफपुर खादर के पास मंडावर बालावाली मुख्य मार्ग पर आ गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे किसी ग्रामीण की नजर सड़क पर बैठे मगरमच्छ पर पड़ गई। मगरमच्छ के गांव के पास होने की सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना रात्रि में ही वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़कर गंगा नदी में छोड़ दिया।

### दिव्यांगों का सम्मान करें



**बिजनौर।** दिव्यांग सहारा इसके प्रदेश प्रभारी जीशान मलिक का कहना है कि विकलांग व्यक्तियों को सफर के दौरान बसों में बैठने को सीट नहीं मिलती। बताते चले उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री एंड परिवाहन आयुक्त के आदेशानुसार सरकारी बसों में सांसद एंड विधायक व दिव्यांग व्यक्तियों को सफर में परेशानी का सामना न करना पड़े। इस कारण उ.प्र. की सभी सरकारी बसों में विकलांग सीट लगाई है। इस सीट के ऊपर एण्ड सीट की बैंक साइड में लिखा रहता है यह सीट दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित है। सफर के दरमियान अच्छ खासे युवा विकलांग सीट पर बैठ जाते है और दिव्यांग व्यक्ति के आने पर और सीट के पास खड़े होकर विकलांग व्यक्ति सफर करता है, तो लेकिन सही सलामत युवा सीट खाली नहीं करता। जब से बसों में हिंसा होने लगी है बस का चालक व परिचालक विकलांग को देख कर भी अनदेखी करता है।

### दानिश के गायब होने से परिजन परेशान



**किरतपुर।** मौहल्ला मिर्जापुर निवासी दानिश (उम्र लगभग 35 वर्ष) जुमे के दिन रहस्यमय परिस्थितियों में अचानक लापता हो गया। इस तरह से दानिश के अचानक गायब होने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। दानिश बीती शाम करीब पांच बजे अपनी दुकान से घर के लिए निकले थे, लेकिन उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने देर रात तक अपने स्तर पर खोजबीन की, मगर सफलता हाथ नहीं लगी। परिजनों की तहरीर पर थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अचानक हुए इस घटना से परिजनों सहित आसपास के लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि गुमशुदा की तलाश के लिए प्रयास जारी हैं और जल्द ही सुराग मिलने की उम्मीद है।

### हादसे में बाइक सवार घायल

**शेरकोट।** एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक निराश्रित पशु से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान सुलेमान पुत्र रईस अहमद निवासी गांव मनोहरवाली के रूप में हुई है। रविवार को देर शाम सुलेमान बाइक से शेरकोट आ रहा था, जब वह शेरकोट के नजदीक पहुंचा, तो उसकी बाइक निराश्रित पशु से टकरा गई। इससे वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल सुलेमान को निजी चिकित्सक के पास ले जाकर उसका इलाज करवाया। सूचना मिलते ही सुलेमान के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

## हल्दौर में गुदड़ी दोयज मेले का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ

**हल्दौर।** हल्दौर में रविवार को परंपरागत गुदड़ी दोयज मेले का शुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार उनकी पत्नी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मेले में विधायक ओम कुमार ने कहा कि गुदड़ी दोयज मेला हल्दौर की सांस्कृतिक धरोहर और लोक परंपराओं का जीवत प्रतीक है। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और मेलजोल को मजबूत करते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पारंपरिक मेलों को संरक्षित व जीवित रखने का आह्वान किया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल समाज को जोड़ते हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर महिला उद्यमिता और स्वरोजगार को भी बढ़ावा देते हैं। संचालन दर्पण रावल ने किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, नीरज कुमार, नवनीत कुमार, अनिल सिंह, अतुल मारवाड़ी, भीम ठेकेदार, रेखा यादव, मोहित कुमार, राजीव आदि मौजूद रहे।

## गणपति महोत्सव की धूम

### भगवान गणपति की उपासना से न सधने वाले काम स्वयं सध जाते हैं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** गणपति महोत्सव के चौथे दिन की संध्या के मुख्य यजमान पवन कुमार अग्रवाल, सिद्धवली स्टील्स और अनिरुद्ध शर्मा और आज पांचवें दिन सुबह के मुख्य यजमान आकांक्षा अग्रवाल एवं उनके परिवारजनों को पंडित जितेंद्र डबराल में पंडित संजय डबराल ने पूर्ण विधि विधान से स्थापित गणपति की पूजा-अर्चना कराकर गणपति बप्पा को भोग लगाया।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए जिन्हें संबोधित करते हुए पंडित जितेंद्र डबराल ने कहा कि भगवान गणपति शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं और उनकी सच्चे मन से आराधना करने से वे शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों को मनचाहा वरदान देते हैं और व्यक्ति के समस्त कार्य जिनके पूर्ण होने में विलंब हो रहा होता है वे भी तुरंत पूर्ण हो जाते हैं।

पंडित संजय डबराल ने कहा कि भगवान गणपति पर जो भक्त अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं। उन भक्तों का हाथ भगवान गणेश स्वयं थाम लेते हैं और भक्त मनवांछित व इच्छित फल प्राप्त करता है। भगवान गणेश की असीम अनुकंपा जिन भक्तगणों पर हो जाती है। उन्हें कभी असफलता का दिन नहीं देखना पड़ता। बल्कि उनके जीवन में एक ऐसा परिवर्तन आता है कि जब-जब भी उनके मार्ग में कोई बाधा आती है या कोई काम नहीं सध रहा होता है, तो भगवान गणेश के अपार और असीमित आशीर्वाद से सभी कार्य स्वयं ही सधने लग जाते हैं। इसलिए समस्त देवी-देवताओं में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की पूरे मानव योग के साथ आराधना और उपासना करनी चाहिए। दोनों विद्वान पंडितों ने मुख्य यजमानों के हाथों से स्थापित गणपति को मोदक का भोग लगवाया और सभी उपस्थित भक्तों को चरणामृत फल और अन्य मिष्ठानों का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुलवीर सिंह, अवनीश अग्रवाल टांडे वाले, विवेक अग्रवाल राज ज्वैलर्स, राकेश गोयल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार गोयल, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, मंत्री रविंद्र चौहान, प्रचार मंत्री डॉ. एसके जौहर, उप मंत्री डॉ. राहुल वर्मा, आलोक अग्रवाल, राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉ. राजीव अरोड़ा, मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एड. सहित राजेश भारद्वाज, अरुण पाटिल, पंकज अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी, दीपक भारद्वाज, एसपी मित्तल, नवनीत वर्मा, शिवांशु तायल, अभिषेक कौशिक, नीतीश सिंघल, राजेश तागरा, अमित पाटिल और पंकज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## स्व. चौधरी घसीटा सिंह की पुण्यतिथि मनाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** बिलाई चीनी मिल पर स्वर्गीय चौधरी घसीटा सिंह की 12वीं पुण्यतिथि मनाई गई।



2014 में गन्ना भुगतान लेने के लिए बिलाई चीनी मिल पर 114 दिनों तक चल रहे धरने में चौधरी घसीटा सिंह की धरने के दौरान ही मृत्यु हो गई थी। बिलाई मिल पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने के कानूनी विवाद में अदालत में भी करने वाले वकील स्वर्गीय विवेक शर्मा को भी याद किया गया। जिन्होंने इस कानूनी विवाद को अंजाम तक पहुंचा। इसी विवाद में धरातल से अदालत तक तन मन धन से डटकर खड़े रहने वाले मुख्य मुद्दई वर्तमान जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के प्रयासों को भी सराहा गया। जिन्होंने पूरी कानूनी लड़ाई मजबूती से लड़ी। आज चौधरी घसीटा सिंह के पुत्र रविंद्र सिंह ने मुनिदेव मास्टर ने बिलाई चीनी मिल पर हवन किया और प्रसाद वितरण किया। उनकी चीनी मिल गेट पर लगी मूर्ति पर पुरुष अर्पित किए और उनकी आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

आज की शांति सभा में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान युवा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, सोनू चौधरी, विजय पाल सिंह, राम अवतार सिंह, महेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, आशु चौधरी, रविंद्र सिंह, मुनेंद्र सिंह, मास्टर धर्मेंद्र कुमार, कुलदीप सिंह, रोहित राणा, मुनेंद्र काकरान, धर्मेंद्र राणा, पुष्पेंद्र चौधरी, संदीप त्यागी, मुनेंद्र काकरान, कविराज सिंह, डॉ. विजय सिंह, हरीराज सिंह, विनीत चौधरी, शुभम चौधरी, बिलाई चीनी मिल के जीएम राहुल चौधरी, नवीन आर्य, अजय बालिया, रिंकू राठी, जय सिंह, देवेंद्र सिंह, बेगराज सिंह, आदि किसान मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)**

पृष्ठांकन संख्या 170/न.पा.प./किरतपुर कर वि. दिनांक: 28.08.2025

अधिसूचना अन्तर्गत धारा- 147 (2) यू.पी. म्यू.एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री हुमायूं खां व रोहील खान नि. मौहल्ला वलीपुरा, किरतपुर, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 3812/3E स्थित मौहल्ला वलीपुरा में श्रीमती फरीदा बानो पत्नी श्री रईस खां के नाम के स्थान पर अपना नाम अंकित किये जाने हेतु साक्ष्य सहित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने स्वामित्व के रूप में श्रीमती फरीदा बानो पत्नी रईस खां के मृत्यु प्रमाण-पत्र व तहस. लिदार द्वारा प्रमाणित श्रीमती फरीदा बानो के पारिवारिक सदस्य प्रमाण-पत्र तथा शपथकर्ता हुमा खानम पत्नी नईमुद्दीन पुत्री रईस खां निवासी मौहल्ला कोट चमन, हसनपुर जिला ज्योतिबा फूलेनगर, नाहिद खानम पत्नी आबिद खान पुत्री रईस खां नि. गली नं.-7 पूर्वी फय्याज अली मेरठ, व फरहाना पत्नी श्री नौशाद अहमद पुत्री रईस खां नि. मौहल्ला काजीपाड़ा जिला बिजनौर द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति में अपनी माता फरीदा बानो के नाम स्थान पर आवेदनकर्ता श्री हुमायूं खां व रोहील खान पुत्रगण श्री रईस खां का नाम दर्ज करने हेतु अनापत्ति शपथ-पत्र के अनुसार सम्पत्ति संख्या 3812/3E स्थित मौहल्ला वलीपुरा किरतपुर में अपना नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति में आवेदन स्वतः निरस्त माना जाएगा।

विवरण:- सम्पत्ति संख्या 3812/3E (आवासीय) स्थित मौहल्ला वलीपुरा किरतपुर (बिजनौर)।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**किरतपुर (बिजनौर)**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र आजाद खान व उसकी पत्नी नाजिया परवीन मेरी कोई खैर खबर नहीं लेते हैं। मुझे कोई खर्च भी नहीं देते है। बल्कि मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते है। इनके गलत आचरण व व्यवहार से दुखी व परेशान होकर मैंने इन दोनों से पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त करके इन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं होगा।

**मौ. शाहिद अहमद खान पुत्र इशहाक अहमद खान, ग्राम कासमपुर गढ़ी, परगना अफजलगढ़, जिला-बिजनौर**

# धामपुर में गणेश उत्सव का समापन

## धूमधाम से निकली विसर्जन यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला कहारान में पांच दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का रविवार को विधि विधान के साथ समापन हुआ। गणेश भगवान की भव्य प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए हरिद्वार विसर्जन के लिए रवाना किया गया।

महोत्सव के समापन अवसर पर अखाड़ा प्रेमियों ने करतब दिखाकर लोगों को अचंभित कर दिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में युवाओं की टोली ने पिरामिड बनाकर जमकर उत्साह दिखाया। डीजे पर भजनों की धुन पर युवाओं ने नृत्य किया, वहीं महिलाओं ने पारंपरिक जयकारों से वातावरण को गणेशमय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से हुआ, जिसमें नगर पालिका परिषद के सभासद हिमांशु सैनी, वरिष्ठ लिपिक पवन कुमार, आरएसएस के वरिष्ठ अधिकारी अरुण कुमार भटनागर समेत आयोजन समिति के पदाधिकारी शामिल रहे। महिला मंडल की ओर से आयोजित भजन संध्या में सुनीता गांधी, कविता गोस्वामी, प्रीति सैनी, रेखा रस्तोगी, साधना गोस्वामी, रीता गोस्वामी, विमला भटनागर, रूपा गोस्वामी, कुणाल गांधी आदि ने विभिन्न भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान गणेश के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। इस दौरान श्रद्धालु परिवारों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के अलावा जय गणेश देवा जय गणेश देवा आदि पारंपरिक जयकारों के सामूहिक उच्चारण से कार्यक्रम स्थल को गणेश मय बना दिया।

भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का समापन महाआरती के साथ हुआ।



## अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

**हीमपुर दीपा।** पुलिस ने तमंचाधारी एक युवक को ग्राम मिर्जापुर खादर से गिरफ्तार किया है। युवक के पास से 12 बोर का एक तमंचा भी बरामद किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हल्की-फुल्की बूंदाबांदी के दौरान संदिग्धता को दृष्टिगत रखते हुए एसआई जगत सिंह ने हल्का सिपाहियों के साथ गांव के संदिग्ध तिराहे- चौराहों पर चैकिंग शुरू कर दी। पुलिस ने ग्राम मिर्जापुर के सुखविंदर पुत्र ब्रहमपाल सिंह को 12 बोर के एक तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी करने पर एसआई जगत सिंह ने बताया कि असामाजिक तत्व हल्की फुल्की बारिश जैसे मौसम में घटनाओं की फिराक में रहते है और वह बारिश में संदिग्ध स्थानों पर ऐसे असामाजिक तत्वों की तलाश में रहते है ताकि थाना क्षेत्र में न केवल कोई आपराधिक घटना घट सके, अपितु शांति व्यवस्था भी कायम रहे। इस दौरान एसआई जगत सिंह, सिपाही अमित वर्मा और सचिन पाल भी मौजूद रहे।

# सुनील दत्त शर्मा अध्यक्ष व हेमराज सिंह जिला मंत्री निर्वाचित

## राजकीय वाहन चालक महासंघ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विकास भवन के सभागार में राजकीय वाहन चालक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी एवं सहायक चुनाव अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें जिला अध्यक्ष पद पर सुनील दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास पाठक, जिला संयुक्त मंत्री अरविंद कुमार, संगठन मंत्री सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, प्रचार मंत्री बृजेश चौधरी को निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला मंत्री पद पर चुनाव हुआ, जिसमें हेमराज सिंह को 26 मत एवं नरेंद्र कुमार को 16 मत प्राप्त हुए तथा 05 मत निरस्त हुए। हेमराज सिंह को 10 मतों से मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा विजयी घोषित किया गया। सर्वसम्मति से राजपाल सिंह को जिला संरक्षक मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दीकी ने कहा कि संगठन सदैव सेवा सुरक्षा के लिए संघर्ष करता है। 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को एनपीएस एवं यूपीएस के नाम से सरकारों ने ठगने का काम किया है संगठन ने हमेशा पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष किया है जो अंत तक जारी रहेगा। मुख्य चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कहा कि संगठन के प्रति पूरा निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे तो नि:संदेह हमारी बात को शासन प्रशासन समझेगा। महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि जनपद स्तर पर किसी भी कर्मचारी का अनावश्यक उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। आगामी आंदोलन में कर्मचारियों की सहभागिता एवं आंदोलन को सफल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महासंघ प्रदेश सलाहकार शाहिद अली, प्रदेश मंत्री रमेश कुमार ,पूर्व महामंत्री (स्वास्थ्य विभाग) अमित सैनी, संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद जिला संरक्षक देशराज सिंह, महासंघ क्षेत्र मंत्री मुरादाबाद मंडल संजीव कुमार, संजय कुमार, ललित कुमार, सोहरव खान, विमल कुमार, संदीप सैनी, चंद्र देव, अनिल कुमार, देवेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मनचंदा, विजयपाल सिंह, वीर सिंह, विजेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार आदि ने संबोधित किया।

# आबादी में घुसकर गुलदार ने कटड़े को बनाया निवाला

## ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गांव चमरौला में गुलदार ने भैंस के आठ माह के कटड़े को निवाला बना लिया। आबादी क्षेत्र में आए दिन गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत है।

गांव चमरौला निवासी मुनेश की पशुशाला में कई पशु बंध रहे थे। आज तड़के चार बजे गुलदार पशुशाला में घुसा और आठ माह के कटड़े को निवाला बना लिया। ग्रामीणों ने आसपास काफी तलाश की लेकिन गुलदार का कहीं पता नहीं चला। ग्रामीणों ने सामाजिक वानिकी विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर पिंजरा लगवाने की मांग की है। दिनेश कुमार, नीरज सहरावत, सुनील कुमार, घसीटा सिंह आदि का कहना है कि आए दिन आबादी व आसपास के क्षेत्र में गुलदार देखा जा रहा है। कई बार पिंजरा लगवाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



उधर वानिकी विभाग के दरोगा विकास कुमार ने बताया कि जल्द ही क्षेत्र में पिंजरा लगाया जाएगा।

## नि:शुल्क योग शिविर सात सितम्बर को

**बिजनौर।** 'सौभाग्यशाली मेरा परिवार बिजनौर' द्वारा आगामी सात सितम्बर, रविवार को एक दिवसीय नि:शुल्क योगी शिविर का आयोजन प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक स्थानीय रेलवे स्टेशन चौराहे के निकट स्थित काकरान वाटिका में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर में योगाचार्य सोमदत्त शर्मा द्वारा योग के अनुसार आसन, प्रणायाम, सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास बहुत ही सरल व प्रभावी ढंग से कराया जाएगा।

# ई-रिक्शा चालक यूनियन का गठन

## रिक्शा चालकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे: मुदस्सिर जमा खां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर के रिक्शा चालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुदस्सिर जमा खां के नेतृत्व में बैटरी रिक्शा चालक यूनियन का गठन किया गया। इस मौके पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में सैकड़ों रिक्शा चालकों ने भागीदारी की।

मुअज्जमपुर रोड स्थित रायल हैरिटेज रिसॉर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मौ. उवैस खां ने कहा कि संगठन बनाना आसान है, किंतु संगठित रहना बड़ी बात है। संगठन एक परिवार की तरह होता है और इसकी एकता बनाए रखना बेहद आवश्यक है। रिक्शा चालक मेहनतकश वर्ग हैं, उनके अधिकारों की रक्षा इस यूनियन की प्राथमिकता होगी। यह संगठन किसी भी राजनीतिक स्वार्थ के लिए नहीं बनाया गया।



कार्यक्रम का संचालन करते हुए संयोजक मुदस्सिर जमा खां ने बताया कि यूनियन के संरक्षक मंडल में नगर व क्षेत्र के अधिवक्ताओं, किसान नेताओं, पत्रकारों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों को जोड़ा गया है। यूनियन के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सभासद इस्लाम राईन को सौंपी गई है, जबकि आसिफ खान उपाध्यक्ष, मरैहम्मद फारूक महासचिव तथा मौहम्मद नौशाद सचिव चुने गए हैं। अन्य पदाधिकारियों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिक्शा चालकों के उत्पीड़न को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जहां उनका पसीना गिरेगा, वहां हम अपना खून बहाने को तैयार रहेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष इस्लाम राईन, एडवोकेट अमित अग्रवाल, एडवोकेट हनुमान सिंह चौहान, एडवोकेट मौहम्मद उजैर, एडवोकेट मौहम्मद फहीम, मुन्ना टाइगर, शूटर उस्मान खां, भाजपा नेता फिरोज कादरी, सुप्रीम कोर्ट के सरकारी अधिवक्ता मुजक्किर जमा खां, वरिष्ठ पत्रकार दिलशाद अल्वी, विशाल पारचा, आदर्श चौधरी, मौहम्मद मेहरबान, मुसैब सिद्दीकी, शमीम अंसारी, सलीम राशिद, रोहिल खान, मौहम्मद परवेज, डॉ. मोजिज्यर खां आदि ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अंत में मुदस्सिर जमा खां, सी.ए. उवैस खां, मुजक्किर जमा खां तथा एडवोकेट फहीम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### विद्युत उपकेन्द्र की दरकार

**अफजलगढ़।** भूतपर्व सैनिक कॉलोनियों सहित ग्रामीण क्षेत्र को 33/11 क्षमता के विद्युत उपकेंद्र की दरकार है। विभागीय अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए किसानों ने मामले को कार्यवाही आगे बढ़ाने की मांग की है। कादराबाद, विजयनगर, मुरलीवाला, जामनवाला सहित दर्जनों ग्रामों के किसानों व ग्रामीणों के द्वारा बरसों से क्षेत्र में 33/11 विद्युत उपकेंद्र बनवाने की मांग निरंतर की जा रही है। किसान नेता मदन सिंह राणा, जसपाल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, चरनजीत, सतेंद्र, अमरपाल, गजे सिंह, अम्बू सिंह आदि का कहना है कि क्षेत्र में विद्युत ट्रपिंग, हाई व लोवोल्टेज व गर्मियों में दिन रात का सप्लाई शेड्यूल आदि से क्षेत्रीय जनता परेशान है। वहीं किसानों को फसल में पानी के लिये भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे निजात के लिये 2016 से किसानों सहित क्षेत्र की जनता निरंतर बिजली घर की मांग करती आ रहे है। किंतु विभागीय अधिकारियों की अनदेखी से जनता आज तक परेशान है। मामले में कोई कार्यवाही विभाग द्वारा आगे नहीं बढ़ाई गई है। जबकि लिखित तौर पर उच्चाधिकारियों तक मांग की गई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से क्षेत्र शीघ्र ही बिजली घर की स्वीकृत करा कर कार्य प्रारम्भ कराने की मांग की है। अधिसाशी अभियंता विनोद गंगवार का कहना है कि शीघ्र ही समस्या निस्तारण का प्रयास किया जाएगा।

### झालू में गाय की जान बचाई



**बिजनौर।** झालू नगर में बीती रात करीब नौ बजे नगर पंचायत अध्यक्ष कैंप कार्यालय के पास एक गाय अचानक गहरे नाले में गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय नागरिकों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। युवाओं ने बिना समय गंवाए संयुक्त प्रयास किया और संघर्ष के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस बचाव कार्य में पुरु, ऋतिक, शुभम, मुकुल, हिमांशु, मोनू सहित कई युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी तत्परता और जज्बे से गाय की जान बचाई जा सकी। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को आवारा न छोड़ें। उन्होंने कहा कि खुले में घूमने वाले जानवर अक्सर दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं और कभी-कभी राहगीरों के लिए भी खतरा बन जाते हैं। इसलिए पशुप्रेमियों का कर्तव्य है कि वे अपने पशुओं की सही देखभाल करें।

### सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। मोहल्ला काहरान में स्योहारा चुंगी के निकट मोहित कुमार सैनी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा, मुझे अपनी शरण में ले लो मैं बालक हूं तुम्हारा, यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में मोहित कुमार सैनी, फूलवती देवी, सुनील सैनी, अनिल सैनी, सुनीता सैनी, प्रतिभा सैनी, आरती सैनी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, रामप्रकाश वर्मा, मनोज रस्तोगी, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### गुलदार ने बछड़े को बनाया शिकार



**चंदक।** ग्राम नाईवाला में एक पशुशाला से गुलदार ने बछड़े को उठाकर उसका शिकार किया। सुबह पास के खेतों में बछड़े का अधखाया शरीर पड़ा मिला। ग्रामीणों के मुताबिक पास में गुलदार के पंजों के निशान देखे गए, जिससे ग्राम में गुलदार की दहशत पसर गई। ग्राम निवासी सुनील पुत्र राम सिंह की ग्राम के सामने लाइन पार पशुशाला है। आज सुबह उन्होंने पशुशाला में जाकर देखा, तो बछड़ा गायब था। पहले उन्होंने सोचा कि उनका बछड़ा चोरी हो गया है, लेकिन कुछ समय बाद बछड़े का जंगली जानवर द्वारा खाया गया अवशेष पास में खेतों में पड़ा मिला। ग्रामीणों के मुताबिक बछड़े को गुलदार ने निवाला बनाया। गुलदार की आमद से ग्रामीणों में डर का माहौल है।

# वीरा में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता

## तीसरे दिन साइकिल यात्रा का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में राष्ट्रीय खेल दिवस का तीन दिवसीय उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष का थीम 'हर गली हर मैदान खेले, सारा हिन्दुस्तान' रहा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का नाम 'ट्रिब्यूट टू मेजर ध्यानचंद' रखा गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस फील्ड हॉकी के सर्वकालिक महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ फिट इंडिया प्रतिज्ञा के साथ हुआ। इसके बाद योग एवं फिटनेस पर विशेष व्याख्यान, रस्साकशी, कैरम, 100 मीटर दौड़ तथा रस्सी कूद जैसे विविध खेलों का आयोजन किया गया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना, शारीरिक स्वास्थ्य और टीमवर्क का संदेश दिया और तीसरे दिन साइकिल यात्रा का भी आयोजन किया गया।



100 मीटर दौड़ मे कुलवीर त्यागी प्रथम रोहित राजपूत द्वितीय स्थान व आयुष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, रस्सी कूद मे सक्षम विजयी रहे, चेस प्रतियोगिता मे कौशल राजपूत विजयी रहे।

संस्था सचिव कु. उदयन वीरा, कु. रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) व प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति स्वाति वीरा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

इस अवसर पर निदेशक डॉ. (प्रो) अमित कुमार बंसल ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने मेजर ध्यानचंद को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमें उनके जीवन से उनसे प्रेरणा लेकर खेलों को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

इस आयोजन को सफल बनाने में स्पोर्ट्स कोओर्डिनटर डॉ. अभिषेक चौधरी, सभी विभागाध्यक्ष गौरव गुप्ता, डॉ. अजय कुमार, डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर लांबा, डॉ. फैजल अंसारी व अमन शर्मा, श्वेता गौड़, विमल कश्यप, ललित कुमार, मोहित शर्मा, गजेंद्र सिंह, विपिन कुमार, प्रदीप शर्मा, हर्ष राजपूत, शिखा उपाध्याय, सुरभि ढाका, मोनिका गौड़, आयज उल हक, अभिनव पुंडीर आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा कार्यक्रम में छात्रों और अध्यापकों की सक्रिय भागीदारी ने राष्ट्रीय खेल दिवस को यादगार बना दिया।

# स्ट्रीट लाइटें न लगने से ग्रामीणों को परेशानी

## जिम्मेदारों ने कई बार डकार ली रकम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम पंचायत हीमपुर दीपा में पिछले 10 सालों में एक स्ट्रीट लाईट नहीं लग पाई। हालांकि जिम्मेदारों ने स्ट्रीट लाइट के नाम पर कितनी बार रकम हड़पी है, यह जिला प्रशासन अपने पोर्टल पर चैक कर सकता है।

ग्राम हीमपुर दीपा में न तो किसी तिराहे पर और न ही किसी चौराहे पर ही एक स्ट्रीट लाईट को ग्राम के जिम्मेदारों ने लगवाना गवारा समझा। हालांकि पिछले 10 सालों से इन स्ट्रीट लाइटों के नाम पर सरकारी रकम को भर भरकर हड़पने का काम किया गया। उधर विशेष बात यह है कि विद्युत विभाग के रहमोकरम पर ग्रामीण रात को घर से बाहर आ जा पाते है। बालाजी मंदिर के पास लगे मन्दिर की स्ट्रीट लाइट सहित तिराहे पर खड़े विद्युत पोल पर लगे बल्ब और भागमल बंसल के घर के बाहर लटका बल्ब ही ग्रामीणों को रोशनी का सहारा है। वहीं ग्राम औंधा, मांढी, पुट्ठा को जाने वाली सड़क के लिए चौराहे पर स्थित दुकानों की रोशनी ही राहगीरों के लिए डूबते को तिनके का सहारा है। यह चौराहा पार करते ही पांच किलोमीटर दूर स्थित जंगल के इस रास्ते पर गुलदार की चहलकदमी के चलते भी राहगीरों को जान हथेली पर रखकर दूसरे गांव में जाना पड़ता है। ऐसे में लोग अंधेरे में महज इसलिए मरने को तैयार हैं, क्योंकि जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी भूलकर सबकुछ डकार गए है। ऐसा ही मामला ग्राम रतनपुर खुर्द में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहां भी स्ट्रीट लाइटों के नाम पर केवल सन्नाटा है।

## श्री गुरुग्रंथ साहिब प्रकाश पर्व आज

**बिजनौर।** पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक धाम में कल एक (आज) एक सितम्बर को धन-धन श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रथम प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन निकाला जाएगा।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नगर कीर्तन प्रात: 5:30 बजे शुरू होगा। प्रात: 8:30 बजे अखण्ड पाठ साहिब की समाप्ति होगी। सायं 7:00 बजे सोदर रहरास साहिब जी का पाठ होगा। रात्रि 7:30 बजे भाई सतविन्दर सिंह शबद कीर्तन करेंगे।

8:00 बजे से 9:30 बजे तक माता सेवा सुन्दरी दल धामपुर एवं भाई जसवीर सिंह एवं उनके सार्थियों द्वारा कीर्तन होगा। अरदास गुरु दा अटूट लंगर बरतेगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से विनती की है कि उपरोक्त कार्यक्रम में गुरु घर में हाजिरी भरकर खुशियां प्राप्त करें।

# जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन की एक पंचायत कोतवाली देहात में हुई। जिसकी अध्यक्षता धर्मवीर धनकर और संचालन विवेक वालियान ने किया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान तथा युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह का सोनू विर्क, रोहित राणा, बलजीत सिंह, सरदार सुख चैन सिंह ने पगड़ी बांधकर स्वागत किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कोतवाली क्षेत्र की युवा टीम अच्छा काम कर रही है। लेकिन वे लोग अपने ग्राम अपने क्षेत्र में अपने संगठन के बुजुर्ग लोगों से भी राय लेते रहे। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की नसीहत दी तथा बुजुर्ग किसानों से भी अपने बच्चों पर ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा बच्चों को अच्छा खिलाने अच्छा पहनाने का शौक करें। लेकिन वाहनों पर स्टंट अवैध असलों के साथ रील बनाने का शौक न सिखाएं।




## संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

सुनील प्रधान ने कहा कोतवाली देहात ब्लाक क्षेत्र के अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां नव निर्माण हाईवे की लो स्पीड से लोग परेशान है, तो उत्तर में पहाड़ा नदी के प्रकोप से पीड़ित हैं। स्मार्ट मीटर फसलों में उचित मूल्य, गन्ना मूल्य राजस्व विभाग वन विभाग गुलदार से भी जनता परेशान है। लेकिन जनता द्वारा प्रतिनिधि अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी नींद से जागना पड़ सकता है। इसलिए एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे। जिला अध्यक्ष सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ पंचायत में पहुंचे सभा में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने दूसरे संगठनों को छोड़कर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की सदस्यता ली। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान तथा युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उनसे भाकियू संगठन को और अधिक मजबूत बनाने सदा संगठन की नितियों का पालन करने की अपील की।

आज की पंचायत में महेंद्र सिंह, राम अवतार सिंह, जितेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, अमरपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, अमित चानमान, अंकुर तोमर, मुनेंद्र काकरान, कुलदीप सिंह, जय सिंह, धर्मेंद्र राणा, डॉ. धर्मवीर सिंह, पुष्पेंद्र चौधरी, विनीत चौधरी, रोहित राणा, आशु चौधरी, विनीत मौर्य, शुभम चौधरी, आकाश चौधरी, सौरव काकरान, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# कीचड़ भरे मार्ग से निकलना हुआ दुश्वार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पंवासा विकास खंड के गांव आढ़ौल में मुख्य मार्ग पर पसरी कीचड़ से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। कीचड़ भरे मार्ग से आढौल, नसीरपुर, दतावली फत्तेहपुर उत्तमा होते हुए कई गांवों को रास्ता जुड़ता है। बारिश की वजह से लोगों का निकलना दुश्वार हो जाता हैं। गुस्साय लोगो ने प्रर्देशन कर रोष जताया।

विकास खंड पंवासा के गांव आढौल में मुख्य मार्ग पर कीचड़ पसरा हुआ है। बारिश की वजह से लोगों का निकलना दुश्वार हो गया है। आये दिन कीचड़ में बाइक सवार गिरकर चोटिल होते रहते हैं। रविवार को गुस्साएं ग्रामीणों

**0कई गांवों को जोड़ता है मुख्य मार्ग बरसात में हो जाता है बुरा हाल**

ने विरोध प्रदर्शन कर साफ सफाई की मांग की। लगातार हो रही बारिश के चलते आढौल का मुख्य मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया। शिकायत कर्ता रजनेश यादव ने बताया कि ग्राम प्रधान और सचिन से हमने इसकी शिकायत की लेकिन आश्वासन देकर छोड़ दिया जाता है। साफ सफाई करने में कोई ध्यान नहीं। जबकि इसी रास्ते से लोगों का अधिकांश आना जाना रहता है। ग्रामीणों ने इस रास्ते को लेकर ग्राम प्रधान के साथ उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराया लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। लोग कीचड़ में होकर निकलने को मजबूर हैं। कीचड़ की वजह से आये दिन दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल होते रहते हैं। साफ सफाई ना होने की वजह से गांव में संक्रामक बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। रविवार को ग्रामीणों ने जिम्मेदारों के विरुद्ध प्रदर्शन कर गुस्से का इजहार किया। साथ ही जिलाधिकारी से रास्ते को शीघ्र सही कराए की मांग की। इस दौरान मोनिश अली, विशम्बर, रजनीश यादव, विजयपाल सिंह, शौकीन, शगीर, शामिन, रहीश, हारून, शकील, इदरीश, अहमद हसन, नाथू आदि मौजूद रहें।



सम्भल-माथुर वैश्य धर्मशाला में व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक को सम्बोधित करते।

# व्यापारियों का बहुत बड़ा नेटवर्क किया जाएगा तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**0व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक में संजय गुप्ता पोली को सौंपा जिले का दायित्व**

**सम्भल।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान बैठक में व्यापारी एकता पर ज़ोर दिया और ओर व्यापारियों के हित को आगे बढ़कर एकता कायम रखने का आहवान किया।

मौहल्ला कोट पूर्वी स्थित श्री माथुर वैश्य धर्मशाला में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय प्रदीप गुप्ता दीपेश गुप्ता मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रवीण रस्तोगी (गोपाल)ने की। बैठक में अरविंद अरोरा, दीपक गुप्ता, अरविंद गुप्ता, चिंकू विवेकशील अग्रवाल गौरव शर्मा, अभिषेक शर्मा, टिंकू टंडन, बिट्टू चाहल, सौरभ त्यागी, अंकित त्यागी, राहुल शर्मा, आकाश रोहिल्ला, श्रीओमचंद्रा राकेश अरविंद प्रजापति, राजीव सर्राफ, राजीव गुप्ता, गगन वाष्णेय, अमर रस्तोगी, शंकर शर्मा, शोभित शास्त्री, महिंद्रा स्वामी, आशु गुप्ता, मनोज गुप्ता, अनुज शर्मा, हरीश रस्तोगी, अनुराग गुप्ता, बब्बी अग्रवाल आदि रहे। बैठक में व्यापारी एकता के लिए आहवान किया और आगे बढ़कर हमेशा व्यापारियों के लिए एकजुट रहने वाले 'संजय गुप्ता पोली को जिला अध्यक्ष' बनाए जाने पर राष्ट्रीय संयोजक 'अशोक गोयल' का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारी सुरक्षा फोरम व्यापारियों के लिए जी जान से जुट करके कार्य करेगा। व्यापारी सुरक्षा फोरर्म एक ऐसा प्लेटफार्म है जो हमेशा व्यापार के लिए संघर्ष करता रहा है। पिछले 20 वर्षों से भी अधिक के समय से लगातार कार्य कर रहा है आगे भी सम्भल में कार्यकारिणी बनाकर के पूरे जिले में व्यापारियों का एक बहुत बड़ा नेटवर्क तैयार किया जाएगा ताकि व्यापारी एकता कायम रह सके और व्यापारियों का शोषण ना हो इसके लिए सब एकजुट होकर कार्य करेंगे।

## ईद मिलादुन्नबी पर सजी गलियां

**सम्भल।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर गली और मौहल्ले सज गए है। जबकि जगह-जगह नाते मनकबत का सिलसिला जारी है।

## मौसम में आ रहे परिवर्तन से बुखार रोगी बढ़ रहे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** निरंतर मौसम में आ रहे परिर्वतन से बुखार रोगी बढ़ते जा रहे है। जबकि कभी तेज धूप तो कभी बूंदा-बांदी से भी सर्दी गर्मी से संक्रामक रागियों की संख्याम भी निरंत इज़ाफा होता जा रहा है। सरकारी अस्पतालों व निजि चिकित्सकों की दुकानों पर बुखार रोगियों की भरमार है।

# भारत के एतिहासिक प्रर्दशन पर जताया हर्ष

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** कजाकिस्तान के शिमकैंट में आयोजित 16 एशियाई शूंटिंग चौंपियनशिप में भारत की टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 50 स्वर्ण पदक के साथ तालिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह इतिहास में पहली बार हुआ है। जब 50 स्वर्ण 26 रजत व 13 कांस्य पदक प्राप्त किये है। यह भारतीयों के लिए गर्व का दिन है। हर्ष व्यक्त करने वालों में संजीव वार्ष्णेय, बंटी, रविराज गुप्ता, नीरज वार्ष्णेय,केशव वार्ष्णेय, सुनील वार्ष्णेय, मोनू आदि हैं।

# पीएम द्वारा पूजित शिलाओं के हिजामं सदस्यों ने किये दर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच के कार्यकर्ताओं ने श्री कल्कि धाम निर्माण स्थल पर पहुंचकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा पूजित शिलाओं के दर्शन किये। जबकि मंच की ओर से 45 सदस्यों का कल्कि धाम के स्वागत द्वार पर रोली चंदन से तिलक किया और भगवा पटके धारण करके भावुक स्वागत किया।

श्री कल्कि धाम के कार्यकर्ताओं ने हिंदू जागृति मंच के सदस्यों को निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम के एक-एक बिंदु को विस्तार से समझाते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम के वृहद संकल्प से अवगत कराया। मंच के कार्यकर्ताओं से चर्चा वार्ता करते हुए श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बताया कि यह देश का पहला ऐंसा मंदिर होगा जिसमें भगवान विष्णु के सभी 10 अवतारों के अलग-अलग गर्भ ग्रह बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह मंदिर न केवल भारतवर्ष को अपितु संपूर्ण विश्व जगत को आध्यात्मिक ऊर्जा से दिग दिगंत तक प्रकाशित करता रहेगा। हिंदू जागृति मंच के सुभाष चंद्र शर्मा, सुभाष चंद्र मोंगिया, शिव शंकर शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता, विकास कुमार वर्मा, सुमन कुमार वर्मा, अमित शुक्ला, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अजय कुमार शर्मा, अंकुर रस्तोगी ने श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद श्री ख्रष्णम को शॉल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह देकर माल्यार्पण के साथ अभिनंदन किया तो वहीं कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने हिंदू जागृति मंच की पूनम शुक्ला, आशा गुप्ता, ज्योति गुप्ता, मीनू रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, सीमा आर्य, शीतल गुप्ता, प्रीति शर्मा, नीलम गुप्ता, संध्या अग्रवाल, मीनाक्षी सिंघल, सुनीता शर्मा, राधिका सहित सभी 25 महिलाओं को भगवा पटका धारण करते हुए उपहार देकर मातृशक्ति को सम्मानित किया।

# अंजुमन शाहे बरकात ने किया फ्री हेल्थ कैम्प का आयोजन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अंजुमन शाह ए बरकात मंगलपुरा सराय तरीन के तत्वाधान में 1500 साला जश्ने ईद मिलादुन्नबी के सिलसिले में एवं हजरत सैयद मोहम्मद अफजाल मियां कादरी बरकाती (पूर्व आईपीएस) और हजरत सैयद बरकत मियां कादरी बरकाती (पूर्व एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट) के ईसाले सवाब के लिए एक दिवसीय फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।

उप नगरीसराय तरीन मौहल्ला मंगल पुरा तकिया में स्थित शब्बीर पैलेस में आयोजित किया गया। जिसमें सिद्वि विनायक मेडिकल कालेज सम्भल, फजल और आनंद हॉस्पिटल सम्भल, सी एल गुप्ता आई हॉस्पिटल मुरादाबाद और यूनिक पैथ लैब एवं लीप फार्मेसी सराय तरीन के सहयोग से लगभग 1600 मरीजों की विभिन्न प्रकार की ओपीडी की गई। लगभग 195 मरीजों की विभिन्न प्रकार की खून की जांचे हुई। और सभी मरीजों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गई। इस अवसर पर डा. आनंद कुमार सिंह गोल्ड मेडलिस्ट थाना हयात नगर प्रभारी संजीव कुमार और मौलाना फैजान अशरफ हामिदी ने शिविर का उद्घाटन किया। कैंप में


सम्भल- अंजुमन शाहे बरकात के स्वास्थ्य शिविर में रोगियों को दवा का वितरण करते।

डाक्टर आनंद कुमार सिंह, डाक्टर अनिल बघेल, डा. प्रदीप कुमार मिश्रा, डा. मोहम्मद ज़फ़र, डा. अफशा तारिक, डाक्टर शाने आलम, डाक्टर तहसीन सैफी, डाक्टर मोहम्मद नदीम सैफी, डाक्टर दिव्यांश ,डा. जिया अहमद, डा. मोहम्मद असद ,डा. कुमारी बरनाली, डाक्टर अजय कुमार आदि ने मरीजों की गहनता के साथ जांच की। इस अवसर पर मोहम्मद अब्बास कुरैशी ,मोहम्मद फाजिल कुरैशी, मोहम्मद अनस, मोहम्मद फैसल, अफाक नौशाही, मोहम्मद रेहान, मोहम्मद मुजीब ,मोहम्मद जफीर, मोहम्मद रजा, डाक्टर अरबाब नवाब, शोएब, डाक्टर ओवैस खान और सुभाष आदि सहित संबंधित अस्पतालों के कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। जबकि शफ़ीक बरकाती,नजमी बरकाती, शाहनवाज बरकाती,हाजी मकबूल बरकाती ,तौकीर बरकाती, हाजी तौकीर अहमद,मसूद खान बरकाती, मोहम्मद उमर अय्यूबी,उमर खान बरकाती, शारिक जिलानी,वामिक कमर बरकाती ,इम्तियाज खान बरकाती, जियाउर रहमान बरकती, मोहम्मद इमरान सैफी,मोहम्मद जैद याकूबी, आदि का सहयोग रहा है।

## 21 सितम्बर से होगा रामलीला का मंचन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर में श्री रामलीला का मंचन 21 सितम्बर से किया जायेग। दो सप्ताह तक चलने वाले मंचन कार्यक्रम को गठित कार्यकारियणी आमंत्रण पत्रिका का पूजन कर विमोचन किया गया।

नगर के शंकर चौराहा स्थित श्रीराम दरबार में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल एवं प्रबंधक वैभव गुप्ता के नेतृत्व में 21 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नगर पालिका प्रांगण सहित कोट पूर्वी रामलीला मैदान एवं तीर्थ कुरुक्षेत्र पर आयोजित होने वाले मंचन शोभायात्रओं आदि से संबंधित कार्यक्रम को संपन्न कराने हेतु जनमानस हेतु प्रकाशित आमंत्रण पत्रिका का प्रभु गणेश जी के आहवान के उपरांत विधिवत् पूजा अर्चना के साथ बाल योगी स्वामी दीनानाथ जी के सानिध्य में आचार्य शोभित शास्त्री एवं अवनीश शास्त्री द्वारा विधि विधान के साथ विमोचन संपन्न हुआ। प्रसाद वितरण कर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर के प्रभुत्व एवं प्रतिष्ठित लोगों के साथ गठित रामलीला कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों के साथ मानस हाल में बैठक आयोजित की।

# वृक्ष बिना जीवन नहीं है सम्भव:डा. वसीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**0 गांव की गली मोहल्लों में घूमकर किया जागरूक**

**सम्भल।** वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव के गली मोहल्लो में घूम घूम कर ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने को जागरूक किया। जबकि कई स्थानों पर पौद्ये रोपित किए गए।

तहसील क्षेत्र के ग्राम मांडली समसपुर में आयोजित कार्यक्रम में डा. वसीम ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है। वृक्ष बिना जीवन संभव नहीं है वृक्ष पानी के तेज बहाव को रोकते हैं बाढ़ आदि को नियंत्रित करते हैं हमें स्वच्छ वायु ईंधन देते हैं वातावरण का तापमान नियंत्रित करते हैं। चौ. रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि हमें अभी से जागरूक होने की आवश्यकता है, हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने हैं। वरना वह समय दूर नहीं की हमें सांस लेने में दिक्कत होने लगेगी, मानव जीवन खतरे में पड़ जाएगा। वातावरण का तापमान बहुत अधिक बढ़ जाएगा। इस समय बरसात का मौसम चल रहा है यह समय भी वृक्षारोपण करने हेतु उचित है। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने. है। धीरज सिंह ने कहा की वृक्ष धरातल का आवरण है। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की आवश्यकता है। विनोद कुमार ने कहा की हमें आज ही प्रण लेना है कि हमें अपने गांव में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हैं। लोगों को वृक्ष लगाने हेतु जागृत करना है पेड़ों के महत्व के बारे में बताना है। इस दौरान मो. फहीम, विनोद कुमार, राहुल सिंह, खिलेन्द्र चाहल, अब्दुल मन्नान, रामगोपाल सिंह, मो. यामीन, मनोज कुमार, बॉबी, भूप सिंह सैनी आदि रहे।

## दिनभर रही बारिश की टपटप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सुबह सवेरे बादलों के छाये रहने से जहां सर्दी का अहसास हुआ वहीरं दिन भर बारिश की टप-टप ने मौसम में बड़ा बदलाव का अहसास कराया।

## एक नज़र इधर भी


बबराला-श्रीबांके बिहारी मंदिर में भजन कीर्तन करती महिनाएं।

## राधा अष्टमी पर हुई पूजा-अर्चना

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के श्रीबाँकेबिहारी मन्दिर में राधा जी का पूजन हुआ। पण्डित श्याम बिहारी ने कहा कि राधा अष्टमी हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। यह दिन राधारानी के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। राधा अष्टमी की कथा के अनुसार, राधा जी का जन्म वृषभानु नामक राजा की यज्ञ भूमि से हुआ था।राधा रानी भगवान कृष्ण की प्रेयसी और शक्ति स्वरूपा मानी जाती हैं। उनकी पूजा के बिना भगवान कृष्ण की पूजा अधूरी मानी जाती है। राधाा अष्टमी त्योहार को भगवान श्रीकृष्ण की प्रेयसी राधाा के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। राधा अष्टमी के दिन लोग राधा जी के प्रति भक्ति प्रकट करने के लिए विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं, कई लोग इस खास अवसर पर अपने करीबी लोगों को विशेष संदेशों के माध्यम से बधाई भी देते हैं। मन्दिर में भजन कीर्तन हुआ। इस दौरान पूजा गोयल, गुड़िया, हेमलता, माधुरी, पूनम, जिज्ञासा, अनीता, पूजा, राधा,नीरज शर्मा, चित्र शर्मा आदि रहीं


सम्भल- पातालेश्वर महादेव मंदिर में हवन करते श्रद्धालु।

## मनमोहक झांकियों संग होगा भंडारे का आयोजन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जय बाबा अमरनाथ बर्फानी का विशाल भंडारा एवम मनमोहक झांकियां हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी बाबा अमरनाथ बर्फानी का 26 वां विशाल भंडारा सिद्व पीठ श्री पातालेश्वर मंदिर पक्का बाग सराय तरीन हयात नगर संभल 01सितंबर 2025 दिन सोमवार को होना सुनिश्चित हुआ है। पूर्व वर्ष की भांति भंडारे से एक दिन पूर्व रविवार को हवन हुआ। जिसमें मंदिर के महंत श्री जुगल किशोर मिश्रा मुख्य अतिथि रामाशंकर वार्ष्णेय, निर्दोष आढ़ती, राम केहर आर्य कमल कौशल वार्ष्णेय अनिल सैनी, समिति के कार्यकर्ता अमित कुमार वार्ष्णेय, मूलचंद भट्टे वाले, राहुल गुप्ता, विजय सिंह एड. चंद्रेश आर्य सीमा आर्य गिरिराज किशोर आढ़ती, सुमित सर्राफ, रामकुमार सैनी, गोपेश वार्ष्णेय, पुष्पेंद्र आर्य, प्रमोद सैनी, अन्य समिति जो भंडारे अपनी सेवा देते आए हैं आदि शिव भक्तों ने हवन में आहुति दी। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

## बादल फटने से लोगों की मौत पर शोक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** जम्मू कश्मीर के रियासी व रामवन जिलों के दूरदराज गांव में बादल फटने से लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया गया।

भाजपा के बबराला मण्डल उपाध्यक्ष प्रशान्त वार्ष्णेय ने कहा कि बादल फटने की घटना से लोगों की मौत दु:खद है।इस घटना में घायलों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाये। मलबे और कीचड़ में फंसे दर्जनों लोगों को निकालने के लिए बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलता रहे। लोगों को रहने व अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा जाये। शोक व्यक्त करने वालों में दिनेश कुमार, उमेशचंद्र, आकाश, सुनील कुमार आदि रहे।

## रामलीला समिति के अध्यक्ष का निधन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** रामलीला समिति बबराला के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ठाकुर का निधन हो गया।

उनका सरल स्वभाव, सेवाभाव और हमेशा जरूरतमंदों की सहायता करने की भावना हमें हमेशा प्रेरित करती रहेगी। उनका चले जाना एक बहुत बड़ी रिद्रिता छोड़ गया है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं परिवार को इस दु:ख को सहने की शक्ति दे। शोक व्यक्त करने वालों में अमित यादव, रवि शर्मा, नारायन, मुकेश, प्रशान्त वार्ष्णेय, गोबिंद, सचिन यादव, योगेन्द्र सिंह आदि हैं।

# प्रदेश में उपभोक्ताओं पर बढ़ा बिजली का भार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**0एक सितम्बर से बढ़ी हुई दरे हुई लागू**
**0 लोगो ने की बढ़ी हुई दरें वापस लेने की मांग**

**बबराला।** उपभोक्ताओं पर सितंबर में 2.34 फीसदी बोझ बढ़ जाएगा। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को सितंबर माह में ज्यादा बिल चुकाना होगा। दरअसल, जून माह का ईंधन अधिभार शुल्क 2.34 फीसदी तय किया गया है। जो सितंबर के बिजली बिल में जोड़ा जाएगा। इससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा। अगस्त माह में आए बिजली बिलों में पहले ही मई माह का ईंधन अधिभार शुल्क 0.24 फीसदी जोड़ा गया था। अब सितंबर में यह बढ़कर 2.34 फीसदी हो जाएगा। ऊर्जा विभाग के मुताबिक इस अधिभार से कुल 184.41 करोड़ रुपये की वसूली होगी। अधिकारियों का कहना है कि कोयला, गैस और अन्य ईंधानों की बढ़ती लागत के कारण उपभोक्ताओं से यह शुल्क वसूला जा रहा है। मांग करने वालों में संजय शर्मा, डोरीलाल, नत्थू सिंह, पुनीत कुमार, अरविंद कुमार, सुमित आदि हैं।

## 11वें इमाम की शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** 11 वें इमाम हसन अस्करी की यौमे शहादत के गंम मे शहर के मुहल्ला नूरियो सराय के इमामबाडा से शबीहे ताबूत बरामद किया गया। अजादारो ने रंजोगंम के बीच मातम व इमाम की शान में नोहे पढ़े। शबीहे ताबूत का मातमी जुलूस इमाम बारगाह सगीर हसन मे जाकर समाप्त किया गया। शाहिद अमीर इमाम हसन मौहम्मद शाह आलम अली अब्बास अता अब्बास कायम आदि ने नोहा पढ़े। मातमी जुलूस में मोहसिन रजा नैय्यर अब्बास कैसर बाकरी नईम हसन अरशद हसन कैफी सम्भली पैकर सम्भली रहबर हुसैन सलीम मेहदी शाने अब्बास सुहैल अब्बास शमाईम रजा आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व इमामबाडा मे महिलाओ ने मजलिस की बाद मजलिस के शबीहे ताबूत बरामद किया। बाद में इमाम बाडे से बाहर लेकर आया गया।

# शांति और सौहार्द के साथ मनाएं ईद मिलादुन्नबी

**0चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** ईद मिलादुन्बी पर शांति व्यवस्थाव आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए चौकी परिसर में क्षेत्र के लोगों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पर्व शांति के माहौल में मनाने की अपील की गई।

बैठक में क्षेत्राधिकारी आलोक भाटी ने कड़े शब्दों में हिदायत दी कि जुलूस को एक ही स्थान पर अधिक समय तक न रोका जाए। जिससे यातयात बाधित होकर यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होने ट्रैक्टरों पर आगे बैठने पर किसी अनहोनी घटना न हो इसलिए दुर्घटना से बचने के लिए इसए पर भी विशेष ध्यान देने पर ज़ोर दिया। क्षेत्राधिकारी ने


सिरसी- पुलिस चौकी परिसर में ईद मिलादुन्नबी को लेकर बैठक लेते सीओ।

कहा कि ऐसा कुछ न करें जिससे किसी दूसरे की भावना को ठेस पहुंचे, उन्होने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने ईछ मिलादुन्नबी का जुलूस पूरी तरह से शांति पूर्वक माहौल व आपसी सदभाव एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से निकालने का आहवान किया। बैठक में थाना हजरत नगर गढ़ी प्रभारी अनुज तोमर व अन्य स्टाफ के अलावा पूर्व चैयरमेन मौ. वसीम खां, मकबूल अंसारी, मौ. फहीम, शमीम खां, फिरासत, फरमूद, फय्याज सैफी, महबूब, मौ. उमर, हाजी बाबू आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# 20 साल बेहाल जनता मांग रही हिसाब

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आम आदमी पार्टी की ब्लॉक स्तरीय बैठक में पदेश में भृष्टाचार चरम पर होने और बीस बेहाल जनता मांग रही हिसाब का नारा दिया।

असमोली ब्लॉक स्तरीय बैठक में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सम्भल, असमोली, चंदौसी प्रभारी आतिर हुसैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है और जनता को हर स्तर पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह भी है कि क्या पिछली सपा और बसपा की सरकारों में जनता भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से पूरी तरह मुक्त थी? उन्होने कहा कि पिछले 20 वर्षों में क्या सपा, बसपा और भाजपा ने सम्भल में कोई ठोस विकास किया है। सरकारी स्कूल और अस्पताल बदहाल हैं। उन्होंने बताया कि नगर और ब्लॉक


सम्भल-आम आदमी पार्टी की बैठक में बोलते आतिर हुसैन।

अध्यक्ष जल्द अपनी कमेटियों का गठन करेंगे। उन्होंने कहा, मैं सम्भल के हर घर जाऊंगा और जनता से सीधो बात करूंगा। साथ ही कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि आगामी चुनाव में अच्छे और योग्य प्रत्याशियों के नाम सुझाएं। आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के खिलाफ मजबूत मुहिम चलाएगी।

# समाज में लाएं सकारात्मक परिवर्तन: इंद्रेश

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं सम्मानित सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी आरएसएस इंद्रेश कुमार का दिनेश कौशल के आवास पर आगमन हुआ। उनके आगमन पर नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उनका स्वागत किया। उनके आगमन पर इंद्रेश कुमार जी का तिलक लगाकर व अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया गया। उनको दिनेश कौशल ने राम दरबार दिया। तत्पश्चात् उन्होंने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद स्थापित किया।

इंद्रेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को बताया कि भारत की शक्ति उसके संस्कार, संस्कृति और संगठन में निहित है। हमें सेवा, समर्पण और संगठन के मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।


बबराला- आरएसएस प्रचारक डा. इंद्रेश को श्रीराम दरबार भेंट करते।

जबकि दिनेश कौशल ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इंद्रेश कुमार का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणा देता है और समाज के लिए उनकी दी गई सीख हमें निरंतर आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करती है। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिव्य प्रकाश ,दिनेश कौशल, विनोद चौहान, तुषार, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनय कुमार वार्ष्णेय, भगत सिंह, योगेश गुप्ता, राजीव माहेश्वरी, सोनू वर्मा , अंकित वर्मा, शिव कौशल, राहुल वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्नी के चेहरे पर चाकू से हमला करने के आरोपी पति को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पत्नी के चेहरे पर चाकू से हमला करने के आरोपी पति को थाना मझोला पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में अपनी पत्नी की नाक काटने के बाद पति मौके से फरार हो गया था, गंभीर हालत में महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। महिला के भाई ने अपने बहनोई के खिलाफ पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी।बता दें कि घायल युवती की दस साल पहले यह दूसरी शादी हुई थी, शादी के बाद से वह मझोला थाना क्षेत्र के गागन वाली मैनाठेर में रह रही थी।राबिया अपने पति चाँद के साथ रहती हैं। राबिया कुंदरकी की रहने वाली हैं, राबिया की पहली शादी संभल जनपद की चंदौसी में हुई थी। कुछ सालो बाद पति ने उसको तलाक दें दिया था। सुसराल वालों ने ही राबिया को पति से अलग होने पर गागन वाली मैनाठेर में एक घर लेकर दिया था, यह घर उसके दूसरे पति चांद के परिवार वालों ने दिलवाया था। तभी से ही राबिया के यहां चांद का आना जाना हो गया था, कुछ समय बाद राबिया और चांद ने शादी कर ली अब उनके पास एक बेटी हैं। घायल महिला के भाई ने थाना मझोला में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी द्वारा उसकी बहन के ऊपर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया गया,जिसमें उसकी नाँक व मुँह पर गम्भीर चोंटे आई हैं। तहरीर के आधार पर थाना मझोला पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी चाँद पुत्र यामीन निवासी ग्राम गागन वाली मैनाठेर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।



# कैथल हत्याकांड का मुख्य आरोपी भी शीघ्र जाएगा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** 25 अगस्त को हुए हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो लोगों को जेल भेज दिया। हालांकि यह हत्याकांड टिवस्त वाला है। केवल आन-बान की सहारा लेकर दोस्तों की मदद से हत्या को अंजाम दिया। मृतक के परिवार में रह रही बहनों का यही कहना है कि उनके भाई के हत्यारों की सजा मिलनी चाहिए। यही बात सुमित का बड़ा भाई अमित कहकर रो पड़ता है कि उसके भाई को हत्यारों ने कितनी दर्दनाक तरीके से मारा है और मेरे भाई का किसी से कोई प्रेम प्रसंग नहीं था। प्रेम प्रसंग की बात मानने को दोनों बहनें तैयार नहीं हैं। साथ ही यह भी कहा कि हत्या करने के बाद दोनों प्रदीप के पास क्यों जायेंगे जबकि वह मेरे परिवार का कहै। घटना कैसे हुई, क्या तरीका अपनाया गया, यह हत्यारे की बता सकते हैं परंतु सुमित की जिस तरह से हत्या हुई है वह तरीका एक दम प्रोफेशनल है। वहीं सनोज एक ड्राईवर के साथ धान लगाने की ठेकेदारी भी करता है। पिछले कुछ दिनों से ईको गाड़ी लेकर किराये पर चला रहा है। प्राप्त जानकारी केर अनुसार, सुमित की बड़ी बहन वह सनोज के साथ लेवर के रुप में काम करती थी, मौहल्ले के लोगों ने टोली बना रखी थी जिसमें और भी लोग मजदूरी के रुप में कार्य करते लेकिन ठेकेदार 25 वर्षीय सनोज था। सनोज भी तीन भाई हैं, मां आंगनवाड़ी केन्द्र में सहायिका का काम करती है। केवल 20 वर्षीय बेटी घर पर रहती थी जो घटिया गेट पर स्थित बाबूराम इंटर कॉलेज की छात्रा है। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। फिलहाल सनोज का नाम मुख्य अभियुक्त के रुप में है, मजे की बात तो यह है कि घटना वाले दिन सुमित की बहन ने सनोज को फोन भी किया था, 25 अगस्त को हुई घटना वाले दिन सनोज पूरे दिन गांव में ही रहा लेकिन जैसे ही पता चला कि सुमित की हत्या में उसका नाम आ गया, वह ईको गाड़ी लेकर फरार हो गया जबकि गोविंदा व एक बाल अपचारी गिरफ्तार में आ गया। इधर सनोज की बहन का तर्क है कि जो कीपैड मोबा. इल चन्दौसी के सीकरी गेट पर रहने वाले सुमित ने दिया था, उस पर ही फोन आया पर सामान्य रुप से कुछ लोगों का कहना था कि मोबाइल कौन से सुमित का था, उसकी जांच होनी चाहिए।



मामला कुछ भी हो सुमित की हत्या कोई लेनदेन को लेकर नहीं की गई, केवल आन वान शान के चलते की गयी। हत्या में सहयोगी अभियुकत गोविंद जो बेल्डिंग का कार्य करता था, साथी बालअपचारी ने इसके परिणाम के बारे में कल्पना तक नहीं की होगी कि हत्या का क्या परिणाम होगा? आखिर सनोज कब तक पुलिस अभिरक्षा से दूर भागेगा। पुलिस शीघ्र ही गिरफ्तार कर मुख्य आरोपी को जेल भेजेगी।

## श्रीराम कथा में सुनाया गया नारद मोह प्रसंग




**चन्दौसी।** बड़ा महादेव स्थित शिव मंदिर पर स्थापित गणेश पंडाल में रविवार को कथा व्यास पंडित शिवशंकर भारद्वाज ने नारद मोह प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान की माया इतनी प्रभावी होती है कि बड़े-बड़े ऋषि-मुनि भी मोहित हो जाते हैं। कथाव्यास ने कहा कि कामदेव पर विजय पाने के अहंकार में नारदजी भी आ गए थे, लेकिन प्रभु की शरण में जाने वाला ही मायाजाल से बच सकता है। आगे उन्होंने प्रताप भानु की कथा सुनाकर संदेश दिया कि मनुष्य को सदैव लोभ से बचना चाहिए। कथा में रावण के अत्याचारों और श्रीराम के अवतरण का भी वर्णन किया गया। पंडाल भक्ति गीत-संगीत से गूंज उठा और श्रोता नृत्य करने लगे। कार्यक्रम के अंत में विनोद रस्तोगी द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कृष्णा शर्मा, वेदिका शर्मा, ओम शर्मा, आशीष गुप्ता, आयुषी गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, देवेंद्र शर्मा, विनोद कुमार बिन्नी, मयंक गुप्ता, दक्ष उत्सव, अमित, मोनू, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. अशोक आदि उपस्थित रहे।

# एसएम कॉलेज में हुई एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उ.प्र. खेल निदेशालय के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय संभल द्वारा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन एस.एम. कॉलेज चंदौसी में कराया गया जिसमें कुल 148 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुल 10 विभिन्न वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें पांच बालक एवं पांच बालिकाओं हेतु निर्धारित थीं। प्रतियोगिता की 100 मीटर रेस बालक वर्ग में प्रथम स्थान अभिषेक, द्वितीय स्थान रोहतास, तृतीय स्थान सूरज ठाकुर ने प्राप्त किया। 400 मीटर रेस बालक वर्ग में प्रथम स्थान हेमंत, द्वितीय स्थान अर्जुन, तृतीय स्थान रोहित राणा ने प्राप्त किया। 03 किलोमीटर रेस बालक वर्ग में प्रथम स्थान सत्यप्रकाश, द्वितीय स्थान अभय, तृतीय स्थान सोमेश ने प्राप्त किया। शॉटपुट बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर अभियंत, द्वितीय स्थान शिवम व तृतीय स्थान पर मलिक रहे। लम्बीकूद बालक वर्ग में प्रथम स्थान फैजान, द्वितीय स्थान रोहित, तृतीय स्थान हेमंत ने प्राप्त किया। 100 मीटर रेस बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर यशिका यादव, द्वितीय स्थान विनिशा, तृतीय स्थान पर सभी चौधरी रही। 1500 मीटर रेस बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पूजा, द्वितीय स्थान नंदिनी, तृतीय स्थान काजल ने प्राप्त किया। शॉटपुट बालिका वर्ग में प्रथम स्थानर पर तबस्सुम, द्वितीय स्थान पर प्रीति, तृतीय स्थान अवंतिका ने प्राप्त किया। लम्बीकूद बालिका वर्ग में प्रथम स्थान विनीशा, द्वितीय स्थान एंजेल, तृतीय स्थान संतोष ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण एस.एम. कॉलेज के शारीरिक शिक्षक संजीव कुमार व विशिष्ट अतिथि ओलंपिक संघ के सचिव आशु शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला उपक्रीड़ा अधिकारी सम्भल प्रमिला भारती ने कार्यक्रम ने प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा उन्हें खेल भावना को जीवन में सम्मिलित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नकुल खेलो इंडिया कोच, अजय कुमार, एकता भारती शारिरिक शिक्षिका एस. एम. डिग्री कालेज इत्यादि उपस्थित रहे।



## एक नजर

### इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट मौ. कैफ को आईटीएम ग्रुप ने दिया अपना सर्वोच्च सम्मान



**कुंदरकी।** मुरादाबाद रोड स्थित किसान इंटर कॉलेज में इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट मौहम्मद कैफ के सम्मान में एक समारोह का आयोजन हुआ। जहां कॉलेज प्रशासक आरिफ पाशा एड के द्वारा उन्हें किसान रत्न कि प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी दिया गया। आरिफ पाशा ने कहा कि कैफ द्वारा रशिया से गोल्ड मेडल जीतकर भारत लाना हमारे लिए गर्व की बात है हमें खुशी है कि कैफ कुंदरकी नगर के पड़ोस यानी हमारी तहसील बिलारी के नागरिक है ऐसे में उनके द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना तो बनती है। उन्होंने कैफ के पिता डॉ नफीस अहमद व माता अफरोज जहां और कैफ के बड़े भाई सोशल एक्टिविस्ट नोमान जमाल को भी बेज लगाकर स्वागत किया। वही मोहम्मद कैफ ने मोहम्मद आरिफ पाशा व आईटीएम ग्रुप के चेयरमैन बाबू शरफुद्दीन पाशा व अन्य लोगों का धन्यवाद दिया और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भी आप लोगों के बीच से ही निकाल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल पाया हूं इसलिए जीवन में लक्ष्य निर्धारित जरूर कीजिएगा।

यदि लक्ष्य निर्धारित होता है तो आप उसे पाने के लिए कोशिश अवश्य करेंगे और यकीन मानिए यह लक्ष्य आपको अवश्य मिल जाएगा। आपको बता दें कि बीते हफ्ते रूस में हुए आईपीसी यूरेशियन पावर लिफ्टिंग चौंपियनशिप में बिलारी के मोहम्मद कैफ का सेलेक्शन देहरादून उत्तराखंड से हुआ। कैफ भारत की ओर से रशिया खेलने गए थे जहां उन्होंने लगभग 650 किलो भार उठाकर चार गोल्ड मेडल जीते। जिसके बाद उनकी जीत का जश्न अभी भी जारी है इस मौके पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य रियासतुल्लाह उस्मानी आईटीएम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ उजैर अली सरफराज अली माध्यमिक वित्तविहीन विद्यालय के तहसील अध्यक्ष अमर सिंह सैनी इमरतपुर के ग्राम प्रधान मोहम्मद दिलशाद अली सामाजिक कार्यकर्ता अफाक कमाल वसीम अंसारी चांद सलमानी जितेंद्र सिंह राठी अनीसुल हसन अरकान अली मोहम्मद जैद कार्यक्रम कि अध्यक्षता शायर डा नफीस अली व संचालन शायर कमर अली रजवी ने किया।

### स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट ने किया सुंदरकांड पाठ

**चन्दौसी।** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार को आजाद रोड स्थित श्रीगणेश पंडाल में 1166वें संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पं. दीनदयाल शर्मा ने पूजन सम्पन्न कराया। तत्पश्चात् के.जी. शर्मा व विशाल शर्मा ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना व हनुमान चालीसा एवं बाण का मनोहारी वाचन किया। इस दौरान राजेश शंखधार, जे.एन. मिश्रा, अतुल सक्सैना, रमेश ग्रेवाल, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

**कुंदरकी।** शनिवार को कुंदरकी थाना क्षेत्र के ग्राम चक फाजलपुर व रूपपुर के बीच नहर के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती का शव मिला कुंद. रकी थाना कार्यवाहक प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार के अनुसार शव की पहचान 21 वर्षीय समरीन निवासी रुस्तम नगर सहसपुर बिलारी की बताई जा रही है जिसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में कुंदरकी थाना क्षेत्र के ग्राम चक फाजलपुर और रूपपुर नहर के पास मिला है। बताया जा रहा है 24 अगस्त से युवती समरीन लापता थी। युवती का शव मिलने से कुंदरकी क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

# मेले में हुआ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ के 65वें महोत्सव के दौरान श्रीगणेश मेला परिषद चन्दौसी द्वारा स्व. प्रीति गुप्ता की स्मृति में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 40 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया तथा सभी ने एक से बढ़कर एक गाने पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मन्त्रमुग्ध किया। निर्णायक मंडल में पूर्व प्रधानाचार्य साफिया अंजुम, नोएडा से नंदनी वार्ष्णेय, माधवी शर्मा रहीं। कार्यक्रम का उद्घघाटन मुख्य अतिथि के रूप में ललित किशोर गुप्ता, सुशांत गुप्ता, भावना गुप्ता एवं प्रसा गुप्ता ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता का संचालन सर्वेश चीनी तथा संयोजक विपिन वार्ष्णेय बालाजी व डॉ ओमेन्द्र वार्ष्णेय रहे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनुष्का वार्ष्णेय (पाखी), द्वितीय स्थान पर तोषिका मौर्य, तृतीय स्थान पर शिवांश वार्ष्णेय, चतुर्थ स्थान पर मिस्टी कोली, पंचम स्थान पर वैष्णवी रहीं तथा शेष सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस दौरान मेला सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, डॉ० राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, एड० लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत लालू, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश ब्रेड, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ शेखर वार्ष्णेय, धर्मेश जॉनी, हाजी फइमुद्दीन, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा, अजय कला मन्दिर, इशत्याग बेग आदि उपस्थित रहे।



# राधा अष्टमी पर जायंट्स महिला शक्ति ने किया संकीर्तन

**चन्दौसी।** जायंट्स महिला शक्ति द्वारा राधा अष्टमी पर राधा संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रुप अध्यक्ष रितु गोयल ने बताया कि हम परम आराध्या नित्यानिकुंजेश्वरी श्रीराधा रानी के प्राकट्य पर एकत्रित हुए हैं जो कि प्रेम और समर्पण के महत्व को दर्शाता है। राधा रानी और श्रीकृष्ण की पूजा करने पर व्यक्ति के जीवन के सभी कष्ट दूर हो जातें हैं और सभी इच्छाएं पूर्ण हो जातीं हैं। राधा रानी की पूजा-अर्चना के उपरांत सदस्यों एवं कीर्तन मंडली ने राधा-कृष्ण के भजनों एवं बधाई गीतों का गायन किया, जिसका सभी सदस्यों ने भाव विभोर होकर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ श्रवण किया और एक दूसरे को बधाई दी। भगवान की भक्ति में लीन होकर सदस्यों ने नृत्य किया। आरती के पश्चात श्रीराधा रानी को भोग लगाया गया और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन उपाध्यक्ष अनु रस्तोगी एवं यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल ने राधा अष्टमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि यह त्यौहार समाज मे प्रेम, समर्पण और एकता की भावना को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में प्रशासन निदेशिका कविता अग्रवाल, वित्त निद. ेशक रागिनी अग्रवाल, अध्यक्ष रितु गोयल, इंदु अग्रवाल, मृदुला अग्रवाल, मीरा गोयल, रानी अग्रवाल, कल्पना चौधरी, अलका अग्रवाल, आशा बिसरिया, मंजू गुप्ता, नीलिमा गोयल, सुनीता आर्य, ममता मिश्रा, प्रतिभा जिंदल, कमलेश अग्रवाल, वीना गोयल, सीमा गोयल, निशा अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, नीलम कागजी, मीरा अग्रवाल, चंचल मनीषा गोयल, गार्गी अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।



# भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को मीटिंग स्थल तक पहुंचने से रोका

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** रविवार को कुढफतेहगढ थाना क्षेत्र के गांव धनुपुरा में भीम आर्मी द्वारा एक बैठक का कार्यक्रम प्रस्तावित था। गांव में महापुरुषों की मूर्ति लगाने को लेकर चले आ रहे विवाद के चलते पुलिस ने बिना परमिशन के बैठक पर रोक लगा दी और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीएसी तैनात कर दी तथा धनुपुरा की ओर जाने वाले मार्गों पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को रो. कने के लिए पुलिस तैनात रही।

वहीं भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार व जिला संयोजक राजीव कुमार के साथ अने. कों कार्यकर्ताओं को बनियाठेर पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। दूसरी तरफ धनुपुरा गांव में थाना पुलिस ने पीएसी के साथ पैदल मार्च किया। भीम आर्मी के कार्यकर्ता मीटिंग स्थल तक नहीं पहुंचने से मीटिंग नहीं हुई। गांव में एक समाज के लकी, रिंकेश, राक. ेश, अमरपाल, जयसिंह, पप्पू, राज. कुमार आदि ने गांव में बने पंचायत घर पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सचिवालय नाम लिखे जाने तथा एक तरफ महाराणा प्रताप एवं दूसरे तरफ पृथ्वीराज चौहान का फोटो लगाने पर आपत्ति जताते हुए अन्य कोई महापुरुष का नाम तथा एक तरफ भीमराव अंबेडकर का फोटो भी लगाने की मांग की। वहीं भीम आर्मी के कार्यकर्ता गांव में नहीं पहुंचने से कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। गांव में एक मकान में बैठे उपरोक्त ग्रामीणों ने मौहल्ले में अपने समाज के लोगों के लिए एक बारात घर तथा एक अंबेडकर पार्क बनाने की मांग की है। लकी ने बताया कि हम लोग संगठन के विस्तार के लिए बैठक कर रहे थे जिसे प्रशासन ने नहीं करने दिया गया। धनुपुरा गांव में 29 मई को गांव के ही एक समाज के लोगों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने के लिए फाउंडेशन का निर्माण शुरू किया गया था तभी दूसरे समाज के लोगों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए एक शिकायती पत्र देकर गांव में दूसरी जगह ग्राम समाज की भूमि पर ही भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने की अनुमति मांगी।





जिस पर प्रशासन ने गांव में विवाद की संभावना के चलते बिना अनुमति के मूर्ति लगाई जाने की संभावना प्रकाश में आने पर बिना अनुमति मूर्ति लगाने पर रोक लगा दी।

इसके अलावा दो माह पहले गांव में एक समाज के लोगों द्वारा सड़क किनारे एक बिजली के पोल पर झंडा लगा दिया गया जिसका दूसरे समाज के लोगों ने विरोध जताया और विवाद की स्थिति होने पर झंडा उतरवा दिया गया। गांव में चले आ रहे।

विवाद के चलते ही गांव में बिना अनुमति बैठक करने की सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गई।


## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र मोहम्मद नौशाद व पुत्रवधू श्रीमती महक को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। मोहम्मद आकिल पुत्र अब्दुल लतीफ व श्रीमती कौसर जहां पत्नी मोहम्मद आकिल निवासीगण कुंवर साहब वाली गली थाना मुगलपुरा शहर व जिला मुरादाबाद।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र आनंद कुमार व पुत्री अनीता को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती वीरवती पत्नी स्वर्गीय मिश्रीलाल निवासी प्रीत विहार कॉलोनी खुशालपुर रोड तहसील व जिला मुरादाबाद।**


## रोटरी क्लब अमन ने राजकीय चिकित्सालय में किया वृक्षारोपण

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी अमन द्वारा राजकीय चिकित्सालय चन्दौसी में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्साधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने द्वारा पौधारोपण कर किया गया। संबोधन में चिकित्साधिकारी ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती समस्या को देखते हुए सभी को पौधारोपण करने का संकल्प लेना चाहिए क्योंकि हमें अपने बच्चों और आगे की पीढ़ी के भविष्य के लिए प्रत्येक नागरिक को एक पौधा लगाने का संकल्प लेना चाहिए। पौधे का रोपण करने के बाद उसकी देखभाल करना अत्यंत जरूरी है जिससे उक्त पौधे की सुरक्षा से ही आपका संकल्प पूरा होता है। इसके साथ ही वृक्षारा. ेपण के लिए जनजागरूक अभियान भी चलाएं जिससे आमजन वृक्षारोपण के लिए जागरूक हो सके। वृक्षारोपण के उपरांत क्लब द्वारा 11वां नि:शुल्क भोजन वितरण किया गया जिसमें मरीजों व उनके परिजनों को भोजन कराया गया। इस दौरान रोटरी क्लब अमन अध्यक्ष रो. दीपेश गुप्ता, सचिव रो. राहुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रो. अविनाश गोयल आदि का सहयोग रहा।

## एसएम कॉलेज प्रकरणः हाईकोर्ट ने अंतरिम प्रार्थना खारिज की, कुलपति का आदेश बरकरार

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज चन्दौसी के प्रबंध तंत्र द्वारा दायर याचिका संख्या 6959/2025 पर माननीय उच्च न्यायालय प्रयागराज ने कोई अंतरिम राहत नहीं दी और गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति द्वारा पारित आदेश को बरकरार रखा।

गौरतलब है कि एस.एम. कॉलेज की एक महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के आरोपों के आधार पर आयोग चयनित प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव और प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार को 18 अप्रैल 2025 को बर्खास्त कर दिया गया था लेकिन कुलपति ने 17 व 30 अप्रैल 2025 को दोनों पक्षों की मौजूदगी में बर्खास्तगी आदेश को विधि शून्य घोषित करते हुए निष्प्रभावी कर दिया और दोनों को अग्रिम आदेशों तक पूर्व की भांति कार्य करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने 28 अगस्त 2025 को हुई सुनवाई में काउंटर एवं रीजॉइंडर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और अगली सुनवाई की तिथि 06 नवम्बर 2025 तय की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक क्षेत्राधिकार का प्रश्न तय नहीं होता, कुलपति का आदेश प्रभावी रहेगा। इससे पहले महिला प्रोफेसर द्वारा लगाए गए आरोपों की एफआईआर में अंतिम रिपोर्ट (42/2025) लग चुकी है और जिलाधिकारी संभल व उच्च शिक्षा अधिकारी बरेली की तीन सदस्यीय जांच समिति भी दोनों को निर्दोष घोषित कर चुकी है। इसके अलावा इसी विषय पर दायर याचिका 8466/2025 भी खारिज हो चुकी है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता एड. गिरीशचंद्र यादव ने बताया कि अदालत के आदेश अनुसार, दोनों आयोग चयनित प्राचार्य और प्राध्यापक निलंबित/बर्खास्त नहीं माने जाएंगे। ऐसी स्थिति में उच्च शिक्षा विभाग को चाहिए कि वह दोनों को अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु तत्काल मार्ग प्रशस्त करे।


## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र अय्यूब कुरैशी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल/अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं।भविष्य में अय्यूब कुरैशी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **नफीसा बेगम पत्नी स्वर्गीय श्री नवाब मियां निवासी वारसी नगर गली नंबर-० थाना मुगलपुरा तहसील व जिला मुरादाबाद।**

IS 15700 : 2018

**उ०प्र०आवास एवं विकास परिषद,**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर-5 मझौला योजना सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद।
E-mail : emombd@upavp.com

**सर्वसाधारण की सूचना**-परिषद की मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 10/683 का आवंटन-पत्र पत्रांक 727 दिनांक 28.02.2011 द्वारा श्री दिनेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री सेतराम शर्मा के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 24.08.2011 को इस कार्यालय से विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 25.08.2011 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत कराकर दिनांक 20.09. 2011 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया था। श्रीमती जानकी पत्नी स्व० श्री दिनेश चन्द्र शर्मा ने अपने प्रार्थना-पत्र दिनांक 18.06.2025 के द्वारा अपने पति श्री दिनेश चन्द्र शर्मा की मृत्यु दिनांक 23.01.2021 को होना सूचित करते हुए आवासीय भूखण्ड संख्या 10/683 मझोला योजना संख्या-4, भाग-2. मुरादाबाद को अपने पक्ष में वारिसान के आधार पर नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी। **आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक।**

**पत्र सं.**-1515/सं0प्र0-मुरादाबाद **दिनांक:** 27.08.2025

# इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, शादी के दबाव पर कर दी हत्या, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** रुस्तमनगर सहसपुर की युवती की हत्या उसके प्रेमी ने अपने नाबालिग दोस्त के साथ मिलकर कर दी थी। इंस्टाग्राम पर युवक और युवती की दोस्ती हुई थी। एक दूसरे से प्यार भी हो गया। मृतका आरोपी से शादी के लिए दबाव बना रही थी। युवती के अन्य युवकों से संबंध पता चलने पर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारा. आरोपी की निशानदेही से शव को बरामद किया और आरोपी को जेल भेज दिया। साथी बाल अपराधी की तलाश जारी है। रुस्तमनगर सहसपुर के मोहल्ला साहूकारा के रहने वाले रियासत हुसैन की 23 वर्षीय बेटी समरीन जिला रामपुर के थाना सैफनी में एक क्लीनिक पर काम करती थी और वह 24 अगस्त को घर से क्लिनिक जाने के लिए गई। लेकिन वापस नहीं आई। इस मामले को लेकर गुमशुदगी भी दर्ज की गई। पुलिस ने क्लीनिक के स्टाफ व परिजनों से भी पूछताछ की, बाद में युवती के प्रेम प्रसंग होने का मामला सामने आया। युवती के पिता रियासत हुसैन ने कोतवाली में 25 अगस्त को गुमशुदगी दर्ज कर दी। इसके बाद रियासत हुसैन ने कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव चक फाजलपुर के रहने वाले गौसे आजम पुत्र राहत जान से पूछताछ की क्योंकि उन्हें उसके प्रेम प्रसंग का पता था तो उसने ही जानकारी दी कि उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर उसकी बेटी की हत्या कर दी और शव को एक के खेत में छुपा दिया।



इस मामले की जानकारी रियासत हुसैन पुलिस को दी। पुलिस ने गौसे आलम को हिरासत में लेकर उसकी निशानदेही से बीती रात शव को बरामद किया। एक के खेत से शव बरामद होने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। आरोपी गौसे आलम ने बताया कि उसकी समरीन से दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई दोनों एक दूसरे से प्यार भी करते थे बाद में पता लगा कि उसके संबंध अन्य लड़कों से भी है और वह उसे पर शादी का दबाव बनाना चाह रही है। वह उससे शादी नहीं करना चाहता था तो उसने यह बात अपने दोस्त को बताई। 24 अगस्त को मोबा. इल से समरीन को बिलारी बुलाया। जहां से अपाचे बाइक से कुंदरकी ले गया। कुदरकी बाईपास पर उसका साथी पहले से ही खड़ा था। जैतपुर पट्टी के सामने से नहटौरा की ओर जाने वाली सड़क से रेलवे लाइन के पास पहुंचने पर बाइक खड़ी कर दी और ईख के खेत में ले जाकर दोनों ने उसकी गलात्रदबाकर हत्या कर दी और शव को ईद के खेत में ही अंदर छुपा दिया। मोबाइल और सिम तोड़कर पर्स को जेतवाड़ा नदी में बहते पानी में फेंक दिया बाद में ट्रक पर पर बाहर चले गए। 30 अगस्त को तेवर खास के पास मृतका के पिता मिले तो उसने सारी सच्चाई बता दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# राधा अष्टमी पर्व पर हुआ मेले का आयोजन

## विधायक ने पहलवानों से हाथ मिलवाकर का किया दंगल का उद्घाटन

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम करावर गांव स्थित सिद्ध आश्रम शिव मंदिर मढ़ी टीला पर रविवार को राधाष्टमी पर्व पर मेले का आयोजन हुआ। मेले में अतिथि के रूप में पहुंचे बिलारी विधायक मौहम्मद फहीम इरफान को मेला कमेटी के अध्यक्ष मटरू सिंह यादव ने कमेटी के सदस्यों के साथ मिलकर जोरदार स्वागत किया। मेले में दो दिवसीय दंगल की शुरूआत विधायक मौहम्मद फहीम ने पहलवानों को हाथ मिलवाकर की। कुश्ती के 11 मुकाबले हुए जिनमें पहला मुकाबला आसफपुर के मुनेन्द्र और कुढ़फत्तेहगढ़ के प्रियान्शू के के बीच रहा, इस मुक. ाबले में मुनेन्द्र ने प्रियान्शू को चित करके जीत हासिल की। दूसरा मुक. ाबला कानपुर के सुरेन्द्र सिंह और बदायूं के जगदीश के बीच हुआ, इस मुकाबले को जगदीश ने जीता। तीसरा मुकाबला बनियाठेर के आदित्य और गोविन्दपुर के विशाल के बीच हुआ। इस मुकाबले को विशाल ने जीता। इसके बाद चौथा मुकाबला आंवला के रोहित और मेरठ के परवीन के बीच हुआ जिसमें मेरठ के परवीन ने मुकाबला जीता। इसके बाद पांचवा मुकबाला आंवला के भारत और शाहजहांपुर के मस्ताना के बीच हुआ, जिसमें आंवला के भारत ने मुकाबला जीता। इस दौरान मटरू सिंह यादव, विजयपाल सिंह यादव, ग्राम प्रधान अशोक यादव, सतपाल सिंह यादव, मुनेन्द्र यादव, पुलेन्द्र यादव, चन्द्रकेश यादव, राजवीर सिंह यादव, रामफल सिंह यादव, ओमप्रकाश यादव, हाकिम सिंह, सौरभ यादव आदि मौजूद रहे।



## पुलिस ने किए पांच वारंटी, गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर फरार चल रहे पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर अजय उर्फ रामदिश पुत्र ओमप्रकाश निवासी वार्ड1 धारा 4६25 आर्मसएक्ट व आरिफ पुत्र हामिद हुसैन निवासी वार्ड20 धारा4/25 व सोनू पुत्र छोटे दर्जी निवासी ग्राम कालाझण्डा धारा 379 व राजेंद्र सिंह, पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी ग्राम सडकड़ा करीम धारा 60/62,आबकारी अधिनियम व विपिन कश्यप पुत्र राजाराम निवासी मोहल्ला बंजारान फतेहुल्लागंज वार्ड5 धारा 25 आर्मसएक्ट धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी करने के आदेश पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## ग्राम पंचायत मनकरा विद्यालय की गिरी दीवार

**मूढ़ापांडे।** ग्राम पंचायत मनकरा मिलक में बने विद्यालय की दीवार गिरने से स्कूली बच्चे परेशान ग्राम प्रधान राहुल कुमार का कहना है कि दीवार गिरने से बच्चों को स्कूल में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्राम प्रधान ने ब्लाक अधिकारियों से गुहार लगाते हुए कहा है कि जल्द से जल्द स्कूल की दीवार बनवाई जाए जिससे बच्चों को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए स्कूल की दीवार गिर जाने से स्कूल के अंदर जंगली जानवरों का डर लगा रहता है।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मानावाला के पास रविवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उत्तरखंड के थाना कुण्डा के ग्राम जगतपुर पट्टी निवासी वर्षा अमित कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर के बताया कि उसका पति अमित कुमार (42 वर्ष) पुत्र मुन्नू सिंह रविवार को अपनी मोटरसाइकिल डीलक्स से ग्राम मानावाला रिश्तेदारी में आए हुए थे। दोपहर लगभग एक बजे घर लौट समय ठाकुद्वारा सुरजननगर मार्ग पर मानावाला मंदिर के पास सुरजननगर की ओर से आ रहे एक ट्रक के चालक ने तेज गति व लापरवाही से सामने से टक्कर मार दी। हादसे में अमित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शांति भंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** निर्मलपुर में मस्जिद के नव निर्माण के मामले में मारपीट पर उतारू तीन आरोपितों को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार ने बताया कि क्षेत्र के गांव निर्मलपुर निवासी मोबीन खान पुत्र मौ0 उमर, शहादत पुत्र झबरा व इसरार अली पुत्र बुद्धू को मुकदमें को लेकर तथा मस्जिद के नव निर्माण को लेकर दूसरे समुदाय के लोगों के साथ मारपीट पर उतारू होने पर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस ने तीनों आरोपितों का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां उन्हे जमानत पर छोड़ दिया है।

## धूमधाम से राधा अष्टमी महामहोत्सव का आयोजन



**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्ण भावना अमृत संघ इस्कॉन मुरादाबाद द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष की बहुत ही धूमधाम से राधा अष्टमी महामहोत्सव का आयोजन किया गया यह आयोजन कांठ रोड स्थित रेड सफायर बैंक्विट हॉल में आयोजित किया गया सबसे पहले करण की कार्यक्रम की शुरुआत भक्त प्रहलाद गुरुकुल के बच्चों द्वारा मंगलाचरण से की गई उसके बाद आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर विधायक की धर्मपत्नी अल्पना रितेश गुप्ता रही व महापौर विनोद अग्रवाल इसके अलावा मनीष पोपली व शहर गढ़ मान्य व्यापारी व एक्सपोर्टर रहे उन्होंने सबसे पहले राधा कृष्ण को अभिषेक किया इसके बाद सभी भक्तों ने एक-एक करके अभिषेक किया उसके बाद भगवान की आरती की गई आरती के बाद छप्पन भोग लगाए गए भोग के तुरंत बाद फूलों की होली व रॉक बैंड हरिनाम संकीर्तन पर पूरा बैंकट हॉल कुछ देर के लिए बरसाना धाम में तब्दील हो गया इसके बाद सभी भक्तों ने राधा रानी की कथा को विस्तार से सुना कथा को सुनाते हुए श्रीमान उज्जवल सुंदर दास ने कहा बरसाने की किशोरी जी से हमे सीख लेनी चाहिए कि किस प्रकार हमें सेवा का भाव जाग्रत करना चाहिए जिससे व्रज की गोपी सदैव भगवान कृष्ण की सेवा की लिए हर समय तैयार रहती थी उसी प्रकार सभी को ज्यादा से ज्यादा भगवान कृष्ण की प्रसन्नता के लिए सेवा के लिए उत्सुक होना चाहिए। हजारों भक्तों ने भर पेट भोजन प्रसादी व भगवान का अभिषेक पाया आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शरण प्रिय दास, महामुनि दास, सचि नंदन दास, साक्षी गौरांग दास, राधिका माधव दास, योगेश्वर दास, अचिंत्य कृष्ण दास, अक्षर निताई दास, मोहित अग्रवाल रहे उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राधा कांत गिरधारी दास ने दी।

# अंतरंग व बहिरंग समस्त परीग्रह के त्याग को उत्तम शौच धर्म कहते हैं: कौशल जैन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** श्री पार्श्वनाथ दिग. ंबर जैन मंदिर बिलारी में प्रात: काल सभी जैन समाज के पुरुष और महिलाएं एवं बच्चे एकत्रित हुए शुद्ध जल से अभिषेक एवं शांतिनाथ भगवान की शांति धारा की गई उसके उपरांत आज विशेष पूजा रही रविवार व्रत श्रेयांश नाथ भगवान दसलक्षण धर्म सोलहक. ारण पंचमेरू आदि आज मोक्ष कल्याणक श्री पुष्पदंत भगवान का मनाया गया उत्तम शौच धर्म पर प्रकाश डालते हुए कौशल जैन ने बताया आत्मा को पवित्र करने वाला सबसे प्यारा धर्म शौच धर्म है। कषायादी सर्व परीग्रह का त्याग करके जो व्यक्ति निर्लोभी बनता है वही मुक्ति रमा को बरण करता है इस शुभ अवसर पर उपस्थित रहे राकेश जैन कौशल जैन विनोद जैन संजय जैन शशांक अभिषेक जैन राकेश कुमार जैन, आदीश कुमार जैन, पारूल अग्रवाल (जैन) प्रतीक जैन पवित्र जैन राजीव जैन रजत जैन विपुल जैन रीता जैन सीमा जैन रेखा जैन शिल्पी जैन चारू जैन शगुन जैन मिशिता जैन कल्पना जैन गरिमा जैन पावनी जैन आशा जैन निधि जैन शशि जैन पूजा जैन सुरभि जैन वर्णिका जैन आर्यांश जैन लवी जैन रेनू जैन मानसी जैन नेहा जैन खुशी जैन मानसी जैन आरभ जैन तनिष्क जैन यश जैन दर्शील जैन अक्षया जैन अन्वी जैन।



# विदा हुए गोरी के लाल, खूब बरसा रंग और गुलाल

## शोभायात्रा निकाल विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया विसर्जन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सुरजन नगर।** गणेश महोत्सव के पांचवें दिन भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन किया गया। बुधवार बुधवार की प्रात: से ही शद्धालुओं ने रंग गुलाल की बौछार व डीजे की धुन पर नाचते गाते रामगंगा नदी पर पहुंचकर बप्पा की मूर्तियों का विसर्जन किया पांच दिन पूर्व सुरजन नगर में पीपलदेवता , वोवले कुंए पर भगवान गणेश की मूर्तियों की स्थापना कर गणेश महोत्सव का शुभारंभ किया गया था। 5 दिन के बाद आज गणेश महोत्सव के अंतिम दिन मूर्ति की विधि विधान से पूजा अर्चना करने केबाद गांव में शोभा यात्रा निकलते हुए रामगंगा नदी पर पहुंचकर भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन किया। घरों में स्थापित भगवान गणेश की मूर्तियों को लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए और रामगंगा नदी पर पहुंचकर अपनी-अपनी मूर्तियों का विसर्जन किया। गणेश विसर्जन शोभा यात्रा पीपलदेवता प्रारंभ होकर झंडा चौक पहुंचकर वोवले कुंए से आ रही शोभा यात्रा को साथ लकर,चामुंडा मंदिर, शिवामंदिर, बस स्टैंड, नलों वाले बाबा जी के थले से होती हुई रामगंगा नदी पर पहुंच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा में ग्रामीण एक दूसरे पर रंग गुलाल उड़ाते हुए डीजे की धुन पर गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ का जय घोष करते हुए चल रहे थे। रामगंगा नदी में मूर्ति विसर्जन के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया। अवसर पर गणेश मंडल के समस्त सदस्य व ग्रामीण उपस्थितथे।



# गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए श्रद्धालु रवाना



**ठाकुरद्वारा।** नगर के शिव शक्ति मंदिर मोहल्ला बंजारसन में चल रहे गणेश महोत्सव का रविवार को समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में पंडित उदय कुमार ने हवन तथा पूजा कार्यक्रम संपन्न कराया । कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने गणेश जी की प्रतिमा का पूजन करके विसर्जन के लिए गर्जियादेवी मंदिर के पास कोसी नदी में विसर्जन के लिए प्रस्थान कराया।

इस कार्यक्रम में मुकेश कुमार वर्मा अनमोल वर्मा भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार मनोज कुमार चौहान खुशाल कुमार प्रियांशु कुमार उदय कुमार सुधीर नायक ठाकुर प्रकाश अजय वर्मा आदि भक्तों ने भाग लिया। उधर ब्लाक क्षेत्र के गांव शरीफनगर प्राचीन शिव मन्दिर व बाल शिव मन्दिर मे चल रहे श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के गणपति विसर्जन कार्यक्रमों में पंडित हरिओम शर्मा ने विधि विधान के साथ पूजन व मन्त्रोचारण के बाद भक्तो को महाआरती करायी, भक्तो ने गणपति बप्पा की प्रतिमा को बहुत धूम-धाम से गुलाल होली के साथ झांकी के रूप मे भ्रमण कराया बाल शिव मन्दिर पर विसर्जन यात्रा में मुख्य अतिथि भाजपा जिलामन्त्री भानूप्रताप सिहं रहे गणपति विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओ द्वारा पुष्प वर्षा कर गणेश प्रतिमा को रंग गुलाल की होली के साथ भ्रमण कराकर सुर. जननगर होते हुए गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ के उदघोष के साथ रंग बिरंगी होली खेलते हुए नाचते झूमते हुए बेरखेड़ा स्योहारा घाट स्थित रामगंगा में विधि विधान व पूजन के साथ गणपति जी की प्रतिमा को विसर्जित किया गया विसर्जन यात्रा में सभी भक्त गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया, अगले वर्ष तू जल्दी आ.. का उदघोष कर रहे थे ।

इस अवसर पर भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, मोखी पधान, मनोज कुमार, स्वतंत्र एडवोकेट, कृष्णपाल सिहं, नीरज गहलौत, राधेश्याम, सुमित राणा, ठाकुर विपिन, विकास कुमार, भीम सिहं, नितेश चौहान, ब्रजराज सिहं, आशू चौहान, वेदप्रकाश सिहं, विपुल कुमार, अनुज चौहान, विशाल कुमार, सजल चौहान, हनी, दीक्षित चौहान, सौरभ, दीशू आदि उपस्थित रहे।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04203/04204 लखनऊ - नई दिल्ली - लखनऊ आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04203 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04204 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 20:20 |

चलने के दिन : **04203 लखनऊ** तथा **04204 नई दिल्ली** से दिनांक 22.09.2025 से 24.11.2025 तक (प्रत्येक सोमवार)
ठहराव : शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04008/04007 आनंद विहार (ट) - जोगबनी - आनंद विहार (ट) आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** 22 फेरे

| गाड़ी सं. 04008 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04007 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:30 | आनंद विहार (ट) | 03:00 | --- |
| 17:00 | --- | जोगबनी | --- | 18:30 |

चलने के दिन : **04008 आनंद विहार (ट)** से दिनांक 20.09.2025 से 29.11.2025 तक (प्रत्येक शनिवार) तथा **04007 जोगबनी** से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक रविवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, आलम नगर, उत्तरेटिया जं., रायबरेली जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट एवं फारबिसगंज स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04010/04009 दिल्ली जं. - सीतामढ़ी - दिल्ली जं. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** 18 फेरे

| गाड़ी सं. 04010 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04009 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:05 | दिल्ली जं. | 23:58 | --- |
| 22:30 | --- | सीतामढ़ी | --- | 23:55 |

चलने के दिन : **04010 दिल्ली जं.** से दिनांक 02.10.2025 से 27.11.2025 तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा **04009 सीतामढ़ी** से दिनांक 03.10.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनियाँ स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।

**04022/04021 नई दिल्ली - गोरखपुर - नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04022 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04021 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | --- |
| 05:00 | --- | गोरखपुर | --- | 07:00 |

चलने के दिन : **04022 नई दिल्ली** से दिनांक 19.09.2025, 03, 10, 17, 24, 31.10.2025, 07, 14, 21 एवं 28.11.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) तथा **04021 गोरखपुर** से दिनांक 20.09.2025, 04, 11, 18, 25.10.2025, 01, 08, 15, 22 एवं 29.11.2025 (प्रत्येक शनिवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04060/04059 आनंद विहार (ट) - जयनगर - आनंद विहार (ट) आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04060 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04059 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 09:00 | आनंद विहार (ट) | 08:40 | --- |
| 07:30 | --- | जयनगर | --- | 10:00 |

चलने के दिन : **04060 आनंद विहार (ट)** से दिनांक 25.09.2025 से 27.11.2025 तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा **04059 जयनगर** से दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं एवं मधुबनी स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04070/04069 आनंद विहार (ट) - राजगीर - आनंद विहार (ट) आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04070 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:20 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | --- |
| 19:50 | --- | राजगीर | --- | 23:30 |

चलने के दिन : **04070 आनंद विहार (ट)** से तथा **04069 राजगीर** से दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ जं. एवं नालंदा स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।

**04064/04063 दिल्ली जं. - भागलपुर - दिल्ली जं. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04064 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:00 | दिल्ली जं. | 15:30 | --- |
| 10:30 | --- | भागलपुर | --- | 13:40 |

चलने के दिन : **04064 दिल्ली जं.** से दिनांक 23.09.2025 से 25.11.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार) तथा **04063 भागलपुर** से दिनांक 24.09.2025 से 26.11.2025 तक (प्रत्येक बुधवार)
ठहराव : अलीगढ़ जं., टुण्डला जं, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफी गंज, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसली गंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर एवं सुलतानगंज स्टेशन।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**04525/04526 सहारनपुर जं. - अम्बाला कैंट - सहारनपुर जं. अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** 142 फेरे

| गाड़ी सं. 04525 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04526 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:40 | सहारनपुर जं. | 22:30 | --- |
| 06:45 | --- | अम्बाला कैंट | --- | 20:20 |

चलने के दिन : **04525 सहारनपुर जं.** से तथा **04526 अम्बाला कैंट** से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन)
ठहराव : पिलखनी, सरसावा, कलानौर, यमुनानगर जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, दराज़पुर, मुस्तफाबाद, बराड़ा, तंदवाल, केसरी एवं दुखेड़ी स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04219/04220 शाहगंज - अयोध्या धाम - शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** 142 फेरे

| गाड़ी सं. 04219 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04220 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:35 | शाहगंज | 04:40 | --- |
| 01:40 | --- | अयोध्या धाम | --- | 02:10 |

चलने के दिन : **04219 शाहगंज** से तथा **04220 अयोध्या धाम** से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन)
ठहराव : मालीपुर, अकबरपुर एवं गोशाईगंज स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# आईएफटीएम में आयोजित हुई 'स्व. ओंकार सरन कोठीवाल मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप' का सफलतापूर्वक समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मुरादाबाद डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन एवं आईएफटीएम विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में ''स्वर्गीय ओंकार सरन कोठीवाल मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चौंपियनशिप'' का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। सभी आयु वर्ग के लिए आयोजित हुई इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मुरादाबाद जिले के 100 से ज्यादा खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। अंतिम दिन हुए मुकाबले में अंडर 13 में निर्माण यादव विजेता, उप विजेता अर्णव मदान, अंडर 15 में निर्माण यादव विजेता, अथर्व भारद्वाज उप विजेता, अंडर 17 में आर्यन भट्ट विजेता, कृष्णा अरोड़ा उप विजेता रहे। समापन अवसर पर आईएफटीएम विश्वविद्यालय के खेल निदेशक व प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, दिल्ली से आए भारतीय खेल प्राधिकरण के सेवानिवृत्त निदेशक व भारतीय बैडमिंटन टीम के पूर्व कोच श्री सुरेश हरमिलापी एवं डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव श्री सतीश शर्मा, एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री विपिन गुप्ता, लीगल एडवाइजर एंड बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री आनंद मोहन गुप्ता, सह सचिव श्री मनीष भट्ट, श्री हिमांशु यादव, श्री जी. एस. मटेला ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में रेफरी श्री विशिष्ट चतुर्वेदी, पीयूष आहूजा, श्री शौर्य मिश्रा, श्री शिवम् शर्मा तथा श्री यश चौहान के अलावा डॉ. शशांक चौधरी, श्री कपिल गिल, श्री जे.पी. सिंह, श्रीमती नीलम शर्मा, सुश्री मीना बिष्ट की विशेष भूमिका रही। खेल के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, अधिकारीगण, शिक्षकगण के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति जयदीप सिंह, कुसुम सिंह, बाल भारती पब्लिक स्कूल के हेड श्री दिनेश बिष्ट उपस्थित रहे।



# सात्विक-चिराग ने जीता कांस्य पदक



● **सात्विक और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियूयी ने 19-21, 21-18 व 12-21 से हराया**

**पेरिस, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

शनिवार को एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियू यी ने 19-21, 21-18,12-21 से हराया। विश्व चैंपियनशिप में सात्विक-चिराग की जोड़ी का यह दूसरा कांस्य पदक है। इससे पहले सात्विक-चिराग ने टोक्यो में 2022 में हुई बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने मैच की अच्छी शुरुआत की और 4-0 की बढ़त बना ली। मिड-गेम ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बनाए रखी। लेकिन इसके बाद चीनी जोड़ी ने वापसी की और 14-13 की बढ़त हासिल कर ली और इस बढ़त को बरकरार रखते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 5-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन चीनी जोड़ी ने इसे 11-9 कर दिया। लेकिन एक बार फिर सात्विक और चिराग ने अपनी पकड़ को मजबूत किया और 16-11 से बढ़त बना ली। इसके बाद चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन 32 शॉट की रोमांचक रैली ने सात्विक-चिराग को गेम प्वाइंट दिलाया और मैच को निर्णायक तक पहुंचाया। निर्णायक मुकाबले में, चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए 9-0 की बड़ी बढ़त बना ली और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

# युकी भांबरी अगले दौर में, बोपन्ना बाहर

● यूएस ओपन ●

● **रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन को हराकर यूएस ओपन पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है।

वहीं अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। शनिवार रात एक घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले में भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी को 6-0, 6-3 से हराकर पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी भांबरी और माइकल वीनस सोमवार को दूसरे दौर में कोलंबिया के गोंजालो एस्कोबार और मेक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला से भिड़ेंगे। इसी बीच रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी ने 6-4, 6-3 से हराया। इसी हार के साथ बोपन्ना टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। दूसरी ओर, अर्जुन काधे और उनके जोड़ीदार इक्वाडोर के डिएगो हिडाल्गो क्रोएशिया के मेट पाविक और अल सल्वाडोर के मार्सेलो एरेवालो से तीन सेटों में हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए। अर्जुन काधे और डिएगो हिडाल्गो ने पहले सेट के 12वें गेम में ब्रेक प्वाइंट हासिल कर पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन दूसरा सेट टाई-ब्रेक में हार गए। निर्णायक सेट के 10वें गेम में भारतीय-इक्वेडोर की जोड़ी की सर्विस एक बार फिर टूटी और उन्हें 5-7, 7(7)-6(4), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

## हरारे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** हरारे में हुए पहले एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। यह जुर्माना मेहमान टीम पर आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, निर्धारित समय सीमा से एक ओर कम फेंकने पर एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ़ मैच रेफरी के जेफ क्रो द्वारा लगाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

खेल विशेष

## टाई-ब्रेकर्स आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वहीं हम मैच जीते: सुनील

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 में यू मुम्बा के कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेक प्रारुप की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वही हमें जीत तक ले गया। यू मुम्बा ने अपने अभियान की शुरुआत रोमांचक जीत के साथ की। गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुकाबला 29-29 की बराबरी पर खत्म हुआ, जिसके बाद टाई-ब्रेकर में यू मुम्बा ने 6-5 से बाजी मारी। विश्वनाध स्पोर्ट्स क्लब में हुआ यह मैच सीजन के शुरुआती तीन मुकाबलों में दूसरी बार नए टाई-ब्रेकर नियम तक पहुंचा, जिसने दर्शकों को आखिरी रेड तक रोमांचित रखा। कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेकर प्रारुप की सराहना करते हुए इसे रोमांचक और स्वागत योग्य बदलाव बताया। सुनील ने मैच के बाद कहा, ह्टाई-ब्रेकर में सबसे जरूरी है शांत रहना। ऐसे पलों में आपको अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करना होता है और दिमाग से खेलना होता है। वही धैर्य हमें आज जीत तक ले गया। गुजरात के स्टार डिफेंडर मोहम्मदरेज़ा शादलुई के साथ टाई-ब्रेकर में हुए अहम पल पर सुनील ने कहा कि वह बेहद तीखा मुक. ाबला था। उन्होंने मुझसे अंक लेने की कोशिश की, लेकिन ऐसे मौकों पर अनुभव काम आता है। ऐसे मैच दिखाते हैं कि कैसे मामूली अंतर से नतीजा तय होता है। टीम के पहले मैच में मिली कड़ी जीत को अहम बताते हुए सुनील ने कहा कि टाई-ब्रेकर में ओपनिंग मैच जीतना टीम में विश्वास जगाता है। यह हमारी टीम की ताकत और एकता को दर्शाता है और हमें लंबे सीजन के लिए आत्मविश्वास देता है। लीग अभी शुरू हुई है, लेकिन यह जीत हमारे लिए सही लय सेट करती है।

### भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में

# लगातार दो जीत के साथ सुपर-4 में भारत

**जापान की हॉकी टीम को 3-2 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत ने 2 गोल दागे, नंबर-1 पर पहुंची टीम**



**राजगीर, वार्ता।** भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर-4 में प्रवेश कर गई है। टीम ने रविवार को जापान पर 3-2 की जीत हासिल की। इस जीत ने टीम इंडिया को पूल ए पाइंट्स टेबल में नंबर-1 पोजिशन पर पहुंचा दिया।

राजगीर के बिहार यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के मैदान पर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 2 गोल दागे। उन्होंने 5वें और 45वें मनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। मैच के तीसरे मिनट में मंदीप सिंह ने भारत के लिए पहला फील्ड गोल किया। जापान की तरफ से 2 गोल किए गए। मैच के सिर्फ तीसरे ही मिनट में मंदीप सिंह ने भारत को बढ़त दिला दी। बाएं फ्लैंक से सुखजीत ने शानदार मूव बनाया। उन्होंने गेंद पकड़ी, घूमे और लाइन के साथ दौड़ते हुए गोल के सामने तेज क्रास मारा। वहीं मौजूद अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने गेंद को ट्रैप किया और आसानी से नेट में डाल दिया। 5वें और 45वें मिनट में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। वे मौजूदा सीजन के टाप स्कोरर हैं। हरमनप्रीत ने पिछले मुकाबले में चीन के खिलाफ गोल की हैट्रिक लगाई थी। तीसरे क्वार्टर में जापान की टीम ने वापसी की। किमुरा नारू के पास पर कावाबे कोसेई ने गोल कर दिया। कोसेई ने बैक हैंड शाट खेला और बाल को गोल पोस्ट के अंदर धकेल दिया। 150वां मैच खेल रहे कृष्ण बहादुर के पास इस शाट का कोई जवाब नहीं था। कृष्ण बहादुर 150वां मैच खेल रहे हैं। इस मौके पर भारत के हेड कोच क्रेग फुल्टन ने उन्हें स्पेशल जर्सी दी। आखिरी सेकेंड तक मैच में रोमांच बना रहा। जापान ने गेंद को भारतीय सर्कल के पास घुमाने के बाद जोरदार शाट लगाया, लेकिन डिफेंस ने उसे आसानी से रोक लिया। फिर भारत ने अंतिम पलों को संभालते हुए जीत पक्की कर ली। 59वें मिनट भारत को आखिरी मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। स्टार कप्तान हरमनप्रीत सिंह को यलो कार्ड मिला। 58वें मिनट कावाबे ने दूसरा गोल किया। बाल लगभग बेसलाइन पार करने वाली थी, लेकिन कावाबे ने उसे शानदार तरीके से ट्रैप किया। इसके बाद उन्होंने जरमनप्रीत के पास से गिरते हुए गेंद गोल पोस्ट में डाल दिया। 58वें मिनट में जापान को पेनल्टी कार्नर, भारत ने रेफरल गंवाया। 58वें मिनट में जापान को पेनल्टी कार्नर मिला। लेकिन भारतीय डिफेंडर्स ने शानदार बचाव किया।अगले ही मिनट में भारतीय टीम ने काउंटर अटैक किया।

## नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**बेंगलुरु, वार्ता।** नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विशाल बढ़त के आधार पर रविवार को दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइलन में जगह बना ली। नॉर्थ जोन ने दो विकेट पर 388 रन से आगे खेलना शुरु किया। यहां सुबह कप्तान अंकित कुमार और आयुष बदोनी अपनी टीम को बड़े स्कोर की ओर ले गए। इसी दौरान 444 के स्कोर पर मुख्तार हुसैन ने दो. हरे शतक की ओर बढ़ रहे अंकित कुमार को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अंकित कुमार मात्र दो रन से अपना दोहरा शतक चूक गए। उन्होंने 321 गेंदों में 19 चौके और एक छक्का लगाते हुए 198 रनों की पारी खेली। इसके बाद चौथे विकेट के रूप में निशांत लसधु (68) रन बनाकर आउट हुये। नॉर्थ जोन ने आयुष बदोनी का दोहरा शतक बनने के बाद 146.2 ओवर में चार विकेटपर 658 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन के खिलाफ 833 रनों की विशाल बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। आयुष बदोनी 223 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 204 रन बनाये।कन्हैया वधावन 23 रन बनाकर नाबाद रहे। नॉर्थ जोन ने पहली पारी में 405 रन बनाये। वहीं दूसरी पारी चार विकेट पर 658 के स्कोर पर घोषित की। अपनी पहली पारी में 230 रन बनाये और दूसरी में वह बल्लेबाजी नहीं कर पायी।

# ज्वेरेव को हराकर फेलिक्स यूएस ओपन के चौथे दौर में



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कनाडा के स्टार टेनिस खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने अपने करियर के एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर यूएस ओपन 2025 के चौथे दौर में जगह बना ली है।

लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में शनिवार रात खेले गए मुकाबले में 25 वर्षीय ने फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने ज्वेरेव को 4-6, 7-6(7), 6-4, 6-4 से हराने के लिए आक्रामक मास्टरक्लास का प्रदर्शन किया। उन्होंने 23 फ़ोरहैंड सहित 50 विनर्स के साथ जीत दर्ज की। वर्तमान में 27वें स्थान पर काबिज ऑगर-अलियासेम ने अब तक शीर्ष पांच प्रतिद्वंदी के खिलाफ अपनी पहली ग्रैंड स्लैम जीत दर्ज की है। वह अपने पिछले 11 प्रयासों में केवल दो बार किसी स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचे हैं और क्वार्टर फाइनल में उनका सामना 15वीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव से होगा।

## राजस्थान को हराकर केरल फाइनल में

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 के टायर-2 के दूसरे सेमीफाइनल में केरल की टीम ने राजस्थान को हराकर फाइनल में जगह बना ली। यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के फुटबॉल ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में केरल ने राजस्थान को 8-2 से हराया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन एवं रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 16 अगस्त से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में देशभर से 14 टीमों ने हिस्सा लिया है। रविवार सुबह आठ बजे खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में केरल ने शानदार प्रदर्शन किया। केरल की अर्पिता ने तीन गोल दागकर हैट्रिक बनाई। मैच जीत के बाद टीम के कोच डॉ- जेम शॉट ने कहा कि खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया और आयोजन स्थल की व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। इस महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच तीन सितम्बर को केरल और यूपी के बीच खेला जाएगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर 800 किमी साईकिल यात्रा का भव्य समापन


**नई दिल्ली, वार्ता।** देश मे खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के द्वारा मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित 800 किलोमीटर लंबी साइकिल अभियान यात्रा का रविवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भव्य समापन हुआ। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर अपने संदेश में डॉ. मांडविया ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। फिट इंडिया मूवमेंट जैसे अभियानों का उद्देश्य है हर नागरिक को स्वस्थ और सक्रिय जीवन की ओर प्रेरित करना। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत 2047' विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि स्वस्थ भारत ही सशक्त भारत

**खेल केवल प्रतिस्पर्धा का साधन नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला है: मांडविया**

की नींव है। फिट इंडिया मूवमेंट, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और ब्रह्माकुमारीज स्पोर्ट्स विंग के सहयोग से आयोजित 800 किलोमीटर लंबी साइकिल अभियान यात्रा जो 24 अगस्त को प्रयागराज से प्रारंभ होकर विभिन्न शहरों और कस्बों में फिटनेस का संदेश फैलाते हुए आज मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंची। यहां इसे लोकप्रिय फिटनेस स्पर्धा संडे ऑन साइकिल के साथ जोड़ा गया, जिसे फिट इंडिया मूवमेंट के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर न केवल सैकड़ों साइक्लिग प्रेमियों ने भाग लिया, बल्कि देशभर में खेलों के महत्व, सक्रिय जीवनशैली और स्वास्थ्य को लेकर नई ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर पेफी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. पीयूष जैन ने बताया कि इस साइकिल यात्रा अभियान का शुभारंभ प्रयागराज से हुआ।

# खेल की दुनिया में जम्मू-कश्मीर को मिली पहचान: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बाढ़ और तबाही की घटनाओं के बीच जम्मू -कश्मीर में हाल में खेलों के दो बढ़े आयोजन हुए हैं जिन्होंने राज्य को खेलों की दुनिया में नई पहचान दी है।

मोदी ने आकाशवाणी से रविवार को प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 125वीं कड़ी में कहा कि बाढ़ और बारिश की इस तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इन पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं गया लेकिन जब इन उपलब्धियों के बारे में जानेंगे तो बहुत खुशी होगी। राज्य के पुलवामा के एक स्टेडियम में पुलवामा का पहला डे नाईट क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें रिकॉर्ड संख्या में लोग एकत्रित हुए। पहले ऐसा होना असंभव था लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। ये मैच 'रॉयल प्रीमियर लीग' का हिस्सा है, जिसमें जम्मू-कश्मीर की अलग-अलग टीमें खेल रही हैं। इतने सारे लोग, खासकर युवा, पुलवामा में रात के समय, हजारों की तादाद में क्रिकेट का आनंद लेते दिखें-ये नजारा वाकई देखने लायक था। श्री मोदी ने राज्य के एक और खेल आयोजन का जिक्र करते हुए कहा ष्दूसरा आयोजन जिसने ध्यान खींचा, वो है देश में हुआ पहला ' खेलो इंडिया जल स्पोर्ट्स उत्सव' और वो भी श्रीनगर की डल झील पर हुआ।

## शहडोल जिले के फुटबॉल खिलाड़ी प्रशिक्षण लेने जाएंगे जर्मनी: मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में छिपी खेल प्रतिभाओं पर पूरी दुनिया की नजर है और इससे गौरवान्वित होने की जरूरत है। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि आज पूरी दुनिया का ध्यान भारत की तरफ है। उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के एक गांव के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र किया।

# 24 घंटे बाद भी नहीं बिके भारत-पाक मैच के टिकट

● **टिकट बिक्री के पैकेज सिस्टम के चलते फैंस को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा, कीमत 33 हजार से 3 लाख तक**

**दुबई, वार्ता।** किसी भी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट सबसे जल्दी बिक जाते हैं, लेकिन, 14 सितम्बर को एशिया कप में होने वाले भारत-पाक मुकाबले के टिकट बिक्री की शुरुआत के 24 घंटे बाद भी बचे हुए हैं। कारण है, टिकट बिक्री का पैकेज सिस्टम। भारत- पाक मैच के टिकट खरीदने के लिए दर्शकों को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा है। सबसे सस्ता पैकेज 33 हजार 600 रुपए का है। जबकि बैंड लाउंज पैकेज की कीमत 3 लाख 12 हजार रुपए है। इस बार 7 मैच के पैकेज में भारत-यूएई, भारत- पाक, बी1-बी2, ए1-ए2, ए1-बी2, ए1-बी1 और फाइनल मैच शामिल हैं। यानी बाकी मुकाबलों की तुलना में भारत-पाक मैच देखने के लिए दर्शकों को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। आयोजक भारत-पाक मैच के जरिए अन्य मैचों में भी दर्शकों को आकर्षित करना चाह रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह पैकेज सिस्टम लागू किया है। एशिया कप में कुल 12 ग्रुप मैच होने हैं। इनमें से 11 मैचों के टिकट आम तौर पर 1200 रुपए (जनरल) से लेकर 12 हजार रुपए (ग्रैंड लाउंज) तक उपलब्ध हैं। भारतीय फैन रविकांत का कहना है कि उनके आफिस में कई लोग महंगे पैकेज की वजह से टिकट नहीं ले पाए। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि मैच के करीब आते-आते सिर्फ भारत-पाक मैच का टिकट भी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी प्रशंसक हसन अब्बास ने बताया कि टिकट पैकेज देखकर पहले निराशा हुई, लेकिन क्वालिफायर और फाइनल समेत 7 मैचों की डील खराब नहीं है।

## पाक टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारतआएगी

**हॉकी इंडिया बोला: पाकिस्तान ने टीम भेजने पर सहमति दी, 28 नवम्बर से टूर्नामेंट**

**नई दिल्ली, वार्ता।** जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम भारत आएगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने तमिलनाडु में होने वाले इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए अपनी जूनियर टीम भेजने पर सहमति दे दी है। वर्ल्ड कप तमिलनाडु के मदुरई और चेन्नई में 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक खेला जाएगा। दूसरी ओर, भारत में चल रहे सीनियर हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम ने भारत आने से मना कर दिया था। वहां की सरकार ने सुरक्षा कारणों से अपना नाम वापस लिया था। भारत ने 2023 में चौथी बार जूनियर हॉकी एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को ही 2-1 से हराया था। भारत-पाकिस्तान पूल बी में हॉकी एशिया कप से पाकिस्तान के हटने के बाद, जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता थी। हालांकि, अब कन्फर्मेशन के बाद टूर्नामेंट तय शेडड्ल पर हो सकेगा। भारत और पाकिस्तान को चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। महासचिव ने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन से बात की टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर महासचिव भोला नाथ ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के साथ बातचीत की। वे टूर्नामेंट के लिए अपनी जूनियर टीम भारत भेजेंगे। नाथ ने मीडिया से कहा कि पाकिस्तान ने सहमति दी है कि वे अपनी जूनियर हॉकी टीम को वर्ल्ड कप में खेलने के लिए भेजेंगे, जो चेन्नई और मदुरई में होगा। पाकिस्तान को एशिया कप खेलने आना चाहिए था- असलम शेरखान भारतीय हॉकी के दिग्गज असलम शेरखान ने एशिया कप में पाकिस्तान के न आने पर कहा, टीम को टूर्नामेंट में हिस्सा लेना चाहिए था। भारत में डरने की कोई बात नहीं है। देश खेल और संस्कृति के मामले में बहुत अच्छा है। यहां सुरक्षा में चूक का सवाल ही नहीं। पाकिस्तानी टीम ने बिहार के राजगीर में चल रहे सीनियर एशिया कप में भारत आने से मना कर दिया था। टीम ने सुरक्षा कमी को कारण बताया था। 21 सितम्बर को भारत सरकार ने मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में खेलने की इजाजत दी पिछले हफ्ते, भारत सरकार ने नई स्पोर्ट्स पालिसी में पाकिस्तान के साथ मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में भारत को खेलने की इजाजत दी थी।

# पति से विवाद के बाद पत्नी ने फांसी लगा कर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पति से विवाद के बाद पत्नी ने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी, महिला की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। घटना की जानकारी लगते ही महिला के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू करने के साथ ही महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है,पूरा मामला मुरादाबाद जनपद के मझोला थाना क्षेत्र का है। बता दे की मझोला थाना क्षेत्र के नया गांव के रहने वाले योगेश का शनिवार की रात अपनी पत्नी अदिति से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था।

पति-पत्नी में हुए झगड़े के बाद पत्नी कमरे में सोने चली गई,जबकि पति आंगन में सोने चला गया। रविवार की सुबह जब योगेश कमरे में पहुंचा तो पत्नी का शव फांसी के फंदे से लटका देख वह दंग रह गया, घटना की जानक. ारी लगते ही महिला अदिति के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को बुला लिया। घटना की जानकारी लगते ही मझोला थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल शुरू करने के साथ ही फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्षय एकत्रित किए। महिला अदिति की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू करने के साथी महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि योगेश का अपनी पत्नी अदिति से शनिवार की रात को पारिवारिक विवाद हुआ था और उसके बाद गुस्से में दोनों पति-पत्नी अलग-अलग सोने चले गए, पत्नी कमरे में चली गई और पति आंगन में। सुबह पति जब सो कर उठा तो कमरे में पत्नी अदिति का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ था,

यह देख उसकी चीख निकल गई। घटना की जानकारी जब मृतका के मायके वालों को लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंच कर पुलिस को बुला लिया और हत्या करने का आरोप लगाया।

## उत्तर प्रदेश सरकार कर रही कोटेदारी व्यवस्था खत्म करने की तैयारी

**कांठ।** उत्तर प्रदेश में जल्दी ही कोटेदारी की व्यवस्था खत्म होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ये एलान करते हुए कहा कि सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाएगी। कोटेदारों से कहा जाएगा कि वे कोई दूसरा व्यवसाय कर लें।योगी ने कहा, शासन की योजनाएं ईमानदारी से निचले तबके तक पहुंचा दी जाएं, तो भूख, बीमारी और कुपोषण से कोई नहीं मरेगा। सीएम ने पोषण मिशन के तहत दी जाने वाली सहायता भी डीबीटी के माध्यम से खातों में भेजे जाने पर जोर दिया। साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में पोषण अभियान व सुपोषण स्वास्थ्य मेला के शुभारंभ पर योगी ने कहा कि तकनीक का अधिकाधिक प्रयोग करके ऊपर से निचले स्तर तक के हर तरह के भ्रष्टाचार खत्म किया जा सकता है। इसकी चर्चा होने के बाद राशन डीलरों में हड़कम्प मचा हुआ है।

# छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने में साले-बहनोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** पढ़ने के लिए घर से निकली बीएससी की नाबालिग छात्रा को रास्ते में से साले-बहनोई बहला फुसलाकर अगवा कर ले गए। छात्रा के पिता ने आरोपियों के खिलाफ बेटी को बंधक बनाकर जबरदस्ती विवाह करने का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा लिखाया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण ने बताया है कि 17वर्षीय बेटी हिंदू कालेज मुरादाबाद में पढ़ती है। बेटी शुक्रवार की सुबह आठ बजे घर से कालेज जाने के लिए पीपलसाना रेलवे स्टेशन को गई थी। देर रात तक वापस नहीं लौटी। पूछताछ करने पर ग्रामीणों ने बताया कि छात्रा को गांव का रविकुमार पुत्र पान सिंह और उसका साला थाना छजलैट के गांव लदावली निवासी अनुज कुमार पुत्र महेंद्र सिंह बाइक पर बैठाकर ले गए हैं। ग्रामीण का कहना है कि अनुप कुमार गांव में अपने बहनोई रवि कुमार के घर आता जाता रहता है।

इसी दौरान उसने बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। शुक्रवार को कालेज जाते समय रास्ते में से बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 20 लाख की मांग पूरी नहीं होने पर रिश्ता तोड़ा

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव पीपलसाना निवासी विधवा की तहरीर पर पर थाना मैनाठेर निवासी दंपति और बेटे समेत छह के खिलाफ दहेज प्रथा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव पीपलसाना निवासी विधवा सानम पत्नी नसीमुलहक ने बताया है कि 19 अक्टूबर को बेटी का रिश्ता थाना एवं गांव मैनाठेर निवासी जमशेद के बेटे अली के साथ किया था। मंगनी में 5लाख 65 हजार रुपए खर्च किए थे। 23अगस्त को बेटी का ससुर जमशेद,सास बब्बो खालू इमरान, दो खाला खुशनसीब व गौसिया घर पर आई और विवाह में 20लाख रुपए नकदी देने की मांग करने लगीं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। जेठ तहसीनुलहक ने मौके पर आकर उन्हें समझाया पर उन्होंने एक नही सुनी। आरोपियों ने कहा कि हमारे बेटे के साथ विवाह नहीं किया तो तेरी बेटी के फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम कर देंगे। उसकी दूसरी जगह भी शादी नही होगी। पुलिस में तहरीर के आधार पर पिता-पुत्र-पत्नी समेत आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद महाराज को श्रद्धांजलि देने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांठ से लोग हुए रवाना



**कांठ।** सर्व समाज के संत स्वामी राजेंद्रानंद महाराज का 15 अगस्त को निधन हो गया था आज 31 अगस्त को उनकी श्रद्धांजलि सभा और भंडारे का कार्यक्रम हरिद्वार में होना था जिसमें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह वहां पहुंचे और अपनी शोक संवेदना व्यक्त की इसके साथ-साथ कांठ क्षेत्र से भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह सतबीर सिंह मांन हरदीप बिश्नोई नो बहार सिंह दीपक चौधरी नकुल यादव हिमांशु सहित सोनू बिश्नोई श्री ओम बिश्नोई एवं बड़ी संख्या में कांठ से लोग वहां पहुंचे इस दौरान हरियाणा के मुख्य मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा भेजा गया शोक संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शब्दवाणी के साथ हवन से हुआ और इसके उपरांत सभी ने ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रा नंद महाराज के प्रति अपनी आस्था रखते हुए अपने-अपने अनुभव साझा किए।

उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में पहुंचे व्यापारी राजनीतिक किसान और अन्य लोगों ने अपने-अपने संस्मरण गुरु जी के बारे में बताएं। कार्यक्रम के दौरान स्वामी प्रवणानंद महाराज को समाज को दिशा दिए जाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। इस अवसर पर संत समाज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डीएम के आदेश से रविवार को भी खुले निबंधन कार्यालय, कांठ में बिका 18 लाख का स्टांप



**कांठ।** सर्किल रेट बढ़ाए जाने को लेकर रविवार को निबंध कार्यालय खोला गया जिसमें 28 रजिस्ट्री हुई और 18 लाख का स्टांप भी लगा। बतादें कि भूमि संबंधी रजिस्ट्री को लेकर हर साल सर्किल रेट में साल दर साल इजाफा होता रहता है। इस बार भी सर्किल रेट में बढ़ोतरी होनी थी। लेकिन यह एक सितंबर से लागू किया जाना था इस कारण जिला अधिकारी के आदेश से आज जनपद के सभी निबंधन कार्यालय में अवकाश निरस्त करते हुए रजिस्ट्री कार्य हुआ कांठ तहसील में 28 लोगों ने अपनी अपनी रजिस्ट्री कराई जिनमें लगभग 18 लाख का स्टांप लगा। बताया गया कि सर्किल रेट बढ़ाने की सूचना के मद्दे नजर आज बड़ी संख्या में लोग अपनी अपनी रजिस्ट्री कराने के लिए तहसील पहुंचे इसलिए काफी अधिवक्ताओं ने भी अपने चेंबर खोलकर दिनभर काम किया है।

## सपा नेता का पंपसेट चोरी करने में चोर हुए नाकाम, थाने में शिकायत



**कांठ।** समाजवादी पार्टी के नेता कयामुद्दीन सैफी की कृषि भूमि थाना छजलेट के क्षेत्र किरतपुरी के रकवे में है बताया गया कि वहां खेत पर सिंचाई के लिए उनका डीजल इंजन पंप सेट लगा हुआ है। लेकिन रात को अज्ञात चोरों द्वारा पंप सेट चुरा कर ले जाने का प्रयास किया गया।

खेत गांव के नजदीक होने के कारण जाग हो गई और चोर अपने चाबी पाने भी वही छोड़कर भाग खड़े हुए। घटना का पता लगने पर डायल 112 को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच की, सपा नेता ने बताया कि इस मामले की सूचना थाने को भी दी गई है।

## गणेश महोत्सव की पूजा के यजमान बने विजेंद्र और मोहिता



**कांठ।** वैश्य बिश्नोई मंदिर में चल रहे गणेश महोत्सव की शाम की पूजा के मुख्य यजमान मास्टर विजेंद्र बिश्नोई एवं उनकी पत्नी मोहिता बिश्नोई को बनाया गया पूजा के दौरान गणपति बप्पा और वीर बजरंगी एवं हर हर महादेव के जयकारे लगाए गए। पंडित सुरेंद्र शर्मा व भगवत आचार्य शुभम शास्त्री ने वैदिक मन्त्रो का उच्चारण करते हुए भगवान गणेश की पूजा कराई व हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहां पर बताया गया कि लक्ष्मण की जान बचाने के लिए हनुमान जी किस तरह से संजीवनी बूटी लेकर आए थे। अनिल कुमार वर्मा ने भजन सुनाया मुख्य यजमानों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर बबलू मराठा भरत बिश्नोई पार्थ बिश्नोई पुनीत बिश्नोई बृजेश बिश्नोई ऋषिकांत बिश्नोई अनिल बिश्नोई राजू बिश्नोई प्रमोद कुमार गौरव बिश्नोई नीलम बिश्नोई मंजू बिश्नोई ज्योति मराठा रंजना बिश्नोई रेनू बिश्नोई सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में सकारात्मकता की शक्तिः मानसिक स्वास्थ्य का निर्माणः विषय पर आयोजित हुआ सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के आईएफटीएमटी एलुमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स के संयुक्त तत्वावधान में "सकारात्मकता की शक्तिः मानसिक स्वास्थ्य का निर्माणः विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसर्. चव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुआ कहा कि जब व्यक्ति सकारात्मक सोच को अपनाता है तो उसका प्रभाव केवल उसके अपने व्यक्तिगत जीवन तक सीमित न रहकर समाज में भी प्रेरणा का स्रोत बनता है। इस सेमिनार में विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स पाठ्यक्रम से 2012-2015 बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में मुरादाबाद स्थित 'हर्बालाइफ इंटरनेशनल प्राइवेट लिमि0' के ग्लोबल एक्सपेंशन टीम वेलनेस कोच श्री मुकुल सिंह मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता श्री सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण वाले लोग समस्याओं से विचलित न होकर उस समस्या को समाधान खोजने पर केंद्रित रहते हैं। ऐसे लोग अपने कार्यस्थल,



परिवार और समुदाय में ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं, जो कि सामूहिक मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायी सिद्ध होता है। वास्तव में सकारात्मकता की शक्ति ही वह बीज है, जिससे मानसिक शक्ति का वृक्ष फलता-फूलता है। उन्होंने बताया कि मानसिक शक्ति का निर्माण एक सतत अभ्यास है तथा इसके लिए व्यक्ति को अपनी भावनाओं को स्वीकार करना, आत्म-करुणा अपनाना और जीवन में घटने वाली असफलताओं को सीखने का अवसर मानना आवश्यक है। मान. सिकता विकास के अनुसार, हम अपने कौशल और क्षमताओं को अभ्यास और समर्पण से बेहतर बना सकते हैं। ध्यान, योग, और सकारात्मक आत्म-वार्ता जैसे कि निरन्तर अभ्यास मानसिक शक्ति को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

सकारात्मक सोच को व्यवहार में लाना एक लंबी प्रक्रिया है, जिसमें निरंतर अभ्यास और सामाजिक समर्थन की आवश्यकता होती है। तकनीकी समाधान पर आधारित कोच या चौटबॉट्स सीमित भावनात्मक समझ रखते हैं, जिससे गहरे मानसिक मुद्दों को संबोधित करना मुश्किल हो सकता है। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने सेमिनार के विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज की तेज रफ्तार और चुनौतियों से भरी दुनिया में सकारात्मक सोच केवल एक आदत नहीं, बल्कि मानसिक शक्ति का मूल स्तंभ बन चुकी है। सेमिनार के सफल आयोजन में डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा एवं डॉ. मनीष रंजन पांडे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सेमिनार में विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता से भाग लिया तथा मुख्य वक्ता श्री मुकुल सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। डॉ. शुक्ला ने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस सेमिनार में स्कूल के बीसीए, एमसीए एवं बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक डॉ. भारत भूषण अग्रवाल श्री शुभम गौड़, श्री संतोष यादव, श्री राजदीप सिंह, श्री ललित जौहरी, श्री मुनीश कुमार एवं श्री विमल कुमार आदि फैकल्टी मैम्बर्स उपस्थित रहे।

# टीएमयू में पुष्पदंत भगवान के जन्मकल्याणक महोत्सव पर लाडू समर्पित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पर्वाधिराज दशलक्षण महामहोत्सव के चतुर्थ दिवस उत्तम शौच धर्म पर श्री 1008 पुष्पदंत भगवान के जन्मकल्याणक महोत्सव पर लाडू समर्पित किया गया। प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री के मार्गदर्शन में समुच्चय पूजन, श्री पुष्पदंत जिनपूजन, सोलहकारण पूजन, पंचमेरु पूजन और दशलक्षण पूजन के संग-संग शिखर जी विधान विधि-विधान से हुए। मंगल कलश स्थापना करने का सौभाग्य कुलाधिपति परिवार की बहू श्रीमती जाह्नवी जैन और ईडी श्री अक्षत जैन को मिला,जबकि अखंड ज्योति का सौभाग्य जीवीसी श्री मनीष जैन एवम् श्रीमती ऋचा जैन को मिला।

जिनवाणी स्थापना का पुण्य सुश्री नंदिनी जैन ने कमाया। तत्वार्थ सूत्र के चौथे अध्याय का वाचन पूर्वी जैन ने किया। शांतिधारा करने वालों को कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, प्रथम स्वर्ण कलश से अभिषेक करने वालों को वीसी प्रो. वीके जैन, जबकि अष्टकुमारियों को श्रीमती रेणु जैन ने सम्मानित किया। भैयाजी ने पुष्पदंत भगवान के मोक्ष स्थल के संग- संग लाडू चढ़ाने के महत्तम पर भी विस्तार से बताया।

**प्रथम स्वर्ण शांति धारा का सौभाग्य वीसी परिवार को**-प्रथम स्वर्ण कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य श्री कुशाग्र जैन, द्वितीय स्वर्ण कलश का श्री सार्थक जैन,तृतीय स्वर्ण कलश का सौभाग्य स्वप्निल जैन, चौथे स्वर्ण कलश का पुण्य श्री अक्षत जैन ने कमाया। प्रथम स्वर्ण शांति धारा का सौभाग्य



वीसी प्रो. वीके जैन, डॉ. करुणा जैन, श्री स्पर्श जैन, श्री स्वतंत्र जैन,द्वितीय रजत शांतिधारा का पुण्य नमन जैन,अर्पण जैन, मुकुल जैन, प्रिंस जैन,सुयश जैन,अनुष्का जैन आदि को मिला। **जीवों की तीन गतियां ख्र मनुष्य गति, तिर्यंच गति और नारकी गति...**ईवनिंग कल्चर से पूर्व दिव्यघोष के बीच संध्या आरती जिनालय से रिद्धि-सिद्धि भवन तक लाई गयी। यह आरती लाने का सौभाग्य एफओई के डीन प्रिंसिपल प्रो. आरके द्विवेदी और जैन स्टुडेंट्स को मिला।रिद्धि-सिद्धि में पंच परमेष्ठी और आदिनाथ भगवान की आरती की हुई। सीसीएसआईटी के स्टुडेंट्स की ओर से प्रस्तुत नाटक नियम का फल में जैन धर्म के अनुसार जीवों की तीन गतियां मानी गई हैं ख्र मनुष्य गति में जीव कर्मानुसार सुख-दुख का अनुभव करता है। तिर्यंच गति, में पशु, पक्षी, वनस्पति और सूक्ष्म जीव आते हैं। संचालन सांस्कृतिक समन्वयक श्री आदित्य जैन ने किया। महोत्सव में वीसी प्रो. वीके जैन, ब्रहमचारिणी दीदी डॉ. कल्पना जैन, श्रीमती करुणा जैन, श्री विपिन जैन, डॉ. रवि जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. आशीष सिंघई, डॉ. एसके जैन, डॉ. अक्षय जैन, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. अर्चना जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, श्रीमती मोनिका जैन, श्रीमती स्वाति जैन, डॉ. विनीता जैन, श्रीमती अंजलि सिंघई, श्रीमती आरती जैन उपस्थित रहे।

# अब हम दिल्ली मिलेंगे के आह्वान के साथ कार्यशाला सम्पन्न

**मुरादाबाद।** आर्यवीर दल पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कार्यशाला आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर दूसरे दिन इस संकल्प के साथ सम्पन्न हुई कि अब हम सब दिल्ली मिलेंगे। दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन। आज कार्यशाला के दूसरे दिन के प्रारंभ में वृहद यज्ञ किया गया। यज्ञ वेद मुनि -मिथलेश रमाशंकर आर्य -प्रभा सैनी की यज्ञमानी में पंडित वीरेंद्र आर्य ने वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया।' तत्पश्चात आर्यवीर दल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संचालक दयाशंकर आर्य की अध्यक्षता में कार्यशाला का सत्र प्रारंभ हुआ। कार्यशाला में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिला संचालकों ने अपने जनपद अपनी प्रगति आख्याएं प्रस्तुत की। जिनमे बरेली मण्डल के संचालक रामवीर देव और शाहजहांपुर के जिला संचालक की प्रगति आख्याएं सर्वश्रेष्ठ रही। इस अवसर पर आर्यवीर दल उत्तर प्रदेश के संचालक आचार्य पंकज ने सभी जनपदों के मण्डल संचालकों एवं जिला संचालकों से युवाओं को चरित्रवान बनाने तथा शारीरिक रुप में बलिष्ठ बनानें के लिए शाखाएं और शिविर लगाने के निर्देश दिये तथा महर्षि दयानंद सरस्वती के २००वे जन्म शताब्दी और आर्य समाज के १५०वे वर्ष के उपलक्ष्य में ३०अक्टुबर से२नवम्बर तक दिल्ली में होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय महासम्मेलन में १५०० आर्यवीरो को पश्चिमी उत्तर प्रदेश से प्रशिक्षित कर लें जाने का निर्देश दिया इसकी तैयारियों के लिए सभी जनपदों में प्रशिक्षकों को भेजने की योजना बनी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से महासम्मेलन में जाने हेतु सभी जिला संचालकों से ५००० संख्या ले जाने का लक्ष्य दिया। कार्यशाला इस आव्हान के साथ सम्पन्न हुई कि दिल्ली में होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए अब हम सब दिल्ली में मिलेंगे। महासम्मेलन को सफल बनाने हेतु आर्य समाज के प्रदेश उपप्रधान ज्ञानेंद्र गांधी, डा अभय श्रोत्रिय रमेश सिंह आर्य ने भी सभी जनपदों से आये प्रतिनिधियों से आव्हान किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री भूदेव मुनि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संचालक जीवन सिंह आर्य मुरादाबाद मण्डल संचालक रमेश सिंह आर्य, बरेली मण्डल संचालक रामवीर देव , मेरठ मण्डल संचालक विद्या सागर, मथुरा मण्डल संचालक कृष्ण कुमार आर्य , प्रदेश संगठन महामंत्री हरिसिंह आर्य, लोकेश आर्य, यशपाल आर्य डा राममुनि सुकांत आर्य मंगलसैन आर्य भीष्म आर्य रामवीर सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष सुरेश चन्द्र आर्य नरेंद्र पाल सिंह सत्यव्रत आर्य, नरेंद्र सिंह आर्य राजेश कुमार, कृष्ण मुरारी आर्य, व्यायाम शिक्षक नितेश कुमार,शौरभकुमार आर्य अंशुल आर्य विदिशा, दीक्षांत आर्य प्रत्येन्द्र आर्य जगपाल सिंह,ज्योति बसु, नरेंद्र कुमार आर्य आदि प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**बिलारी।** ग्वारखेड़ा गांव के पास स्थित हनुमान मंदिर के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक रामपुर जिले का रहने वाला है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। जिला रामपुर के थाना सैफनी के गांव छितौनी निवासी 17 वर्षीय मोहम्मद अली पुत्र इस्लाम अपनी बाइक पर मुरादाबाद के थाना सोनकपुर के गांव अलीपुर निवासी 15 वर्षीय सलीम पुत्र इकबाल के साथ बाइक से सैफनी की तरफ से शाहबाद रोड से होते हुए बिलारी की तरफ आ रहे थे। दूसरी बाइक पर बिलारी के मोहल्ला अंसारियान निवासी 25 वर्षीय मोहम्मद फरमान पुत्र सफीक अहमद बिलारी से सैफनी की ओर जा रहे थे। ग्वारखेड़ा गांव के सामने दोनों बाईको की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें मोहम्मद अली गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि समीर व फरमान को मामूली चोटे आई। सूचना के बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मोहम्मद अली को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य घायलों को इलाज दिया गया। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा पर पोस्ट मार्टम को भेजने की तैयारी शुरू कर दी। वहीं परिवार के लोगों को भी सूचना दी।

## एक नजर

### मदरसा जमियत-ए-उलेमा हिन्द के नवनियुक्त अध्यक्ष का किया स्वागत



**मुरादाबाद।** जमियत ए उलेमा हिन्द के नवनियुक्त अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद ताहिर कासमी मोहतमिम मदरसा जामेउल हुदा मुरादाबाद का मदरसा परिसर में मोहल्ला गलशहीद के लोगों व मदरसे के छात्र व शिक्षकों द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। और अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद ताहिर के साथ मिलकर शहर व मुल्क की तरक्की के लिए काम करने का संकल्प लिया गया।इस मौके पर खास तौर से सुहैल खा नामित पार्षद गलशहीद इनामुल्ला खां ,परवेज खां , हफीज खां, शाहिद हुसैन,मोहम्मद आसिम,मौलाना मुफ्ती, मोहम्मद तय्यब,मौलाना मोहम्मद यादया,सय्यद फदद अली, नवाब इमाम ए शहर हाफिज साजिद,मौलाना मुजम्मिल हुसैन,मुफ्ती तारिक अजीज कारी,व दीगर हजरत मौजूद रहे। इस मौके पर शहर अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद ताहिर काजमी ने शहीद नवाब मज्जू खां साहब की मजार पर जाकर चादर पोसी कर दुआ की गई।

### मदरसा अंसरियान फैजुल कुरान में परीक्षा जारी



**मुरादाबाद।** असलतपुरा स्थित मदरसा अंसारियान फैजुल कुरान में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है। जिसमें 165 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। उक्त परीक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए मदरसा अंसारियान फैजुल कुरान के प्रिंसिपल मुफ्ती अले रसूल ने बताया कि प्रथम क्लास से लेकर फाजिल तक के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इन विद्यार्थियों की परीक्षा 165 है। जिसमें अधिकांश छात्र मदरसे में रहकर पढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा एक पारी में हो रही है। जो जारी है। परीक्षा संपन्न कराने में मुफ्ती अमन वाइज मौलाना अशफाक मुफ्ती मुतीउर रहमान मुफ्ती नफीस करी अबरार हाफिज सद्दाम मौलाना फतीहुल कादरी विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

### मिस्त्र काहिरा की अल-अजहर यूनिवर्सिटी से मुफ्तीनदीम ने शरिया लॉ में 95 प्रतिशत अंक लाकर भारत का नाम किया रोशन



**मुरादाबाद।** मिस्त्र ( काहिरा ) की अल-अजहर यूनिवर्सिटी में तीन साल से पढ़ रहे मुफ्ती मोहम्मद नदीम अजहरी ने शरिया लॉ के सालाना इम्तेहान मे 95 % नम्बर लाकर भारत का नाम रोशन किया। इस मौके पर कुन्दरकी और आस पास के लोगो में मुफ्ती मौहम्मद नदीम अजहरी को मुबा. रकबाद पेश की , और उनके वालिद कारी अब्दुल वकील ( नाजिम - ए - आला दारुल उलूम रजा ए . मुस्तफा ) व सभी घर वालो को मुबारकबाद दी इस मौके पर सय्यद्नासिर मियां , कारी वसीम मियां , मुफ्ती मुजफ्फर मुफ्ती मुस्लिम , मुफ्ती साजिद , मौलाना हबीब , कारी मुनाजिर कारी मुहफूज , कारी रफीक अशरफ , और वसीम व शुऐब रजा मे मुबारकबाद पेश पेश की।

### होम्योपैथी के साथ एक्यूप्रेशर व योग प्राणायाम सभी लोगों का इलाज संभवः डॉ. आरके शर्मा



**मुरादाबाद।** आर्गेनम होम्योपैथिक सर्वाहार सोसाइटी के तत्वाधान में आर्गेनम होम्योपैथिक संस्थान की प्रथम मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक का उद्घाटन बुद्ध बाजार स्थित मालवीय नगर ( निकट शिव दुर्गा गर ) मे किया। समारोह के मुख्य अतिथि सोसाइटी के अध्यक्ष व पूर्व जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डा . आर . के . शर्मा तथा समारोह के विशिष्ट अतिथि विजय पाल सिंह त्यागी द्वारा रिविन काटकर विधिवत किया गया। इस मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक में होम्योपैथी के साथ एक्यूप्रेशर रवं योग प्राणायाम के द्वारा समस्त प्रकार के असाध्य रखे दुसाध्य रोगो की सफल चिकित्सा की जाएंगी , उपरोक्त क्लीनिक में कैंसर रोगियो की निशुल्क सहायता का प्रावधान होगा। समारोह मे सोसाइटी की कोषाध्यक्ष डॉ ० नूतन आर्या , डाठ पल्लवी कौशिक डा . आर . सी . गुप्ता , पुष्पेन्द त्यागी , निपेन्द्र त्यागी, अरुण त्यागी, भोकेश त्यागी , डा ० अशोक त्यागी , आर्य भोले सिंह त्यागी , प्रीति त्यागी , नीलम त्यागी , प्रशंसा त्यागी , व दीपा त्यागी , अंजलि वर्मा , दीपा , अमन , सिद्धार्थ , रोहित , पुष्कर राम आर्य , करन उपस्थित रहें। समारोह का संचालन अभिनय आर्य ने किया।

# चीन में मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चीन के शहर तियानजिन में हैं। यह शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितम्बर तक चलेगा। इस शिखर सम्मेलन में 20 से ज्यादा देश हिस्सा ले रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ–साथ सेंट्रल एशिया, साउथ एशिया, साउथ ईस्ट एशिया के नेता भी यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब टैरिफ को लेकर भारत व अमेरिका के बीच ही नहीं बल्कि अन्य देशों के साथ भी अमेरिका से तनाव बना हुआ है। स्वाभाविक है कि इस पर अमेरिका सहित तमाम यूरोपीय देशों की नजर लग गई। हालांकि यूरा.पीय देश भी अमेरिका के टैरिफ से पीड़ित हैं, लेकिन फिर भी वह अमेरिका से दूरी बनाकर ज्यादा देर तक टिके नहीं रह सकते। जाहिर है ऐसे में शिखर सम्मेलन के सदस्य एक दूसरे के अधिक निकट आएंगे ही और वह आते भी दिखाई दे रहे हैं। शिखर सम्मेलन से इतर रविवार को चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से पीएम मोदी की मुलाकात लगभग 50 मिनट तक चली, बताती है कि चीन व भारत अब पिछली बातों को भुलाकर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। चीन के राष्ट्रपति ने भी पीएम मोदी से मिलकर खुशी जताई और कहा कि ड्रैगन यानि चीन और हाथी यानि भारत को साथ आना चाहिए। पीएम मोदी ने जिस तरह जिनपिंग के सामने आतंकवाद का मुद्दा उठाया उससे साफ है कि भारत आतंकवाद को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा। मोदी का यह कहना सही है कि आतंकवाद आज किसी एक देश की समस्या नहीं है बल्कि वैश्विक समस्या है। इसलिए चीन को भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ देना चाहिए, जाहिर है जब मोदी ऐसा कह रहे थे तो अप्रत्यक्ष रूप से चीन का ध्यान पाकिस्तान की ओर यह याद दिलाने के लिए कह रहे थे कि वहां पर पल रहे आतंकवादियों का वह बचाव न करें, क्योंकि विदित है कि कई अवसरों पर चीन ने पाकपरस्त आतंकवादियों का बचाव किया है। वह भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर। अभी यह तो कहना जल्दबाजी ही होगा कि शंघाई शिखर सम्मेलन से क्या निकलकर बाहर आता है, क्योंकि यह तो तभी सामने आएगा जब सम्मेलन की समाप्ति के बाद साझा एजेंडा सामने आएगा, लेकिन एक बात साफ है कि जिस तरह बड़ी संख्या में राष्ट्रों के राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल हो रहे हैं, वह अमेरिका के लिए एक तरह से खुली चुनौती जैसा है। यह शिखर सम्मेलन यही बताता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की दूसरे देशों को धमकाने की तमाम कोशिशें नाकाम होती जा रही हैं। इरान, मिस्र, म्यांमार, नेपाल जैसे देश न सिर्फ इसमें हिस्सा ले रहे हैं बल्कि पीएम मोदी इनके नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। अमेरिका को समझना होगा कि टकराव के रास्ते से कुछ हासिल नहीं होने वाला। यूं भी व्यापार को राजनीति से अलग रखना चाहिए, लेकिन ट्रम्प किसी को सुनने के लिए तैयार नहीं हैं और सनकभरे फैसले ले रहे हैं। जाहिर है इससे दुनिया में तनाव ही बढ़ेगा।

## बिहार में अकेले चलेगी बसपा



बसपा बिहार में अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी, आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा, बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताजा जरूरतों को देखते हुए राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन जोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग–अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी लिया गया, बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ–साथ वहां राज्य के तेजी से बदलते हुए राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा चुनाव में बेहतर रिजल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है।

**–सुश्री मायावती**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

### मन्नतें मांगने और निशान 'नेजा' चढ़ाने दूर-दराज से आते हैं लाखों लोग

# हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है मेला गुघाल

सहारनपुर से करीब 5 किमी दूर सहारनपुर–गंगोह मार्ग पर एक गांव है मानकमऊ, जो शहर से मिला हुआ है, जहां पराक्रमी गुग्गावीर की समाधि बनी हुई है जो म्हाड़ी के नाम से विख्यात है। हर वर्ष भादो शुक्ल दशमी को सैकड़ों वर्षों से गुग्गावीर की स्मृति में गुघाल नाम से भव्य मेला लगता चला आ रहा है, जिसमें लाखों की संख्या में लोग आते हैं और मन्नतें मांगते हैं और निशान चढ़ाते हैं। लंबे बांस पर कपड़ा लिपटा हुआ यह निशान गुग्गावीर की विजय पताका का प्रतीक माना जाता है। इस मेले का सबसे अधिक महत्व यह है कि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में गुग्गा के राष्ट्र वेदी पर हुए बलिदान व उनके प्रति सभी धर्मावलंबियों की मान्यता होने के कारण उनकी स्मृति में लगने वाला यह मेला हिन्दू मुस्लिम राष्ट्रीय एकता व सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बन गया है। इस मेले की पूरी व्यवस्था नगर निगम सहारनपुर करती है और नगर वासियों तथा बाहर से आए नागरिकों की सुविधा के लिए गंगोह मार्ग रेलवे फाटक ईदगाह के आसपास भव्य बाजार सजाए जाते हैं, जिसमें दूसरे जनपदों के व्यापारी आकर अपनी दुकानें सजाते हैं।

गोगावीर ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जाहरवीर दीवान को लेकर क्षेत्र में अनेक किवदंतियां हैं। कहा जाता है कि सिरसा पारत राजस्थान के राजा कुंवरपाल की दो लड़कियां थीं। बाछल व काछल, बाछल ने गुरु गोरखनाथ गोरख की वर्षों प्रार्थना कर जब संतान का वरदान चाहा तो उनकी बहन काछल ने रात्रि में गुरु गोरखनाथ के पास पहुंचकर पुत्र प्राप्ति की प्रार्थना की एक रानी बाछल व काछल के हमशक्ल होने की वजह से गुरु गोरखनाथ ने काछल को रानी बाछल समझ कर दो पुत्र होने का आशीर्वाद दिया। काछल के लौटने के बाद जब रानी बाछल के पास पहुंची तब तक उनका डेरा उखड़ चुका था। रानी बाछल ने गुरु गोरखनाथ का पीछा कर उन्हें गद्दी पर पा लिया तथा गुरु से अपनी सेवा का हल चाहा। शिव का अवतार समझे जाने वाले गुरु गोरखनाथ ने जब रानी बाछल से कहा कि बीती रात तुम्हें पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद दे चुका हूं तो रानी बाछल ने उत्तेजित होकर उन्हें झूठा करार दिया। इस पर गुरु ने शिव का ध्यान किया तो बाछल रानी काछल के वेश में उनकी छोटी बहन उन्हें चकमा दे गई। रानी बाछल की मनोकामना पूरी करने के लिए गुरु गोरखनाथ अपनी योगिक शक्तियों के सहारे झूमने लगे आखिर उन्हें भगवान शिव के पास गुग्गल मिली। गुरु गोरखनाथ ने रानी बाछल को गुग्गल देकर कहा कि तुम इसको धूप देना जिससे पुत्र प्राप्त होगा तथा तुम्हारी बहन ने धोखा देकर पुत्र प्राप्त किए हैं उनका वध नहीं करेगा। गुरु गोरखनाथ के आशीर्वाद से बाछल ने गुग्गा व काछल ने अर्जन व सर्जन को जन्म दिया। संपत्ति और धन के बंटवारे को लेकर हुए युद्ध में अर्जन सर्जन मारे गए। बाछल का पुत्र गुग्गा युद्ध समाप्ति पर अर्जन व सर्जन का सिर लेकर अपनी मां रानी बाछल के पास पहुंचा। अर्जन और सर्जन की मौत का समाचार सुनकर रानी बाछल अचंभित रह गई तथा उसने अपने पुत्र गुग्गा का मुंह न देखने का प्रण लिया। अपनी मां के प्रण को निभाने के लिए गुग्गा जंगल में चला गया, लेकिन रात्रि में छुपकर अपनी पत्नी के पास आया जाया करता था। गुग्गा की पत्नी के श्रंगार को देखकर जब रानी बाछल ने गुग्गा के बारे में पूछा तो उसकी पत्नी ने कहा कि रात में आते हैं लेकिन आते समय नहीं दिखाऊंगी जाते समय दिखाऊंगी।

अगली रात्रि जब गुग्गा अपनी पत्नी के पास से लौट रहा था तो रानी बाछल उसके पीछे दौड़ पड़ी। मां को पीछे आते देख गुग्गा बागड़ देश के जंगल में जा छुपा। जंगल में प्रकट होकर गुरु गोरखनाथ ने जहां गुग्गा को पीरी दी ही पर बाद में म्हाड़ी बना दी गई। बताया जाता है कि एक बार गुग्गावीर जब घूमते हुए सहारनपुर आए तो उन्होंने गंगोह रोड पर जोहड़ से कुछ लोगों को मछली मारते हुए देखा गुग्गावीर ने जब इनसे पूछा तुम यह क्या कर रहे हो तथा झोले में क्या है उन्होंने कहा कि हम मछलियां मार रहे हैं तथा हमारे झोले में भी मछलियां ही हैं। इस पर गुग्गावीर ने उनसे कहा कि तुम्हारे झोले में मछलियां नहीं हैं झांक कर देखो, उन लोगों ने अपने झोले में झांका तो उनमें सांप ही सांप नजर आए।

गुग्गावीर के चमत्कार को देखकर उनके पैरों में गिर पड़े। उनकी प्रार्थना से खुश होकर गुग्गावीर ने उन्हें अपना प्रतीक नेजा भेंट किया तथा प्रति वर्ष मेला आयोजित करने को कहा। संबंधित परिवारों ने जब इसमें रूचि नहीं ली तो एक घरेलू नौकर कबली भगत ने नेजे का ग्रहण कर लिया तब से प्रतीक नेजा उसके परिवार के पास ही है।

गोगा पीर लोगों की है आस्था का केंद्र



सहारनपुर जनपद में बांगड़ वाला गुग्गावीर को विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि उनकी सेवा करने से संतान प्राप्ति आर्थिक समृद्धि व स्वास्थ्य लाभ होता है संतान प्राप्ति की इच्छा पूरी होने पर लोग मकान के बाहरी भाग में दो ईंटों का नाथ बना देते हैं, इसे म्हाड़ी कहा जाता है। तिथि, त्योहार को इसमे दीप जलाया जाता है तथा गुग्गावीर को खुश करने के लिए पतल कंदूरी भी की जाती है जिसकी यहां के लोग रात्रि अखाड़ा कहते हें। इसमें कढ़ी चावल का प्रसाद चढ़ाते हैं और रातभर गुग्गावीर का पूजन किया जाता है। गुग्गावीर का मेला इस जनपद का सबसे प्राचीन मेला माना जाता है। बताते हैं कि इसे लगते हुए करीब साढ़े तीन सौ वर्ष बीत चुके हैं। समय के साथ मेले में परिवर्तन होते रहे हैं कहा जाता है कि पहले गुग्गावीर का मेला सिर्फ म्हाड़ी पर ही लगता था जहां पर दूर से आने वाले व्यक्ति मनोकामना की पूर्ति हेतु निशान चढ़ाते थे पर अब मेला कई स्थानों पर लगता है और उनमें सबसे बड़ा मेला यहीं लगता है। अद्भुत शक्ति के कारण ही उन्हें जाहीरपीर यानि साक्षात देवता नीले घोड़े वाला और सांपों के देवता के रूप में भी मानते हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग गोगावीर को पीर के रूप में मानते हैं। ज्ञातव्य है कि रेशमी कपड़े से सजी 24 छड़ियां एक सरदार छड़ी और धातु का बना नेजा शहर की परिक्रमा करने के बाद दशमी के दिन म्हाड़ी पर पहुंचते हैं। जहां उनके मालिक उनकी विधिवत पूजा करते हैं इसके बाद मेला शुरू हो जाता है। मेला खत्म होने के बाद छड़ियां भक्तों के घर लौट जाती हैं और हर साल यही सिलसिला जारी रहता है। इस मेले में अनेक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

सहारनपुर नगर निगम के मेयर डा. अजय कुमार के अनुसार गुघाल मेला 5 सितम्बर से शुरू होकर एक पखवाड़े तक चलेगा, जबकि छड़ी का मेला 2 सितम्बर से शुरू हो जाएगा।



**ज़िया अब्बास ज़ैदी**

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं मो. नं-9837776610 )**

# भारत में सत्ता परिवर्तन और आधुनिक युग

1857 की क्रांति भारतीय इतिहास में एक ऐसा मोड़ थी जिसने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी। यह विद्रोह केवल एक सैनिक आंदोलन नहीं था बल्कि किसानों, कारीगरों, शासकों और आम जनता की सम्मिलित पीड़ा और असंतोष का विस्फोट था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत को केवल अपने व्यापार का क्षेत्र माना, उसकी नीतियां पूरी तरह शोषणकारी थीं। कर वसूली, जमींदारी, किसानों की बदहाली, देसी उद्योगों का विनाश और सांस्कृतिक उपेक्षा इन सबने मिलकर भारतीय समाज को असंतोष से भर दिया। 1857का गदर इसी असंतोष का परिणाम था। अंग्रेज इस क्रांति को दबाने में सफल तो हुए, लेकिन उन्होंने एक गहरी सीख ली कि केवल शोषण के बल पर भारत जैसा विशाल देश नियंत्रित नहीं किया जा सकता।

यही कारण था कि 1 सितंबर 1858 को एक ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ। इस दिन महारानी विक्टोरिया की घोषणा के साथ भारत ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन से निकलकर सीधे ब्रिटिश क्राउन के अधीन आ गया। यह केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं था, बल्कि शासन की मानसिकता में भी परिवर्तन का संकेत था। अंग्रेजों ने पहली बार यह माना कि भारत को केवल व्यापार और कर वसूली का साधन मानकर नहीं चलाया जा सकता, बल्कि इसे अपनी प्रजा समझकर शासित करना होगा। इसी सोच से शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रेलवे, डाक और बिजली जैसी व्यवस्थाओं की नींव रखी गई। ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन जनता से पूरी तरह दूर था। स्थानीय राजा–नवाब और अमलदार उनके लिए महज राजस्व इकट्ठा करने के माध्यम थे। परंतु 1857 ने बता दिया कि जब तक जनमानस की भागीदारी नहीं होगी, कोई भी सत्ता स्थिर नहीं रह सकती। ब्रिटिश हुकूमत ने कंपनी को समाप्त करके सीधे सत्ता अपने हाथ में ली और भारत के साथ एक 'प्रजा–राज्य' का रिश्ता बनाने की कोशिश की। यही कारण है कि 1858 के बाद अंग्रेजों ने भारतीय समाज के विभिन्न पहलुओं को समझना शुरू किया।

पुरातत्व विभाग, शिक्षा आयोग, विश्वविद्यालयों की स्थापना, अस्पतालों का निर्माण, सिंचाई के लिए नहरों की खुदाई, और सबसे बढ़कर रेल व्यवस्थाकृए सब कदम केवल आधुनिकता की शुरुआत नहीं थे, बल्कि शासन की नई सोच के प्रतीक थे, आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह दौर दोहरी प्रवृत्ति का रहा। एक ओर अंग्रेजों ने भारत में आधुनिक व्यापार और उद्योग का ढांचा खड़ा किया, बैंकिंग और मुद्रा व्यवस्था को संगठित किया, रूपया आना पैसा की प्रणाली को प्रचलित किया, दूसरी ओर देसी उद्योगों का विनाश भी किया। कपड़ा उद्योग, हथकरघा और पारंपरिक शिल्प धीरे–धीरे समाप्त कर दिए गए, क्योंकि अंग्रेजों का उद्देश्य अपने कारखानों के माल को भारत में खपाना था। किसानों पर करों का बोझ बढ़ता गया और कई जगह विद्रोह हुए। लेकिन रेल, डाक और तार की सुविधा ने पूरे देश को एक आर्थिक इकाई में बदलना शुरू किया, जो बाद में स्वतंत्रता आंदोलन का बड़ा आधार बनी। सामा. जिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी यह परिवर्तन महत्वपूर्ण था। मैकाले की शिक्षा नीति के तहत अंग्रेजी शिक्षा ने एक नया मध्यमवर्ग तैयार किया। यह वर्ग बाद में भारतीय राजनीति और समाज सुधार आंदोलनों का नेतृत्व करने वाला बना। समाचार पत्र, पत्रिकाएं और साहित्यिक आंदोलन इसी शिक्षा से उपजे। चिकित्सा के क्षेत्र में अस्पताल और आधुनिक दवाओं ने जनता का ध्यान खींचा। समाज सुधार आंदोलनोंकृसती प्रथा का उन्मूलन, विधवा विवाह की स्वीकृति, कन्या शिक्षा, अस्पृश्यता के विरुद्ध आवाज इन सबको अप्रत्यक्ष रूप से ब्रिटिश कानूनों का समर्थन मिला। सबसे बड़ा परिवर्तन राजनीतिक क्षेत्र में हुआ। 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म हुआ। अंग्रेजों ने भारतीयों की राय सुनने की औपचारिकता की शुरुआत की। शुरुआत में कांग्रेस केवल प्रार्थना–पत्रों और मांगों तक सीमित रही, लेकिन धीरे–धीरे उसने आंदोलन का रूप ले लिया। 1919 और 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट्स के जरिए स्थानीय सरकारों का गठन हुआ। पंचायत

**वीरेश तरार**

स्तर तक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था बनी और भारतीयों को प्रशासन में आंशिक भागीदारी मिली। 1937 में प्रांतीय सरकारों का गठन हुआ, जिसने भारतीय नेताओं को शासन का प्रत्यक्ष अनुभव दिया। इसी क्रम में गांधी का नेतृत्व सामने आया। असहयोग, सविनय अवज्ञा और भारत छोड़ो आंदोलन ने जनता को राजनीति का सक्रिय हिस्सा बना दिया। 1940 में पूर्ण स्वराज की मांग ने अंग्रेजों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि अब भारत को स्वतंत्र करना ही होगा। द्वितीय विश्वयुद्ध ने ब्रिटेन की स्थिति कमजोर कर दी और अंतत: 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ। 1 सितंबर 1858 से 15 अगस्त 1947 तक का यह सफर केवल सत्ता के हस्तांतरण का नहीं था, भारतीय समाज के पुनर्निर्माण और राजनीतिक चेतना के विकास की कहानी भी था। ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह ब्रिटिश राज भी शोषण पर टिकता, तो संभव था कि भारत में इतनी व्यापक राजनीतिक एकता कभी न बन पाती। लेकिन क्राउन के अधीन शासन ने शिक्षा, संचार और प्रशासन की आधुनिक नींव रखी, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को संगठित किया और भारतीय राष्ट्रवाद को जन्म दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिन्दुस्तानी गज़ल से मशहूर हुए दुष्यंत कुमार



आज एक सिंतबर है प्रसिद्ध हिंदी गजलकार दुष्यंत कुमार की जन्मदिन है। बिजनौर के राजपुर नवादा गांव में एक सितंबर 1933 में जन्मे दुष्यंत कुमार का मात्र 43 वर्ष की आयु में 30 दिसंबर 1975 को भोपाल में उनका निधन हुआ। हिंदी साहित्यकार गजलकार दुष्यंत कुमार हिंदी गजल के लिए जाने जाते हैं। वह हिंदी गजल के लिए विख्यात हैं किंतु उन्हें यह ख्याति हिंदी गजलों के लिए नहीं , हिंदुस्तानी गजलों के लिए मिली।

संसद से लेकर सड़क तक मशहूर हुए उनके शेर हिंदुस्तानी हिंदी में हैं। हिंदुस्तानी हिंदी में उन्होंने सभी प्रचलित शब्दों का इस्तेमाल किया। शब्दों को प्रचलित रूप में इस्तेमाल किया। वे अपनी पुस्तक साए में धूप की भूमिका में खुद कहते हैं गजलों को भूमिका की जरूरत नहीं होनी चाहिए, लेकिन एक कैफियत इनकी भाषा के बारे में जरूरी है। कुछ उर्दू दां दोस्तों ने कुछ उर्दू शब्दों के प्रयोग पर एतराज किया है। उनका कहना है कि शब्द 'शहर' नहीं 'शह्र' होता है, वजन नहीं 'वज्न' होता है। कि मैं उर्दू नहीं जानता, लेकिन इन शब्दों का प्रयोग यहां अज्ञानतावश नहीं, जानबूझकर किया गया है। यह कोई मुश्किल काम नहीं था कि शहर की जगह नगर लिखकर इस दोष से मुक्ति पा लूं, किंतु मैंने उर्दू शब्दों को उस रूप में इस्तेमाल किया है, जिस रूप में वे हिन्दी में घुलमिल गए हैं। उर्दू का 'शह्र' हिन्दी में 'शहर' लिखा और बोला जाता है। ठीक उसी तरह जैसे हिन्दी का 'ब्राह्मण' उर्दू में 'बिरहमन' हो गया है और 'ऋतु' 'रुत' हो गई है।

उर्दू और हिन्दी अपने अपने सिंहासन से उतरकर जब आम आदमी के बीच आती हैं तो उनमें फर्क कर पाना बड़ा मुश्किल होता है। मेरी नीयत और कोशिश यही रही है कि इन दोनों भाषाओं को ज्यादा से ज्यादा करीब ला सकूं। इस लिए ये गजलें उस भाषा में लिखी गई हैं जिसे मैं बोलता हूं। गजल की विधा बहुत पुरानी, किंतु विधा है, जिसमें बड़े–बड़े उर्दू महारथियों ने काव्य रचना की है। हिन्दी में भी महाकवि निराला से लेकर आज के गीतकारों और नए कवियों तक अनेक कवियों ने इस विधा को आजमाया है। गजल पर्शियन और अरबी से उर्दू में आई। गजल का मतलब है औरतों से अथवा औरतों के बारे में बातचीत करना। यह भी कहा जा सकता है कि गजल का सर्वसाधारण अर्थ है माशूक से बातचीत का माध्यम। उर्दू के साहित्यकार स्वर्गीय रघुपति सहाय 'फिराक' गोरखपुरी ने गजल की भावपूर्ण परिभाषा लिखी हैं। कहते हैं कि जब कोई शिकारी जंगल में कुत्तों के साथ हिरन का पीछा करता है और हिरन भागते–भागते किसी ऐसी झाड़ी में फंस जाता हैं जहां से वह निकल नहीं सकता, उस समय उसके कंठ से एक दर्द भरी आवाज निकलती हैं। उसी करूण स्वर को गजल कहते हैं। इसीलिए विवशता का दिव्यतम रूप में प्रगट होना, स्वर का करूणतम हो जाना ही गजल का आदर्श है। दुष्यंत की गजलों की खूबी है साधारण बोलचाल के शब्दों का प्रयोग, हिंदी, उर्दू के घुले मिले शब्दों का प्रयोग। चुटीले व्यंग उनकी गजल की खूबी है। वे व्यवस्था और समाज पर चोट करते हैं। ये ही उन्हें सीधे आम आदमी के दिल तक ले जाती है। उनकी यह शैली उन्हें अन्य कवियों से अलग और लोकप्रिय करती है। आम आदमी और व्यवस्था पर चोट करने वाले दुष्यंत कुमार के शेर, व्यवस्था पर चोट करते उनके शेर सड़कों से संसद तक गूंजतें है। शायद दुष्यंत कुमार अकेले ऐसे साहित्यकार होंगे, जिसके शेर सबसे ज्यादा बार संसद में पढ़े गए हों। सभाओं में नेताओं ने उनके शेर सुनाकर व्यवस्था पर चोट की हो। सरकार को जगाने और जनचेतना का कार्य किया हो। उन्होंने हिंदी गजल भी लिखी, पर वह इतनी प्रसिद्धि नहीं पा सकी, जितनी हिंदुस्तानी हिंदी में लिखी गजल लोकप्रिय हुई।

वो आदमी नहीं है मुकम्मल बयान है,
माथे पे उस के चोट का गहरा निशान है।
रहनुमाओं की अदाओं पे फिदा है दुनिया,
इस बहकती हुई दुनिया को संभालो यारो।
कैसे आकाश में सूराख नहीं हो सकता ,
एक पत्थर तो तबीअत से उछालो यारो।
यहां तो सिर्फ गूंगे और बहरे लोग बसते हैं,
खुदा जाने यहां पर किस तरह जलसा हुआ होगा,
गूंगे निकल पड़े हैं जबां की तलाश में,
सरकार के खिलाफ यह साजिश तो देखिए।
पक गई हैं आदतें बातों से सर होंगी नहीं,
कोई हंगामा करो ऐसे गुजर होगी नहीं।
आज मेरा साथ दो वैसे मुझे मालूम है ,



**अशोक मधूप**

पत्थरों में चीख हरगिज कारगर होगी नहीं।
इन ठिठुरती उंगलियों को इस लपट पर सेंक लो,
धूप अब घर की किसी दीवार पर होगी नहीं।
सिर से सीने में कभी पेट से पांव में कभी ,
इक जगह हो तो कहें दर्द इधर होता है।
मत कहो आकाश में कोहरा घना है,
यह किसी की व्यक्तिगत आलोचना है।
यह जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा,
मैं सज्दे में नहीं था, आपको धोखा हुआ होगा।
तुमने इस तालाब में रोहू पकड़ने के लिए,
छोटी–छोटी मछलियां चारा बनाकर फेंक दीं।
हम ही खा लेते सुबह को भूख लगती है बहुत
तुमने बासी रोटियां नाहक उठा कर फेंक दीं।

**गजल**

हो गई है पीर पर्वत सी पिंघलनी चाहिए,
अब हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए।
आज यह दीवार, परदों की तरह हिलने लगी,
शर्त थी लेकिन कि यह बुनियाद हिलनी चाहिए।
हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गांव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए।
सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशिश है कि यह सूरत बदलनी चाहिए।
मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही,
हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं यह उनके निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### जर्मनी में जुटे दस हजार फलस्तीन समर्थक

**बर्लिन।** जर्मनी के प्रमुख शहर फैंकफर्ट में शनिवार को फलस्तीन समर्थकों ने एक रैली निकाल कर अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन किया है। फैंकफर्टर अल्गोमाइन जितुंग अखबार ने बताया 'यूनाइटेड 4 गाजा' नाम से हुए इस प्रदर्शन में 10000 से जयादा फलस्तीन समर्थकों ने हिस्सा लिया। पहले अनुमान लगाया गया था कि इसमें 5000 तक लोग शिरकत कर सकते हैं लेकिन इस अटकल से दोगुनी भीड़ रैली में पहुंची।

### अफगान के कुंदुज़ प्रांत में हथियार, गोला-बारूद ज़ब्त

**काबुल।** अफगानिस्तान में सुरक्षाकर्मियों ने उत्तरी कुंदुज प्रांत में आतंकवाद विरोधी प्रयासों के तहत पिछले तीन महीनों में दर्जनों आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है। यह जानकारी अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को दी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रांतीय राजधानी कुंदुज और आसपास के नौ जिलों में चलाए गए अभियान में 16 पिस्तौल, विभिन्न मॉडलों की सात बन्दूकें, पांच पीके मशीन गन, एक कलाश्निकोव राइफल, 15 हथगोले, 12 रॉकेट राउंड और कारतूसों तथा गोलियों सहित बड़ी मात्रा में सैन्य उपकरण जब्त किया गया।

### यूक्रेनी संसद के पूर्व अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**कीव।** यूक्रेन की संसद के पूर्व अध्यक्ष एंड्री पारुबिय की शनिवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में गोली मारकर हत्या कर दी गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी अभियोजक जनरल कार्यालय ने कहा कि एक अज्ञात बंदूकधारी ने गोलीबारी की और 54 वर्षीय राजनेता की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पुलिस संदिग्ध की तलाश कर रही है।

# मोदी, पुतिन और जिनपिंग की गलबहियों से अमेरिकी मीडिया हैरान

**पीएम के चीन दौरे पर वर्ल्ड मीडिया की प्रतिक्रिया: सीएनएन और एनवाईटी ने कहा: ट्रम्प से नाराज जिनपिंग ताकत दिखा रहे**

## चीन ने रेड कॉर्पेट से मोदी का किया स्वागत



**बीजिंग।** पीएम मोदी 30 अगस्त को पूरे सात साल बाद चीन पहुंचे हैं। उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की मीटिंग से पहले आज चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे।

अब मोदी के इस दौरे से दोनों देशों के संबंध सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है। मोदी के चीन दौरे को दुनियाभर का मीडिया कवर कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने मोदी, जिनपिंग और पुतिन की तस्वीर के साथ रिपोर्ट में लिखा है कि शी जिनपिंग के लिए इससे बेहतर मौका शायद ही कोई हो सकता था। एक तरफ भारत के मोदी हैं, जिनके देश पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने ऊंचे टैरिफ लगाए हैं। दूसरी तरफ रूस के पुतिन हैं, जिन पर ट्रम्प की वजह से ही पश्चिमी देशों के प्रतिबंध कमजोर पड़ते दिख रहे हैं। अखबार लिखता है कि इस पूरे आयोजन के केंद्र में जिनपिंग हैं। वे भारत और अमेरिका के बीच तनाव को अपने लिए अवसर बना रहे हैं और पुतिन के साथ अपने पुराने गठबंधन को और मजबूती दे रहे हैं। यह सम्मेलन सिर्फ औपचारिक मुलाकात नहीं है। इसमें मध्य एशिया के 20 से ज्यादा नेता शामिल हो रहे हैं। इसके बाद बीजिंग में चीन अपनी नई मिसाइलों और युद्धक विमानों की सैन्य परेड भी करेगा। यह सब दर्शाता है कि शी इतिहास, कूटनीति और सेना की ताकत को मिलाकर दुनिया की उस व्यवस्था को बदलना चाहते हैं जिस पर अब तक अमेरिका का दबदबा रहा है। सीएनएन ने कहा कि ट्रम्प से नाराजगी के बीच, चीन में पुतिन-मोदी का रेड कार्पेट वेलकम। यह मोदी की सात साल में पहली चीन यात्रा है। मुलाकात से पहले दोनों ने हाथ मिलाया और कैमरों के सामने साथ खड़े होकर तस्वीरें खिंचवाईं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारत और चीन दोनों ही अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित हैं। जिनपिंग ने मोदी से कहा कि भारत और चीन के लिए सबसे सही रास्ता यही है कि वे अच्छे दोस्त और साझेदार बनें। दुनिया के दो सबसे ज्यादा आबादी वाले देश, जो अमेरिका के साथ अपने-अपने मतभेदों की वजह से दबाव झेल रहे हैं, अब एक-दूसरे के करीब आने की संभावना देख रहे हैं। बीबीसी: ट्रम्प के टैरिफ से परेशान भारत-चीन, ट्रेड को पटरी पर लाने की कोशिश में जुटे मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका ने भारत और चीन दोनों पर ऊंचे टैरिफ लगाए हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये टैरिफ भारत के निर्यात क्षेत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# ट्रम्प भारत से स्कूली बच्चों जैसा व्यवहार कर रहे: रिक सांचेज

**राष्ट्रपति ट्रम्प इतिहास से वाकिफ नहीं, अमेरिका के वरिष्ठ पत्रकार ने कसा तीखा तंज**



■ रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले की आलोचना करते हुए सांचेज ने कहा कि यह बेहद अहंकारी नीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वरिष्ठ पत्रकार रिक सांचेज ने भारत पर टैरिफ लगाने के लिए अपनी सरकार की तीखी आलोचना की है। सांचेज ने कहा है कि ट्रम्प सरकार को भारत के इतिहास और उसकी अहमियत का कोई अंदाजा नहीं है और यही वजह है कि वे बिना सोचे समझे फैसले ले रहे हैं।

सांचेज ने कहा कि ट्रम्प के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो द्वारा यूक्रेन युद्ध को मोदी का युद्ध कहने पर कहा कि उनका बयान पर हंसा ही जा सकता है। वे कोई बहुत बुद्धिमान व्यक्ति नहीं हैं और न ही वे कोई बड़े विचारक हैं। सांचेज ने कहा कि ग्लोबल साउथ के बारे में मेरे देश की समझ बहुत सीमित है। वे भारत के इतिहास, भारत और चीन के रिश्तों और रूस-यूक्रेन के रिश्तों के बारे में कुछ नहीं जानते। तभी वे मूर्खतापूर्ण बयान देते हैं। नव-रूढ़िवादी, हथियार उद्योग से जुड़े लोग ट्रम्प को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं ट्रम्प को अहसास है कि उन्होंने गलत मोड़ ले लिया है और यही वजह है कि ट्रम्प अब ग्लोबल साउथ और यूरोपीय संघ को बराबर महत्व देते दिखाई दे रहे हैं और संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले की आलोचना करते हुए सांचेज ने कहा कि यह बेहद अहंकारी नीति है। ट्रम्प प्रशासन भारत से स्कूली बच्चे जैसा व्यवहार कर रहा है। लेकिन भारत कोई स्कूली बच्चा नहीं है बल्कि एक बड़ी ताकत है। भारत का एक इतिहास है, उसके पास संसाधन हैं और काफी क्षमताएं हैं। भारत ने दुनिया के लिए जो किया है, वह बेहद अहम है। भारत का वैश्विक इतिहास में योगदान यूरोप और मेसोपोटामिया से बिल्कुल भी कम नहीं है। लेकिन जब आप उसे स्कूली बच्चा समझते हैं तो भारत अमेरिका को कहता है कि आप हमें नहीं बताएंगे कि हमें क्या करना है।

यह परिवर्तनकारी समय है। इतिहासकार जब पीछे मुड़कर देखेंगे तो ये वो पल होगा, जब दुनिया की महाशक्ति अमेरिका के प्रभुत्व में कमी आनी शुरू हुई। अब ताकत ग्लोबल साउथ की तरफ स्थानांतरित हो रही है, जिसमें भारत, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे देश हैं। अमेरिकी पत्रकार सांचेज ने ये भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष में मध्यस्थता का श्रेय ट्रम्प को नहीं दिया है, जिससे ट्रम्प निजी तौर पर भारत से नाराज हैं और 50 फीसदी टैरिफ लगाने के पीछे ये भी एक वजह है।

# भारत के अडिंग रुख से बौखलाए ट्रम्प



■ अमेरिकी राष्ट्रपति अब यूरोपीय देशों से भी भारत पर नई दिल्ली पर टैरिफ लगाने को कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत से चिढ़े हुए हैं। दरअसल वे अपने वादे के अनुसार, अभी तक रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं रुकवा पाए हैं और अब उन्होंने इसका ठीकरा भारत पर फोड़ना शुरू कर दिया है।

ट्रम्प का कहना है कि भारत द्वारा रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदा जा रहा है, जिससे यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषण मिल रहा है। इसी का बहाना बनाकर ट्रम्प ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। हालांकि उनका ये दांव भी फीका रहा और भारत पर इसका बहुत ज्यादा असर होता नहीं दिख रहा है। इससे ट्रम्प लग रहा है कि और चिढ़ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब ट्रम्प यूरोपीय देशों पर भी दबाव बना रहे हैं कि वे भी रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाएं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, व्हाइट हाउस ने यूरोपीय देशों से भारत पर रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका जैसे प्रतिबंध लगाने को कहा है, जिसमें नई दिल्ली से खरीदे जाने वाले सभी तेल और गैस पर पूरी तरह से रोक लगाना भी शामिल है। गौरतलब है कि यूरोपीय नेता भी यूक्रेन में युद्ध समाप्त कराने के पक्ष में हैं। हालांकि जहां अमेरिका का दावा है कि भारत रूसी तेल खरीद रहा है और उससे मुनाफा कमा रहा है।

### भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ रूस-चीन एकजुट

# ब्रिक्स की मजबूती पर दिया पुतिन ने जोर



**कहा: रूस-चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में रुकावट डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के प्रति साझा रुख अपनाया**

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रविवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में हिस्सा लेने के लिए चीन के तियानजिन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रूस और चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में रुकावट डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ साझा रुख अपनाया है।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ को दिए गए एक लिखित इंटरव्यू में पुतिन ने कहा कि रूस और चीन मिलकर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। साथ ही ब्रिक्स को वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए और सक्षम बना रहे हैं। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति की ये टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्रिक्स में अब ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और यूएई को भी शामिल है। पुतिन ने आगे कहा कि रूस और चीन आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार का समर्थन करते हैं। दोनों देश मानते हैं कि एक नया वित्तीय तंत्र बनना चाहिए जो खुलापन और सच्ची समानता जैसे सिद्धांतों पर आधारित हो और सभी देशों को बराबरी का मौका दे। पुतिन ने कहा कि हमें मानवता के लाभ के लिए प्रगति चाहिए। मुझे भरोसा है कि रूस और चीन मिलकर अपने महान देशों की समृद्धि के लिए काम करते रहेंगे। इसके साथ ही पुतिन ने उम्मीद जताई कि तियानजिन में हो रहा एससीओ शिखर सम्मेलन संगठन को नई ऊर्जा देगा और एक न्यायपूर्ण, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण में मदद करेगा।

# इजरायल ने दक्षिण लेबनान पर की भारी बमबारी

**बेरूत।** इज़रायली सेना ने रविवार को दक्षिणी लेबनान में जंगी जहाज, मिसाइल और ड्रोनों की मदद से कई हमलों को अंजाम दिया। एक सैन्य सूत्र ने कहा, इज़रायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में कई भारी हमले किए। उन्होंने आगे बताया कि हमले दक्षिणी शहर नबातियेह के बाहरी इलाके के हराज अली अल-ताहिर और अल-दब्शा इलाकों को निशाना बनाकर किए गए। लेबनानी अधिकारियों का कहना है कि नवम्बर 2024 में हुए युद्धविराम समझौते के बावजूद, इज़रायल लेबनान की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा है।

# नोबेल के लिए नॉमिनेट नहीं किया, तो भारत पर लगा टैरिफ

**न्यूयॉर्क टाइम्स का दावा, ट्रम्प बोले: पाक ने किया, भारत भी करे, इससे मोदी नाराज**

**डोनाल्ड ट्रम्प ने 17 जून को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की थी**

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बीच तनाव की असल वजह ट्रम्प की नोबेल प्राइज की ख्वाहिश है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रम्प ने 17 जून को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की थी।

इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने पर कितना गर्व है। इसके बाद ट्रम्प ने मोदी से कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नामिनेट करने वाला है। ट्रम्प ने इशारों में भारत से भी ऐसा करने को कहा। मोदी इससे नाराज हो गए थे। मोदी ने ट्रम्प से साफ कह दिया कि भारत-पाक के बीच हुए सीजफायर से अमेरिका का कोई लेना देना नहीं है। यह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रम्प ने मोदी की बात को अनदेखा कर दिया, जिससे दोनों नेताओं के बीच तल्खी बढ़ गई। इसके बाद से दोनों ने कोई बातचीत नहीं की। यह रिपोर्ट वाशिंगटन और नई दिल्ली में एक दर्जन से ज्यादा लोगों से हुई बातचीत पर आधारित है। इनमें से ज्यादातर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बात की। इन लोगों ने बताया कि ट्रम्प और भारत के बीच का रिश्ता दोनों देशों के लिए बड़े असर वाला हो सकता है। ट्रम्प की नीतियों से भारत-अमेरिका का रिश्ता कमजोर हो रहा है। वहीं, भारत अपनी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कदम उठा रहा है, लेकिन इसमें उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार अमेरिका नाराज हो रहा है। अखबार लिखता है कि मोदी ने कभी ट्रम्प को 'सच्चा दोस्त' कहा था, लेकिन अब उनके संबंध ठीक नहीं रहे। राष्ट्रपति कार्यालय से जुड़े लोगों के मुताबिक, मोदी को पहले बताया गया था कि ट्रम्प इस साल के अंत में क्वाड समिट में हिस्सा लेने भारत आएंगे, लेकिन अब ट्रम्प की भारत आने की कोई योजना नहीं है।



जकार्ता। संसद सदस्यों को दिए जाने वाले अत्यधिक भत्ते के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारियों पर पत्थर फेंकता एक प्रदर्शनकारी।

## यूएस टैरिफ से बचने के लिए नाइजीरिया में उत्पादन की पेशकश

**लागोस।** अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिससे भारत का करीब 49 अरब डालर का व्यापार प्रभावित होने की आशंका है। अब नाइजीरिया ने भारत के उद्योगों के सामने एक पेशकश की है। नाइजीरिया ने उसके लागोस मुक्त क्षेत्र (एलएफजेड) में निर्माण करने की पेशकश की है। लागोस मुक्त क्षेत्र से अमेरिका और दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों तक आसान पहुंच मिलती है। एलएफजेड की प्रबंध निदेशक और सीईओ अदेसुवा लाडोजा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ ने भारतीय कंपनियों खासकर, कपड़ा, चमड़ा और आटोमोबाइल के लिए कड़ी चुनौती पेश की है।

# गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ इजरायली हमले, 57 की मौत

**स्थानीय निवासियों ने बताया: उन्होंने जोरदार विस्फोटों और तेज गोलीबारी की आवाजें सुनीं**

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में कम से कम 57 फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

गाजा के नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि गाजा शहर में दो अपार्टमेंट और फलस्तीनियों के एक समूह को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। बसल ने बताया कि शहर के पश्चिम में अल-रिमल मोहल्ले में आवासीय अपार्टमेंट और चिकित्सा क्लीनिक वाली तीन मंजिला इमारत पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और बच्चों सहित कई अन्य घायल हो गए। बसल ने बताया कि शहर के उत्तर-पश्चिम में नस्र मोहल्ले में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजरायली हवाई हमले में पांच महिलाओं और पांच बच्चों सहित बारह लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि हवाई हमले में कई तंबू नष्ट हो गए और कुछ अन्य में आग लग गई। उन्होंने बताया कि शहर के दक्षिण में जतून मोहल्ले पर इजरायली हमलों में छह लोग मारे गए। फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शहर के शेख रादवान और सबरा इलाकों में आवासीय भवनों पर तड़के इजरायली छापे और बमबारी की भी सूचना दी, जिसके बीच इजरायली हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों ने तीव्र उड़ान भरी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने जोरदार विस्फोटों और तेज गोलीबारी की आवाजें सुनीं।

# यूक्रेन जंग पर भारत को निशाना बनाना गलत: एस. जयशंकर

**विदेश मंत्री ने कहा: हम बातचीत के हिमायती**



■ ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से 25% टैरिफ लगाया

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत हमेशा शांति और बातचीत की वकालत करता रहा है।

उन्होंने एक्स पर लिखा-आज फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बात हुई। हमने यूक्रेन जंग और इसके असर पर बात की। इस मामले में भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। हम बातचीत और डिप्लोमेसी के पक्ष में हैं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत पर रूसी तेल खरीद की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया है। ट्रम्प का कहना है कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है, जिस वजह से पुतिन को यूक्रेन जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारतीय विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब पीएम मोदी एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे हैं। यहां वो चीनी एससीओ समिट से इतर पीएम मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108